वर्ष- 12 अंक - 359 लखनऊ,
शनिवार 23 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 16 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बेहतरीन नगरीय अवस्थापना का मानक बनेंगी जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाएं 03

स्वच्छ और सुंदर छिबरामऊ हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट : ईओ 09

प्रधानमंत्री मोदी ने बोधगया से 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा

## बिहार के विकास के लिए सरकार कर रही काम

एजेंसी



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गयाजी जिला के बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बिजली, रेल, सड़क, स्वास्थ्य, आवास, जलापूर्ति, ग्रामीण एवं शहरी संरचना, कैंसर केयर, एकीकृत नदी संरक्षण सहित विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित बिहार के सभी केंद्रीय मंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री भी शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में किए गए विकास कार्यों की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास के लिए आज कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है। राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आज यहां से राज्यभर की बिजली, सड़क एवं नगर विकास से संबंधित 14 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है, यह बहुत बड़ी बात है। साथ ही दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। इनसब की लागत 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। इन सभी योजनाओं से बिहार को काफी फायदा होनेवाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा बेगूसराय के सिमरिया में नवनिर्मित गंगा पुल का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गयाजी एवं बोधगया में हर साल लाखों लोग आते हैं। पहले यहां बहुत बुरा हाल था। पहले की सरकार कोई काम ठीक से नहीं करती थी। हमलोगों की सरकार ने काम करना शुरू किया। यहां सभी इंतजाम करा दिए गए हैं।

गयाजी में फल्गू नदी में रबर डैम और सीता सेतु का निर्माण कराया गया है और बोधगया में महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र एवं विशिष्ट अतिथि गृह का निर्माण कराया गया है। पहले गया नाम था लेकिन हमलोगों ने इस शहर को गयाजी नाम दिया। नीतीश कुमार ने कहा कि केंद्र की भी इच्छा थी इसलिए हमलोगों ने तत्काल गया को गयाजी कर दिया। एक तरफ बोधगया और एक तरफ गयाजी है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने बिहार में कोई काम नहीं किया था। 24 नवम्बर 2005 को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार आई तो विकास का काम शुरू हुआ। हमलोग लगातार बिहार के विकास में लगे हुए हैं। अब यहां कानून का राज है। यहां तेजी से विकास हो रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली सभी क्षेत्रों में काम हो रहे हैं। हाल ही में कुछ और भी काम करवाए गए हैं, नये निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को पहले मिलने वाली पेंशन की राशि 400 रुपये थी, जिसे बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी गई है। इससे एक करोड़ 12 लाख लोगों को फायदा हो रहा है। वर्ष 2018 में हर घर बिजली पहुंचा दी गई, जिसे काफी कम पैसे में लोगों को दिया जा रहा था। लेकिन अब हमलोगों ने इस साल तय कर दिया कि अब सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली मुफ्त में दी जाएगी, जिसे जुलाई माह से प्रारंभ कर दिया गया है।

### एक करोड़ युवाओं को देगें नौकरी व रोजगार : नितीश

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में हम लोगों ने तय किया था कि 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देंगे। 10 लाख सरकारी नौकरी दे दी गई है और 10 लाख रोजगार बढ़ते-बढ़ते अब 39 लाख रोजगार हो गया है। इसको भी बढ़ाकर अब 50 लाख से भी ज्यादा करना है। अब हमलोगों ने तय कर दिया है कि आगामी 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। 2025 के केन्द्रीय बजट में बिहार के लिए मखाना बोर्ड, एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता आदि देने की घोषणा की गई। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन का जिम्मा पहले 6 राज्यों को मिल चुका था। लेकिन इस बार केंद्र सरकार ने बिहार को यह जिम्मा दिया, जो गौरव की बात है।

### कोलकाता को 5,200 करोड़ की योजनाओं की सौगात



मोदी ने मेट्रो की सवारी कर बच्चों और श्रमिकों से की बातचीत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता शुक्रवार को ऐतिहासिक पल का साक्षी बनी, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने नई मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाने के साथ ही खुद जेस्सोर रोड से जय हिंद विमानबंदर तक मेट्रो की सवारी की। इस यात्रा को खास बनाने वाली बात थी उनका आम लोगों, खासकर बच्चों और श्रमिकों से आत्मीय संवाद। मेट्रो में सवार प्रधानमंत्री ने स्कूली छात्रों से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), दैनिक जीवनचर्या और व्यायाम की अहमियत पर बात की। बच्चों ने उत्साह से अपने अनुभव साझा किए। केंद्रीय विद्यालय सॉल्ट लेक की छात्रा मुग्धा कुंडू ने कहा, प्रधानमंत्री जी से आमने-सामने बात करना किसी सपने से कम नहीं था। वहीं, श्रमजीवियों ने प्रधानमंत्री के सामने आधुनिक तकनीक से पिछड़ने की बात रखी। इस पर मोदी ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में सबसे पहले श्रमिकों को ही नई तकनीक से परिचित कराया जाएगा।


## मानसून सत्र में लोकसभा में बारह विधेयक पारित हुए : ओम बिरला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मानसून सत्र में 14 विधेयक पुरःस्थापित किए गए तथा कुल 12 विधेयक पारित किए गए। श्री बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले गुरुवार को अपने वक्तव्य में कहा कि इस सत्र में 14 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए तथा कुल 12 विधेयक पारित किए गए। गत 28 और 29 जुलाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा हुई, जिसका समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर के साथ हुआ। 18 अगस्त को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा आरंभ की गयी।

उन्होंने कहा कि इस सत्र में कार्यसूची में 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे, किंतु लगातार नियोजित व्यवधान के कारण केवल 55 प्रश्न ही मौखिक उत्तर हेतु लिए जा सके। हम सभी ने सत्र के प्रारंभ में तय किया था कि हम इस सत्र में 120 घंटे चर्चा और संवाद करेंगे। कार्य मंत्रणा समिति में भी इस पर सहमति थी लेकिन लगातार गतिरोध और नियोजित व्यवधान के कारण हम मुश्किल से 37 घंटे ही इस सत्र में काम कर पाए।

अध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में हमारे आचरण और कार्यप्रणाली को पूरा देश देखता है। जनता की हमसे बड़ी उम्मीद रहती है कि हम उनकी समस्याओं और व्यापक जनहित के मुद्दों पर, महत्वपूर्ण विधेयकों पर, संसद की मर्यादा के अनुरूप गंभीर और सार्थक चर्चा करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा अथवा संसद परिसर में नारेबाजी करना, तख्तियां दिखाना और नियोजित गतिरोध संसदीय मर्यादा को आहत करता है। इस सत्र में जिस प्रकार की भाषा और आचरण देखा गया, वह संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें।



### मानसून सत्र का सत्रावसान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को संसद के मानसून सत्र का सत्रावसान कर दिया। 21 अगस्त को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी थी। मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ था। इस सत्र में 32 दिनों में 21 बैठकें हुईं। संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार इस दौरान 12 विधेयक लोकसभा और 15 विधेयक राज्यसभा में पारित किए गए। संसद के दोनों सदनों द्वारा कुल 15 विधेयक पारित किए गए। इसके अलावा लोकसभा में एक विधेयक वापस लिया गया। उल्लेखनीय है कि सत्रावसान संसद के एक सत्र की औपचारिक समाप्ति है। यह संसद के कार्य को समाप्त करता है और संसद के नए सत्र की शुरुआत से पहले की अवधि को संदर्भित करता है, जो एक समारोह के साथ शुरू होता है। सत्रावसान के बाद संसद की कार्यवाही, विधेयक, प्रश्न और अधिकांश संसदीय कार्य समाप्त हो जाते हैं, जब तक कि नया सत्र शुरू नहीं होता।

### राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी और एक महीने तक चले सत्र के दौरान हंगामे के कारण ज्यादातर समय कार्यवाही बाधित रही तथा केवल 38.88 प्रतिशत कामकाज हो सका। इसके साथ ही 21 अगस्त को शुरू हुआ संसद का मानसून सत्र संपन्न हो गया। उप सभापति हरिवंश ने कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले अपने समापन वक्तव्य में सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कहा कि 268 वें सत्र के दौरान सदस्यों के हंगामे के कारण कुल मिलाकर सदन केवल 41 घंटे 15 मिनट ही चला। उन्होंने कहा कि इस सत्र में केवल 38.88 प्रतिशत कामकाज हुआ जो निराशाजनक है और इस पर गंभीर आत्मनिरीक्षण किये जाने की जरूरत है। सत्र के दौरान सदस्यों को 285 प्रश्न, 285 शून्यकाल विषय और 285 विशेष उल्लेख उठाने का अवसर था लेकिन केवल 14 प्रश्न, 7 शून्यकाल विषय और 61 विशेष उल्लेख ही वास्तव में लिए जा सके जो सदन की पूरी क्षमता से कार्य करने की क्षमता का एक अंश मात्र हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रॉनिल विक्रमसिंघे गिरफ्तार

**श्रीलंका।** पूर्व राष्ट्रपति को सीआईडी ने किया गिरफ्तार कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार कर लिया है। वे सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप को लेकर कोलंबो स्थित सीआईडी कार्यालय में बयान दर्ज कराने गए थे, जहां उनको गिरफ्तार कर लिया गया। श्रीलंकाई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह जांच सितंबर 2023 में उनकी लंदन यात्रा से संबंधित है, जहां वे अपनी पत्नी, प्रोफेसर मैत्री विक्रमसिंघे के वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए थे। जांचकर्ताओं का दावा है कि इस यात्रा और सुरक्षा खर्चों के लिए सरकारी धन का उपयोग किया गया था।

### उद्योगपति स्वराज पॉल का निधन, पीएम ने जताया शोक

**नयी दिल्ली।** ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय मूल के प्रमुख उद्योगपति स्वराज पॉल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच घनिष्ठ संबंधों को प्रोत्साहन देने में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। लॉर्ड स्वराज पॉल का बृहस्पतिवार शाम लंदन में निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, स्वराज पॉल के निधन से गहरा दुख हुआ। ब्रिटेन में उद्योग, परमार्थ कार्यों और जनसेवा में उनके योगदान और भारत के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए उनके अटूट समर्थन को हमेशा याद रखा जाएगा।

### मिजोरम में 75 करोड़ की मेथ बरामद, 8 तस्कर गिरफ्तार

**आइजोल (मिजोरम)।** मिजोरम में नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्पाद एवं आबकारी विभाग ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और सीमा सुरक्षा बल की 191 बटालियन की मदद से 75 करोड़ की मेथामफेटामाइन और हेरोइन बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि यह कार्रवाई नेशनल हाईवे-06 पर की गई। अधिकारियों के अनुसार, केइफांग और सेलिंग के बीच तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें दो ट्रकों के विशेष रूप से बने गुप्त खांचों से 49.101 किलो मेथामफेटामाइन और 36 ग्राम हेरोइन मिली। यह खेप म्यांमार से लाई गई थी और आगे तस्करी की योजना थी।

### कॉमेडियन जसविंदर भल्ला का 65 साल की उम्र में निधन

**चंडीगढ़।** प्रसिद्ध पंजाबी अभिनेता जसविंदर भल्ला का शुक्रवार सुबह मोहाली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके एक पारिवारिक मित्र ने यह जानकारी दी। भल्ला 65 वर्ष के थे। कुछ दिन पहले बीमार होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भल्ला को कैरी ऑन जट्टा, माहौल ठीक है, जट्ट एयरवेज और जट्ट एंड जूलियट 2 जैसी पंजाबी फिल्मों में उनके किरदारों के लिए जाना जाता है।

## संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश नाकाम, सुरक्षाकर्मियों ने युवक को दबोचा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा में एक बार फिर सेंध लगाने की कोशिश हुई। सुरक्षाकर्मियों ने संसद भवन की सीमा दीवार के पास शुक्रवार सुबह करीब 5.50 बजे अंदर घुसने की कोशिश कर रहे एक युवक को पकड़ा।

नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान राम (20) के रूप में हुई है। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा है। वह अपना नाम भी सही तरह से बता नहीं पा रहा है। वहीं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार युवक दीवार फांदकर परिसर के अंदर कैसे गया, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर पूरे मामले की जांच कर रही है। इसके पहले 13 दिसंबर 2023 को भी संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने का एक मामला सामने आया था। उस दौरान संसद की कार्यवाही के दौरान कुछ लड़के संसद भवन में घुस गए थे। सुरक्षा में इस बड़ी चूक को देखते हुए संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को दी गई थी।

## ई-बस खरीद में 'मेड इन यूपी' को प्राथमिकता

यात्री सुरक्षा, सुविधा और राजस्व वृद्धि पर विभाग करे हरसंभव प्रयास : योगी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में ई-बसों की खरीद में 'मेड इन यूपी' को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा आगे से खरीदी जाने वाली बसें यथासंभव उत्तर प्रदेश में ही निर्मित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम राज्य की औद्योगिक प्रगति को गति देगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को परिवहन विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया कि बस स्टेशनों के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। यात्रियों की सुविधा सर्वोपरि हो और सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को प्रोत्साहन देने और राजस्व वृद्धि के लिए हर संभव प्रयास करने पर बल दिया। बैठक में प्रस्तुतिकरण के दौरान बताया गया कि रोडवेज 23 बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर विश्वस्तरीय टर्मिनल के रूप में विकसित कर रहा है। दूसरे चरण में 54 अतिरिक्त बस स्टेशनों का विकास प्रस्तावित है, जबकि 50 बस स्टेशनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यूपीएसआरटीसी 8 शहरों में इलेक्ट्रिक डिपो भी स्थापित कर रहा है, जहाँ 240 किलोवाट क्षमता के 4 से 8 यूनिवर्सल चार्जर लगाए जाएंगे।


मुख्यमंत्री ने सुगम आवागमन के लिए नए रूट चिन्हित करने और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के अवसर पर माताओं-बहनों और उनके एक सहयात्री को तीन दिन तक निःशुल्क यात्रा की सुविधा का लाभ 78 लाख से अधिक लोगों द्वारा लिए जाने पर प्रसन्नता जताई।

### फिजी के पीएम राबुका तीन की यात्रा पर आएंगे भारत

**नयी दिल्ली।** फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका आगामी रविवार को भारत की तीन दिन की यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि उनके साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी आएंगी। फिजी के प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। श्री राबुका की प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली भारत यात्रा होगी। वह 25 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी गणमान्य अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे। श्री राबुका का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात का कार्यक्रम है।

## राजग शासित राज्यों में अल्पसंख्यक व उनके संस्थान पूरी तरह सुरक्षित

एजेंसी



**कोच्चि।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वस्त किया कि देश के सभी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में अल्पसंख्यक समुदाय और उनके संस्थान पूरी तरह से सुरक्षित हैं। शुक्रवार को केरल के कोच्चि में कंदाथिल परिवार की ओर से आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बिहार में कथित वोट चोरी और एसआईआर को लेकर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। छत्तीसगढ़ में कथित धर्मांतरण में शामिल केरल की दो ईसाई ननों की गिरफ्तारी और बाद में मिली जमानत का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने देश के अल्पसंख्यकों को आश्वस्त किया कि वे ऐसी घटनाओं से आशंकित न हों। उन्होंने तथ्यों और आंकड़ों के साथ बताया कि एनडीए शासित देश के सभी राज्यों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग और उनके संस्थान पूरी तरह सुरक्षित हैं।अमित शाह ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के प्रावधान वाले विधेयक को लेकर भी कांग्रेस पर हमला बोला।

### बिहार में हटाए गए मतदाता आधार कार्ड के साथ भरें ऑनलाइन फॉर्म : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार की मतदाता सूची से हटाए गए मतदाताओं को आधार कार्ड के साथ ऑनलाइन फॉर्म भरने की शुक्रवार को अनुमति देते हुए राजनीतिक दलों से ऐसे लोगों की मदद करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख मतदाता फॉर्म 6 या आधार कार्ड जैसे 11 दस्तावेजों में से किसी एक के साथ ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। पीठ ने इस बात पर हैरानी जतायी कि राजनीतिक दलों के 1.68 लाख बूथ स्तर के एजेंट ने हटाए गये मतदाताओं के नाम के संबंध में अब तक सिर्फ दो आपत्तियां ही दर्ज की हैं।

## कुशीनगर से लखनऊ, वाराणसी व प्रयागराज के लिए भर सकेंगे उड़ान

समृद्धि न्यूज

असम की विमानन कंपनी जेटविंग्स को मिला उड़ान का लाइसेंस

**कुशीनगर।** कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से यात्री अब लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी के लिए भी उड़ान भर सकेंगे। असम की विमानन कंपनी जेटविंग्स को आरसीएस के तहत उड़ान का लाइसेंस मिला है।

उड़ान की समय सारणी की घोषणा विंटर शिड्यूल में घोषित होगी। उड़ान सेवा के लिए कंपनी ने 80 सीटर बॉम्बार्डियर विमान की खरीद की है। एयरपोर्ट निदेशक प्राणेश राय ने बताया कि जेटविंग्स को लाइसेंस मिला है। विंटर शिड्यूल में समय सारणी आने की उम्मीद है। बहुत जल्द एयरपोर्ट पूरी तरह क्रियाशील हो जाएगा। देश के साथ-साथ बड़े शहरों के लिए भी उड़ान होगी। आरसीएस स्कीम के तहत एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस नवसृजित रूट पर निविदा आमंत्रित की थी। विमानन कंपनी इंडिगो ने भी निविदा में प्रतिभाग किया था। 11 जुलाई को सम्पन्न निविदा में स्पाइस जेट को निविदा प्राप्त करने में सफलता मिली। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे देश के बड़े शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू करने के लिए इंडिगो, आकासा जैसी बड़ी कंपनियों से संपर्क साधा है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव : एनडीए और विपक्ष के उम्मीदवारों का नामांकन मंजूर

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी इंडी गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के नामांकन स्वीकार कर लिए गए हैं। राज्यसभा सचिवालय की ओर से इस संबंध में जानकारी दी गई। इसके अनुसार महासचिव एवं उपराष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचन अधिकारी पीसी मोदी ने दाखिल नामांकन का विश्लेषण कर सीपी राधाकृष्णन और बी सुदर्शन रेड्डी का नामांकन वैध पाया और इन्हें स्वीकार कर लिया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के साथ 7 अगस्त से उपराष्ट्रपति निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

## 'मच्छर टर्मिनेटर रेलगाड़ी' का नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से शुभारंभ



समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली मण्डल, उत्तर रेलवे और नगर निगम दिल्ली की संयुक्त पहल 'मच्छर टर्मिनेटर रेलगाड़ी' का शुक्रवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य दिल्ली क्षेत्र में रेलवे पटरियों के किनारे मच्छरों को बढ़ने से रोकना है।

दिल्ली के महापौर राजा इक़बाल सिंह ने रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर दिल्ली मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक पुष्पेश रमन त्रिपाठी तथा मण्डल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। मच्छर टर्मिनेटर ऑन व्हील्स प्रत्येक यात्रा में लगभग 50 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस ट्रेन की परिकल्पना रेलवे पटरियों के किनारे बने गड्ढों में मच्छरों के बढ़ने को नियंत्रित एवं कम करने के उपाय के रूप में की गई है, ताकि जनस्वास्थ्य को बढ़ावा दिया जा सके और विशेषकर रेलवे पटरियों से लगे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

बयान

भारत ने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की दिशा में भी कदम आगे बढ़ाए

## फ्रांस की साझीदारी में स्वदेशी लड़ाकू जेट इंजन विकसित करेगा भारत

अगली पीढ़ी के इंजन को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ ने किया खुलासा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अगली पीढ़ी के लड़ाकू जेट इंजन को लेकर उहापोह के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को बड़ा खुलासा किया है कि भारत इंजन विकसित करने के लिए फ्रांस की कंपनी सफ्रान के साथ साझीदारी करेगा।

उन्होंने कहा कि हमने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की दिशा में भी कदम आगे बढ़ाने के साथ ही 97 एलसीए मार्क-1ए विमानों के ऑर्डर को मंजूरी दे दी गई है, जिसका मूल्य लगभग 66 हजार करोड़ रुपये है। केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को वायु सेना के लिए 97 और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-1ए लड़ाकू विमान खरीदने को मंजूरी दी है। इससे पहले 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट के सौदे पर 03 फरवरी, 2021 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ हस्ताक्षर हुए थे। इस तरह 97 विमानों का ऑर्डर दिए जाने के बाद एचएएल में भारतीय वायु सेना के लिए कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए का सौदा होने के समय अनुबंध के मुताबिक 2023 से आपूर्ति शुरू होनी थी और 2027 तक पूरे 83 विमान वायु सेना को मिलने थे। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर उत्पादन की गति दोगुनी करते हुए प्रति वर्ष 30 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है। साथ ही केंद्र सरकार ने स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के मकसद से भारत में बनने वाले पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। हालांकि, शुरुआती एएमसीए मॉडल में अमेरिका निर्मित जीई 414 इंजन का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन स्वदेशी इंजन का विकास होने के बाद लड़ाकू जेट इंजन तकनीक में आत्मनिर्भरता आएगी।

### वर्ष के अंत तक होगी शेष जीई-404 इंजन की आपूर्ति

विमानों की आपूर्ति में देरी के कारण वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की आलोचना का सामना करने के बावजूद इस विमान के लिए इंजन का मुद्दा बेचैन करने वाला है, क्योंकि लंबे इंतजार के बाद भारत को अमेरिका से अभी तक सिर्फ दो जीई-404 इंजन मिल पाए हैं और बाकी के लिए आपूर्ति का इंतजार है। हालांकि, अमेरिका ने इसी साल के अंत तक 12 और 2026 में 20 इंजनों की डिलीवरी करने का भरोसा दिया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद लड़ाकू जेट के निर्माण में तेजी लाने की योजना बनी। रक्षा मंत्रालय ने पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ लड़ाकू विमान का इंजन विकसित करने के लिए फ्रांस के साथ साझीदारी का सुझाव केंद्र सरकार को दिया है। इस पर भारत ने फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के साथ भी इंजन निर्माण में साझेदारी के वार्ता शुरू की।

# बेहतरीन नगरीय अवस्थापना का मानक बनेंगी जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाएं : मुख्यमंत्री

## जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं में गौरव पथ, स्मार्ट क्लासरूम, ईवी स्टेशन व डिजिटल सेवाएं होंगी विकसित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट और विकसित नगर पालिका के रूप में विकसित करने की योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट-विकसित नगर पालिका योजना का उद्देश्य जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को आधुनिक, आत्मनिर्भर और नागरिक-केंद्रित स्वरूप में विकसित करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस पर यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि योजना के अंतर्गत नगर पालिकाओं में गौरव पथ, पिंक टॉयलेट, शहरी सुविधा केंद्र, स्मार्ट क्लासरूम व आंगनबाड़ी, थीम आधारित पार्क, ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण, जलाशयों का पुनर्जीवन, ईवी चार्जिंग स्टेशन, ग्रीन क्रेमेटोरियम और डिजिटल सेवाओं जैसी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए उत्सव भवन, सामुदायिक केंद्र और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' आधारित ढाँचे भी स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर लागू किया जा सकता है। उदाहरणस्वरूप, लखनऊ और गोरखपुर स्थित एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर से समीपवर्ती जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को जोड़ा जा सकता है। इससे नगर पालिकाओं को सुरक्षा, निगरानी और शिकायत निवारण जैसी सेवाओं में आधुनिकता मिलेगी तथा संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक नगर पालिका में परियोजनाओं का चयन स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर किया जाए और वित्तीय संसाधनों का आवंटन नगर निकायों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के अनुसार किया जाए। नगर निकायों को 4 करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक का अनुदान उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव है, जो उनकी जनसंख्या और कार्यदक्षता पर आधारित होगा।

### 200 इलेक्ट्रिक बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मोड पर संचालित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत

बैठक में लखनऊ और कानपुर में 200 इलेक्ट्रिक बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मोड पर संचालित करने तथा अन्य नगरों में 650 बसों की प्रत्यक्ष खरीद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और इसके लिए आवश्यक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर भी शीघ्र तैयार किया जाए। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्देश में मुख्यमंत्री ने सभी नगर निगमों में निवासियों के विविध कर बकाये में विसंगतियों के तत्काल समाधान पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अभियान चलाकर लोगों से आपत्तियां आमंत्रित की जाएं और समाधान शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याओं का यथोचित व संतुष्टिपरक समाधान कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी नगर निकायों के पास अपना भवन होना चाहिए। बैठक में नगर निकायों की वित्तीय स्वीकृति सीमाओं को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि बीते लगभग 20 वर्षों से इन सीमाओं में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 74वें संविधान संशोधन की भावना के अनुरूप नगर निकायों को अधिक वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार मिलने चाहिए।

### बहुउद्देश्यीय खेल परिसर की स्थापना के भी निर्देश

नगर आयुक्त, महापौर, कार्यकारिणी समिति तथा नगर निगम बोर्ड की वित्तीय स्वीकृति सीमाओं का तत्काल विस्तार किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने लखनऊ में शहीद चंद्रशेखर आज़ाद अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज एवं बहुउद्देश्यीय खेल परिसर की स्थापना के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को पीपीपी मोड पर प्राथमिकता के साथ प्रारम्भ किया जाए, जिससे प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिले और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हों।

## खबरें एक नजर में

### तीन घरों से सोने-चांदी के जेवर और नकदी ले उड़े चोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के महिगंवा थाना क्षेत्र के इंदारा गांव में गुरुवार की देर रात हथियारबंद चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया। चोर कच्छा-बनियान पहने और बंदूक लेकर आए थे। शिवकुमार सिंह के घर से एक जोड़ी झुमकी, एक माला और 6-7 हजार रुपए चुराए गए। रमेश के घर से चोरों ने दो बक्सों की कुंडी तोड़कर चार सोने की माला, एक जोड़ी चांदी की पायल, तीन नाक की कील, एक जोड़ी कान के टप्स, एक मांग टीका, एक नथनी, एक जोड़ी सोने की झुमकी और चांदी की कमर पेटी चुराई। रामनरेश के घर से चोरों ने एक बक्से का ताला तोड़कर चार चांदी की कमर पेटी, दो जोड़ी सोने की झुमकी, करीब 10 ग्राम वजन का सोने का हार, सात जोड़ी चांदी की पायल, पांच नाक की कील, चार जोड़ी चांदी की बिछिया, चांदी की 2 चेन और लगभग 7000 रुपए नकद चुरा लिए। कुछ अन्य घरों में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीणों के जाग जाने पर चोर भाग निकले। पीड़ित रमेश ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 14 साल के लड़के ने सुसाइड किया, परिवार में मचा कोहराम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में 14 साल के लड़के ने सुसाइड कर लिया। परिजनों ने बताया कि उसने सुबह पिता से बोला था- वह स्कूल नहीं जाएगा। उसकी तबीयत खराब है। स्कूल टाइम से कुछ देर बाद उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना तकरोही इलाके की है। यहां बाराबंकी जिले के जहांगीराबाद के अमरेश कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके 14 वर्षीय बेटे राज ने सुबह फंदा लगाकर जान दे दी। राज कक्षा-7 में पढ़ रहा था। वह 3 भाइयों में सबसे बड़ा था। परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, राज ने स्कूल जाने से मना करने के बाद अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब परिजन उसे देखने गए, तो वह फंदे से लटका मिला। आनन-फानन में उसे लोहिया अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राज तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके छोटे भाई मुन्ना और सूर्या भी पढ़ाई कर रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

### रुक-रुककर हो रही बारिश, भीगते हुए घर पहुंचे स्कूली बच्चे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में रुक-रुककर बारिश हो रही है। आसमान में बादल छाए हैं। ठंडी हवाएं चल रही हैं। कई इलाकों में जलभराव हो गया है। स्कूलों में छुट्टी के समय बारिश होने से बच्चों और अभिभावकों को परेशानी हुई। कई बच्चे भीगते हुए घर पहुंचे। शुक्रवार सुबह से बादल छाए रहे। सुबह करीब 11 बजे से रुक-रुककर बारिश होने लगी। गोमती नगर, हजरतगंज, पीजीआई, इंदिरा नगर, आलमबाग, कैंट इलाके में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास दर्ज किया जाएगा। गुरुवार को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 0.3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम आर्द्रता 88 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 67 फीसदी रही। दिन में 0.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

### राजकीय आईटीआई के चतुर्थ चरण में प्रवेश को 24 तक आवेदन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में सत्र 2025 के चतुर्थ चरण में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को 24 अगस्त सायं 5 बजे तक आवेदन जमा करने का अवसर प्रदान किया गया है। यह सुविधा उन अभ्यर्थियों के लिए भी उपलब्ध है जिन्होंने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन किया है, लेकिन किसी कारणवश प्रवेश नहीं ले सके अथवा चयनित न हो पाए। अभ्यर्थियों को अपना प्रार्थना पत्र, ऑनलाइन आवेदन पत्र, रैंक पत्र, आधार कार्ड एवं शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र सहित जनपद के किसी भी राजकीय आईटीआई में उपस्थित होकर आवेदन करना होगा। चतुर्थ चरण की मेरिट सूची 25 अगस्त को जारी की जाएगी। चयनित अभ्यर्थी अपने मूल अभिलेखों एवं उनकी छायाप्रतियों के साथ 26 अगस्त सायं 5 बजे तक संबंधित संस्थान में प्रवेश ले सकेंगे।

### सीएमएस में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय संगीत सम्मेलन दूसरा दिन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगीत सम्मेलन के दूसरे दिन आज श्रीलंका, नेपाल एवं देश के विभिन्न राज्यों से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने अपनी गायन प्रतिभा का ऐसा जलवा बिखरा कि सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम का सम्पूर्ण वातावरण संगीतमय हो गया और दर्शक भी छात्रों की अद्भुद प्रतिभा के कायल हो गये। देश-विदेश के इन प्रतिभागी छात्रों ने समूह गान एवं एकल गायन में गहरी सोच, रचनात्मकता व संगीत ज्ञान का प्रदर्शन किया। विदित हो कि अन्तर्राष्ट्रीय संगीत सम्मेलन का आयोजन 21 से 24 अगस्त तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से पधारे लगभग 500 बाल संगीतज्ञ विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं में अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। संगीत सम्मेलन में आज प्रतियोगिताओं का सिलसिला आज प्रातः समूह गान प्रतियोगिता से हुआ, जिसमें देश-विदेश से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने अपनी कला का भरपूर प्रदर्शन किया।

#### यूपीसीडा व सीईएल के बीच करार, सशक्त और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश को साकार करने की दिशा में एक और बड़ा कदम

# सौर ऊर्जा व ई-वाहन चार्जिंग पर होगा फोकस

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सशक्त और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश को साकार करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) और सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) ने सतत (सस्टेनेबल) और स्मार्ट औद्योगिक अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार से यूपी न केवल पर्यावरण-अनुकूल औद्योगिक विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा, बल्कि नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को भी हासिल करने की ओर अग्रसर होगा। इस एमओयू पर यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मयूर महेश्वरी और सीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) चेतन प्रकाश जैन ने हस्ताक्षर किए।

मुख्यमंत्री योगी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि उद्योग विकास केवल उत्पादन तक सीमित न हो, बल्कि पर्यावरण की रक्षा और नई तकनीकों के उपयोग के साथ आगे बढ़े। इस करार से यूपीसीडा की विकासात्मक दृष्टि और सीईएल की तकनीकी विशेषज्ञता मिलकर राज्य के औद्योगिक ढांचे को नई ऊंचाई देंगे। यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी ने कहा कि यह साझेदारी पर्यावरण अनुकूल, तकनीकी रूप से उन्नत और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप औद्योगिक हब विकसित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### समझौते के प्रमुख बिंदु

**नवीकरणीय ऊर्जा समाधान :** औद्योगिक क्षेत्रों में छतों और भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए सौर स्ट्रीट लाइटिंग, हाइब्रिड सिस्टम और ऊर्जा भंडारण तकनीकों का विकास होगा।
आईटी और स्मार्ट अवसंरचना-स्मार्ट सर्विलांस (सीसीटीवी), एक्सेस कंट्रोल, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और केंद्रीकृत मॉनिटरिंग डैशबोर्ड से औद्योगिक क्षेत्रों को सुरक्षित और हाई-टेक बनाया जाएगा। वाई-फाई जोन, आईओटी आधारित एसेट ट्रैकिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी स्मार्ट सिटी तकनीकें भी शामिल होंगी।

**ई-वाहन अवसंरचना :** औद्योगिक क्षेत्रों में ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे, जिन्हें नवीकरणीय ऊर्जा से एकीकृत कर सतत परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

**अवसंरचना उन्नयन एवं आधुनिकीकरण :** औद्योगिक क्षेत्रों में सिविल, यांत्रिक और विद्युत अवसंरचना का आधुनिकीकरण होगा। हरित भवन, जल संरक्षण और ऊर्जा दक्ष तकनीकों पर विशेष बल दिया जाएगा।

**क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण :** उद्योगों और हितधारकों के लिए प्रशिक्षण, कार्यशालाएं और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। सर्वोत्तम प्रथाओं और दिशानिर्देशों का प्रकाशन होगा। परामर्श एवं नीति सहयोग-तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन, डीपीआर और निवेश परामर्श तैयार किए जाएंगे। हरित और स्मार्ट औद्योगिक विकास के लिए नीति सुझाव भी दिए जाएंगे।

### पांच दिवसीय अलीगंज गणेश उत्सव 27 से, तैयारियां तेज

**लखनऊ।** अलीगंज का राजा गणेश पूजा सेवा समिति की ओर से 13 वां श्री गणेश जन्मोत्सव का आयोजन 27 से 31 अगस्त तक गुलाब वाटिका अपार्टमेंट नेहरू बाल वाटिका पार्क के पास, अलीगंज मे किया जायेगा। संरक्षक राज कुमार सिंघल, महेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मनोज मिश्रा ने बताया कि गणेशोत्सव की तैयारियां तेजी शुरू हो गई है। अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, महामंत्री शरद तिवारी ने बताया कि इस बार बप्पा का दरबार आपरेशन सिंदूर की थीम पर तैयार हो रहा है। भगवान् गणेश की मूर्ति मुंबई से आयेगी। मूर्ति 26 अगस्त को पंडाल मे पहुंचेगी। इस बार बप्पा की मूर्ति चार फीट की होगी। मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि पंडाल सजाने के लिए कोलकाता से करीब एक दर्जन कारीगर पिछले 20 दिनों से बप्पा का दरबार तैयार कर रहे हैं।

## लखनऊ नगर निगम कार्यकारिणी की उपाध्यक्ष बनीं चरणजीत गांधी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में आज भाजपा पार्षद चरणजीत गांधी को उपाध्यक्ष चुना गया। मेयर सुषमा खर्कवाल ने इसकी घोषणा की। वह मोतीलाल नेहरू वार्ड से लगातार दूसरी बार पार्षद हैं। उनके पति राजू गांधी भी दो बार के पार्षद रह चुके हैं।

कार्यकारिणी सदस्य भृगुनाथ शुक्ला ने बैठक में खराब जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, खस्ताहाल सड़क, सदन नहीं चलने और सफाई व्यवस्था का मुद्दा उठाया। इस दौरान मेयर से उनकी तीखी बहस हुई। भृगुनाथ शुक्ला ने कहा कि शहर की सड़कों से बजरी उड़ रही। वीआईपी इलाकों का बुरा हाल है। व्यवस्था ध्वस्त हुई पड़ी है। अधिकारी काम में लापरवाही बरत रहे हैं। मेयर ने कहा कि आसियान देशों संगठन ने भी नगर निगम की सफाई व्यवस्था की तारीफ की है, फिर भी आप सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम का सदन चलाने का निर्णय करना उनके अधिकार क्षेत्र में है। दरअसल, 12 सदस्य पूरे होने के बाद कार्यकारिणी की यह पहली बैठक हुई।

### गेस्ट हाउस में मिला युवक का शव

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गेस्ट हाउस में एक युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। युवक की पहचान 35 वर्षीय आशीष कुमार सिंह के रूप में हुई। वह ग्राम देवापुर थाना बरौनी जिला गोपालगंज, बिहार के रहने वाले थे। घटना वजीरगंज थाना क्षेत्र के गंगा प्रसाद रोड मौलवीगंज के अल नजीब गेस्ट हाउस की है। आशीष 19 अगस्त को शाम 4 बजे गेस्ट हाउस में चेकइन किया था। 21 अगस्त की शाम करीब 4 बजे गेस्ट हाउस का कर्मचारी मोहम्मद नसीम ने दरवाजा खोलकर आवाज दी, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। इस पर मामले की पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने देखा आशीष की मौत हो चुकी है। इस पर पुलिस ने आशीष के परिजनों को सूचना दी।

## अहम कदम : राजस्व भू-मानचित्र अब होगा सुलभ

**▸ यूपी में पुश्तैनी जमीन को लेकर राजस्व विभाग बना रहा पारदर्शी व्यवस्था**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पुश्तैनी जमीन के नक्शे से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए राजस्व विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। लंबे समय से लोगों को तहसील और संबंधित विभागों के चक्कर लगाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था लेकिन अब कई सुधार किए गए हैं जिससे जनता को सीधे लाभ होगा। पुश्तैनी जमीन का नक्शा प्राप्त करना आसान होगा।

पुराने नक्शों के नष्ट होने या अनुपलब्ध रहने की स्थिति में इसे नए सिरे से बनवाने की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य जमीन के सही विवरण को सुरक्षित रखना और लोगों को बिना ज्यादा परेशानियों के नक्शा उपलब्ध कराना है। राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव एसवीएस रंगाराव ने डीएम को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के तहत तहसील एवं जिला स्तर पर राजस्व अभिलेखों की जांच और संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भू-मानचित्रों की जांच कर उनकी सुरक्षा का भी प्रावधान किया गया है।यदि किसी भी गांव का भू-मानचित्र तहसील, जिला या राजस्व परिषद के पास उपलब्ध नहीं होता है तो इसके पुनर्निर्माण के लिए तत्काल कार्रवाई की जाएगी। निदेशक मुद्रण एवं लेखन सामग्री, प्रयागराज से संपर्क कर नक्शे प्राप्त करने का प्रयास होगा। अगर वहां भी नक्शे उपलब्ध नहीं होते, तो संबंधित क्षेत्रों के भू-मानचित्र बनाए जाएंगे और सुरक्षित रखे जाएंगे। सबसे बड़ी राहत यह है कि जो भी व्यक्ति अपनी पुश्तैनी जमीन का नक्शा जानने के लिए आवेदन करेगा, उसे नक्शे की कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे लोगों को बार-बार विभागों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी और वह अपने जमीन से जुड़े विवरण आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल न केवल जमीन के रिकॉर्ड को व्यवस्थित करेगी।

## ग्रामीण पर्यटन से गांवों में रोजगार, संस्कृति और संस्कार की नई राह खुलेगी : जयवीर

**▸ महिलाओं की सहभागिता ने ग्रामीण पर्यटन को दी पहचान**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा ग्रामीण पर्यटन कॉन्क्लेव 2025 के सफल आयोजन के अगले दिन आज प्रतिभागियों के लिए एक विशेष फैमिलियराइजेशन ट्रिप फैम ट्रिप का आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य प्रतिभागियों को गांव की असली खुशबू, परंपराओं और ग्रामीण जीवन की झलक से सीधे रूबरू कराना रहा। यात्रा के दौरान मेहमानों ने खेतों की पगडंडियों पर चलते हुए ग्रामीण परिवेश का अनुभव लिया, पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखा, लोककला और संस्कृति को करीब से देखा तथा स्वयं सहायता समूहों के हुनर की सराहना की।

इसमें पीलीभीत के राजेंद्र गुप्ता, अनिल शाही, मुजाहिद अली, प्रयागराज के बीके दिवेदी, तन्मय अग्रवाल, सार्थक, देवेंद्र कुमार तिवारी, कन्नौज के संदीप कुमार कटियार, फर्रूखाबाद के अजय कुमार सिंह, महेश सिंह, कानपुर के राज किशोर, मथुरा से संतोषी शर्मा, यशवीर सिंह, झांसी से सियाराम, विजय शंकर मिश्र, अनिल कुमार, जालौन से उदय प्रताप सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, आगरा से रागिनी, पीलीभीत से साहेब सिंह, मोबीन आरिफ, ज्ञान दीक्षित और लखीमपुर खीरी से पूजा डोंग शामिल रहीं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गांव केवल भौगोलिक स्थान नहीं हैं, बल्कि भारत की जीवंत धरोहर और असली पहचान हैं।

हमारी परंपराएं, संस्कृति और मूल जीवनशैली गांवों से ही निकलकर दुनिया तक पहुंचती हैं। ग्रामीण पर्यटन न केवल भारत की नई वैश्विक पहचान बनेगा, बल्कि यह विभिन्न समुदायों को रोजगार, आत्मनिर्भरता और गौरव की नई राह भी दिखाएगा। आने वाले समय में गांव ही पर्यटन के सबसे बड़े आकर्षण और भारत की सॉफ्ट पावर साबित होंगे।

### एन्टी लार्वा का छिड़काव के लिए पत्र

**लखनऊ।** इन्दिरा नगर आवासीय महासमिति की तरफसे सुशील कुमार बच्चा ने अपर निदेशक मलेरिया को पत्र लिखकर एन्टी लार्वा का छिड़काव की मांग की है। सुशील कुमार बच्चा महासचिव ने पत्र में लिखा कि इन्दिरा नगर आवासीय महासमिति एक सामाजिक संगठन है, जो जन-कल्याण कारी कार्यो के लिए सदैव समर्पित रहती है। इन्दिरा नगर उसके आस-पास की तमाम मलिन वास्तयों में जगह-2, पर बरसात का पानी रुक जाता है। जिससे डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी फैलने का डर बना रहता है। अतः अनुरोध है कि इन्दिरानगर तथा आस-पास कॉलोनियो, मार्लन बस्तियों में अभियान चलावर एन्टी लार्वा का छिड़काव कराने का कष्ट करे जिससे डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी से बचा जा सके।

## पीएम ग्राम सड़क योजना, एफडीआर तकनीक से 5220 किलोमीटर सड़कों का हुआ निर्माण

समृद्धि न्यूज

**▸ सड़कों के निरीक्षण मानकों पर विशेष फोकस के निर्देश**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन मे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण सड़कों का निर्माण कर ग्रामीण रोड कनेक्टिविटी के कार्य को गति दी जा रही है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने इस योजना के तहत निर्मित की जा रही सड़कों का मौके पर लगातार निरीक्षण करने, कार्यो की गुणवत्ता परखने व मानकों पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश हैं।

यूपीआरआरडीए से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 अन्तर्गत 2565 मार्ग, लम्बाई 18938.04 किमी, स्वीकृत 14638.72 करोड़ की स्वीकृति ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत की गयी है, जिसमें से एफडीआर तकनीक के 747 मार्ग, लम्बाई 5820.796 किमी की स्वीकृत लागत 5992.71 करोड़ है। एफडीआर तकनीक अन्तर्गत स्वीकृत मार्गो के सापेक्ष 5000 किमी लम्बाई के मार्गो का सरफेसिंग के साथ निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 5220 किमी का एफडीआर कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पूर्व निर्मित मार्गो पर पीरियॉडिक रिन्यूवल का कार्य कराये जाने हेतु भारत सरकार से निर्गत इन्सेन्टिव मनी की धनराशि से प्रदेश के 62 जिलों में 306 मार्ग, लम्बाई 1911.304 किमी लागत 494.02 करोड़ के कार्यो की स्वीकृति कोल्ड मिक्स, वेस्ट प्लास्टिक, सीजीबीएम एवं एमएसए तकनीक से 30 एमएमबीसी के साथ की गयी है।

## बीस लाख की गृहकर वसूली, बारह भवन सील

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम लखनऊ द्वारा कर बकायेदारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष संपत्ति कर वसूली अभियान के तहत बुधवार और गुरुवार को विभिन्न जोनों में बड़ी कार्रवाई की गई।

इस दौरान नगर निगम की टीमों ने बकायेदारों से 20 लाख 81 हजार रुपये से अधिक की वसूली की, वहीं 12 भवनों को सील किया गया। बुधवार को विभिन्न जोनों में कर बकायेदारों पर सख्ती दिखाते हुए 6.15 लाख रुपये की वसूली और 06 भवन सील किए गए। जोन-01 श्री जावेद से 11,769 की वसूली, जबकि एच.एन. कपूर का भवन सील किया गया। जोन-03 रू एस.डी. पैलेस (आईआईएम रोड) से 1,50,000 की वसूली की गई। जोन-05 ओम नगर, गंगा खेड़ा व भिलावा क्षेत्र के कर बकायेदारों से 1,40,000, जोन-06 आर.एम. मेहता (सरफराजगंज) से 1,00,000, लखनवी जायका रेस्टोरेंट से 1,50,000 तथा अन्य से लाख वसूली के साथ ही संगम ग्रीन सिटी व अन्य भवन सील किए गए। जोन-07 मो. अकरम, मो. अजमल चौद व राम गनेश समेत कई बकायेदारों से 40,000 से अधिक की वसूली, जबकि जी.एस. पावर टूल्स व अन्य भवन सील किए गए। गुरुवार को अभियान को और व्यापक बनाते हुए नगर निगम की टीमों ने 14.65 लाख रुपये से अधिक की वसूली की और 06 भवन सील किए।

जोन-01 रू मेसर्स प्रणय टावर्स से 6,51,000 व अन्य से 30,000 की वसूली गई। जोन-03 कोटक महिन्द्र बैंक से 2,00,000 और आरएस इंटरप्राइजेज से 1,71,947, जोन-07 चन्द्रा श्रीवास्तव से 1,09,706 और कन्हैया लाल यादव से 50,000, जोन-08 महेश सिंह और सुभाष प्रसाद से 50-50 हजार रुपये की वसूली की गई। सील की गई संपत्तियों में जोन-01 में वी.डी. गेहर व बॉम्बे प्लाजा, जोन-06 में कई भवन, जोन-07 में शिवम इंडस्ट्रीज व देश दीपक निगम, और जोन-08 में ब्राइट डिलेटिंग व नन्दलाल वर्मा की संपत्तियाँ शामिल हैं।

**प्रोत्साहन** — योगी सरकार की नई नीति से मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड को मिलेगा विशेष लाभ

# पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में चमकेगा फुटवियर-लेदर उद्योग

**▸ पूर्वी यूपी व बुंदेलखंड को औद्योगिक मानचित्र पर पहचान दिलाने पर जोर**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर और नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025 का सबसे बड़ा फोकस प्रदेश के अपेक्षाकृत पिछड़े क्षेत्रों-मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड पर है। योगी सरकार ने इन इलाकों में उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए भूमि लागत अनुदान और पूंजीगत सब्सिडी में विशेष रियायतें दी है। इसका सीधा असर यहां के औद्योगिक विकास, रोजगार और निवेश पर पड़ेगा।

नीति के तहत, स्टैंड अलोन फुटवियर, लेदर उत्पाद और मशीनरी इकाइयों को मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड में 35 प्रतिशत तक भूमि लागत अनुदान मिलेगा, जबकि पश्चिमांचल क्षेत्र में यह 25 प्रतिशत होगा। वहीं, मेगा एंकर यूनिट और क्लस्टर को इन क्षेत्रों में 80 प्रतिशत तक भूमि लागत अनुदान का लाभ मिलेगा, पश्चिमांचल के लिए यह 75 प्रतिशत होगा । यह लाभ विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इन इलाकों में उद्योगों की स्थापना की लागत अपेक्षाकृत अधिक मानी जाती है। भूमि सब्सिडी का फायदा सिर्फ उसी जमीन पर मिलेगा जो औद्योगिक प्राधिकरण, राज्य सरकार के संस्थान या इस नीति के तहत बने क्लस्टर से ली गई हो। सब्सिडी की रकम जमीन के वास्तविक आवंटन मूल्य पर तय होगी, लेकिन इसमें स्टाम्प ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस नहीं जोड़ी जाएगी। अगर कोई इकाई भूमि सब्सिडी लेती है, तो आगे मिलने वाली पूंजीगत सब्सिडी की गणना करते समय जमीन की कीमत नहीं गिनी जाएगी।

उद्योगपतियों के लिए सुनहरा अवसरलेदर और फुटवियर बनाने वाली कम्पनियों को ज्यादा फायदा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार, केंद्र सरकार की मदद के अलावा अतिरिक्त पूंजी निवेश सब्सिडी भी देगी।

### रोजगार और निवेश का नया केंद्र बनेगा

पूर्वी यूपी प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि सरकार का लक्ष्य इन क्षेत्रों को नए निवेश और उद्योगों का गढ़ बनाना है। राजधानी लखनऊ समेत कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, झांसी, चित्रकूट, आजमगढ़ और बांदा जैसे जिलों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस नीति से जहां एक ओर स्थानीय स्तर पर लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की वैश्विक पहचान फुटवियर और लेदर उत्पादों के प्रमुख निर्यातक के रूप में बनेगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

▸ सीएचसी नानपारा का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शर्मा ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा का औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे सीएमओ ने अस्पताल परिसर का भ्रमण किया और वार्डों में भर्ती मरीजों से उपचार व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और चिकित्सकों तथा स्टॉप के व्यवहार को लेकर जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कुछ समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया, जिस पर सीएमओ ने गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। सीएमओ ने अस्पताल के चिकित्सकों और स्टाफ से भी संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने साफ निर्देश दिया कि मरीजों को समय पर उपचार और समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. चन्द्रभान राम को निर्देश दिए कि अस्पताल की व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए जाएं और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोग प्राथमिक स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें। सीएमओ डॉ संजय कुमार शर्मा ने कहा कि कि व्यवस्था सुधारने की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा अस्पताल से जुड़ी अन्य कमियों और अव्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई, जिस पर सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सक सीबी राम को सभी व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य है कि किसी भी मरीज को इलाज के लिए भटकना न पड़े और उन्हें समय पर दवा, उपचार और आवश्यक जांच की सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनहित में जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहना होगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्वस्त किया कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में जल्द ही सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

## बीएसए से मिला जूनियर शिक्षक संघ



शिक्षकों को वीएलओ न बनाने और सफाई कर्मियों की नियमित व्यवस्था की मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर विभिन्न मांगों का पत्र सौंपा। जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा अधिकारी आशीष सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। इनमें शिक्षकों को वीएलओ के रूप में नियुक्त न करने की मांग शामिल थी। साथ ही ग्राम पंचायत के सफाई कर्मियों द्वारा विद्यालयों में नियमित सफाई की व्यवस्था की मांग की गई। संगठन ने 75त्न छात्र उपस्थिति के लिए दबाव न बनाने का आग्रह किया। बाधित वेतन वाले शिक्षकों के भुगतान का मुद्दा भी उठाया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि चयन वेतनमान की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। उन्होंने सभी विकासखंड के अध्यक्षों और मंत्रियों को खंड शिक्षा अधिकारी से वार्ता कर पत्रावलियां भेजने को कहा। तकनीकी समस्याएं दूर कर ली गई हैं।संगठन ने चिंता जताई कि कई स्कूलों में एक या दो ही शिक्षक कार्यरत हैं। ऐसे में शिक्षकों को वीएलओ कार्य में लगाने से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होगी। बीएसए ने इस मुद्दे पर सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष एम सिराजुद्दीन न्यूटन, प्रांतीय संयुक्त मंत्री भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, बलवंत सिंह, मंडलीय संयुक्त मंत्री आशुतोष कुमार वर्मा, जिला प्र0 महामंत्री यादवेंद्र यादव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शादीशुदा प्रेमी ने खाया जहर तो प्रेमिका ने भी खा लिया जहर, प्रेमी की मौत

**बहराइच।** जिले में एक युवक ने गुरुवार की देर रात जहर खा लिया। इसके कुछ समय बाद ही गांव की एक शादीशुदा युवती ने भी जहर खा लिया। हालत गंभीर होने पर परिजन इमरान को इलाज के लिए लेकर कैसरगंज लेकर पहुंचे। यहां इमरान को मौत हो गई। वहीं गुड़िया को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। मामला फखरपुर इलाके के कुंडासर गांव का है। गांव के इमरान (22) का कुछ महीने गांव की रहने वाली शादीशुदा महिला गुड़िया से अफेयर हो गया था। इमरान का दो महीने बाद गौना आना था। गुरुवार को इमरान ने घर में जहर खा लिया। परिजन उसे कैसरगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां पर उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी होने पर देर रात गुड़िया ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में भर्ती गुड़िया ने बताया- उसकी इमरान से चार महीने से बात हो रही थी। उसके जहर खाने की जानकारी के बाद हमने भी जहर खा लिया।

## चार लोगों की हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

▸ शारदा नदी में पत्नी व तीन बच्चियों को फेंकने का खुलासा, साथी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जनपद के मोतीपुर पुलिस ने एक जघन्य हत्याकांड का आरोपी बालकराम को रायबोझा गणेश मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है। बालकराम ने अपने साथी अनिरुद्ध कुमार के साथ मिलकर एक महिला और उसकी तीन बच्चियों की हत्या की थी। पुलिस पूछताछ में बालकराम ने बताया कि 14 अगस्त 2025 को अनिरुद्ध कुमार ने अपनी पत्नी सुमन उर्फ सहेलिया को उसके मायके चौधरी गांव से बुलाया था।

सुमन अपनी तीनों बच्चियों के साथ जरही रोड कस्बा मिहींपुरवा पहुंची। वहां से दोनों आरोपी उन्हें मोटरसाइकिल से सिसैय्या बाजार ले गए। आरोपियों ने ओवर ब्रिज के पास महिला और बच्चियों को छोड़कर शराब और खाने का सामान खरीदा। फिर सभी को थाना खमरिया के पास शारदा नदी किनारे जंगली नाथ मंदिर ले गए। रात में पुलिस गश्त से बचने के लिए वे लोधौना गांव चले गए। बाद में शारदा नदी के पुल पर आकर अनिरुद्ध ने गाड़ी खराब होने का बहाना बनाया। दोनों आरोपियों ने एक-एक करके महिला और तीनों बच्चियों को पुल से नदी में फेंक दिया। इस मामले में पहले ही अनिरुद्ध कुमार को 20 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। मामले में थाना मोतीपुर के थानाध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया, उप-निरीक्षक शोभनाथ यादव, उप-निरीक्षक संजीत सिंह, कांस्टेबल अजय चौधरी और देवेंद्र मिश्रा की टीम ने कार्रवाई की।


## खबरें एक नजर में

### कला प्रतियोगिता में आकृति, दीक्षा व ज्योति आईं अव्वल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के विहान आवासीय बालिका विद्यालय में शुक्रवार को भारत विकास परिषद की ओर से कला प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें अध्ययनरत श्रमिकों की बेटियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। समाज शास्त्र विभाग द्वारा संचालित विहान आवासीय बालिका विद्यालय पर्यावरण विषय पर कला प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में 22 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान पर आकृति सिंह, द्वितीय दीक्षा शुक्ला व तृतीय स्थान पर ज्योति सोनकर रहीं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आई हुई छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। भारत विकास परिषद के सचिव राजेंद्र निगम व भाजपा नेत्री प्रियंका रावत ने विद्यालय की वार्डन प्रिया प्रसाद को भी सम्मान स्वरूप शाल तथा दीवाल घड़ी भेंट की। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजेश गोयल, सचिव सत्येंद्र निगम, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार गुप्ता, महिला संयोजिका प्रियंका रावत उपस्थित रहे।

### तेंदुआ ने मवेशी पर हमला कर उतारा मौत के घाट



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बेहनपुरवा के पास तेंदुआ ने हमला कर मवेशी को मौत के घाट उतारा जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। जिले के तहसील मिहींपुरवा के बार्डर से सटे गांव महादेवा बेहनपुरवा मार्ग के पास गुरुवार की देर रात एक मवेशी पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। एक बार हमले में किसी तरह से गांव वालों ने उसकी जान बचा ली, बाद में दूसरी बार तेंदुआ मवेशी को उठाकर दूसरे खेत में ले जाकर अपना शिकार बना लिया। वहीं अब मवेशी की मौत के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। सूचना वन विभाग को दे दिया गया है। गांव निवासी मुनीर अहमद, अजेमर अली, छेद्दू, कैलाश पाल, कलामू, सलमान, गोबरे, काबिर आदि लोगों का कहना की तेंदुआ लगातार हमला कर रहा है। जल्द से जल्द तेंदुआ को पकड़ने के पिंजड़ा लगाया जाय। वही वन दरोगा बन घुसरी राम किशुन यादव ने बताया कि मौके पर मै गया रिपोर्ट बनाकर भेज दिया हूं। बार्डर का मामला है। जल्द ही तेंदुआ को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया जाएगा।

### डम्पर में पीछे से घुसी कार, चार की हालत गंभीर, रेफर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** घाघराघाट रेलवे स्टेशन के पास बाराबंकी के देंवा जा रही कार पीछे से ट्रेलर में घुस गई। कार सवार चार लोगों को गम्भीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक इलाज के बाद दो लोगों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। जरवलरोड थानाक्षेत्र के लखनऊ बहराइच हाइवे पर बाराबंकी के देवां जा रही कार घाघरा घाट रेलवे स्टेशन के पास खडे ट्रेलर में पीछे से जा टकराई। दुर्घटना में घायल कार सवार सिराज, मो. शोएब, राहुल यादव व वसी को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक इलाज के बाद इमरजेंसी चिकित्सक ने वसी और राहुल यादव को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

### परवान चढ़ेगी सीएम युवा उद्यमी विकास योजना

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम को गति प्रदान करने, अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार प्रदान करने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आर्कषित करने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा लागू की गई महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अन्तर्गत अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को लाभान्वित कराये जाने के मद्देनजर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने डिगिहा तिराहा स्थित एच.डी.एफ.सी. बैंक की मुख्य शाखा तथा दरगाह स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा का आकस्मिक निरीक्षण किया। एच.डी.एफ.सी. बैंक के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा में पाया गया कि बैंक को प्रेषित किये 41 प्रार्थना-पत्र के सापेक्ष बैंक द्वारा अब तक 04 को स्वीकृत करते हुए 02 युवाओं को ऋण वितरण किया गया है तथा 02 आवेदन-पत्र वितरण के लिए शेष हैं। समीक्षा के दौरान 29 आवेदन-पत्र लम्बित पाये गये। डीएम ने 02 अभ्यर्थियों हर्ष गुप्ता व शैलेन्द्र प्रताप सिंह से मोबाइल पर वार्ता कर आवेदन-पत्र के साथ उपलब्ध कराये गये अभिलेखों इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## यूरिया आते ही समिति पर दिखी किसानों की भीड़

▸ यूरिया लेने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे किसान, मायूस घर लौटे किसान

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** रामपुर धोबिया हार में समिति पर यूरिया आते ही हजारों की संख्या में किसानों की भीड़ एकत्रित हो गई, कुछ किसानों को यूरिया नहीं मिली जिससे वो निराश घर वापस लौटे। जिले में इस समय यूरिया कस्तूरी जैसे हो गई है। यूरिया के लिए किसान दर दर भटक रहा है। लेकिन यूरिया किसानों को नहीं मिल रही है जिससे किसान परेशान हैं। वही जिले के ब्लॉक शिवपुर के ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार साधन सहकारी समिति पर शुक्रवार को तीन सौ बोरी यूरिया उतरते ही हजारों की संख्या में किसान यूरिया लेने के लिए समिति पर पहुंच गए। उमस भरी गर्मी में सभी किसान लाइन में खड़े रहे। इसके बाद यूरिया का वितरण शुरू किया गया।

अन्त में किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया जिससे यूरिया वितरण करने में समस्या उत्पन्न हो गई, और यूरिया का वितरण बंद करना पड़ा। वही यूरिया वितरण के दौरान समिति पर खंड विकास अधिकारी शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव पहुंची लेकिन साधन सहकारी समिति पर किसानों की भीड़ देखकर दूर कुछ देर तक खड़ी रही। इसके बाद भारी संख्या में किसान अपनी समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी तक पहुंचे तो मैडम ने गाड़ी मे बैठकर शीशे को बंद कर लिया। किसान अपनी समस्या कहते हैं। वही पास खड़े एडीओ कोऑपरेटिव विनीत सिंह ने किसानों से बात चीत कर आश्वासन दिया कि शनिवार को और यूरिया मंगवाकर आपको लोगों को वितरण करवाया जाएगा। तब जाकर किसान वापस लौटे। सुरक्षा के दृष्टिगत चौकी बैवाही के हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार वर्मा, व रंजीत वर्मा मौजूद रहे।



## एसपी ने पुलिस लाइन में ली साप्ताहिक परेड की सलामी, किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई दौड़
अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार करवाया ड्रिल

**बहराइच।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली तत्पश्चात निरीक्षण भी किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों सहित प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षी सम्मिलित हुए। एसपी ने क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी, पुलिस कैन्टीन आदि का निरीक्षण किया गया । यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन के लिए निर्देश दिया। इसी क्रम में एसपी ने आरटीसी बैरक, स्कूल, मेस, आदि का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, गुणवत्ता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदि पर उल्लेखनीय रुप से आदेश-निर्देश प्रदान किया। तत्पश्चात, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों की जांच करते हुए गार्द की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। परेड में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक एन.डी. मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह सहित प्रभारी आरटीसी आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नानपारा विधायक ने निरीक्षण में परखीं खाद वितरण की व्यवस्था

**बहराइच।** नानपारा विधायक राम निवास वर्मा ने समितियों का निरीक्षण कर खाद वितरण की व्यवस्था को परखते हुए किसानो से समस्याएं पूछी। शुक्रवार को नानपारा विधायक ने खाद वितरण केंद्र बौडी, शिवपुर, ललुही, इंटहा झालाकला सहित अन्य खाद वितरण केन्द्र पर तहसीलदार अंबिका प्रसाद चौधरी के साथ पहुचे। खाद के लिए केंद्र पहुचे किसानों से वितरण के दौरान होने वाली समस्याओं के बारे में पूछा। विधायक ने सचिवो को निर्देश दिया कि खाद का वितरण ईमानदारी से किया जाए जब तक स्टॉक में खाद है वितरण न रोके खाद हर किसान को मिले। दूसरी ओर उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी व व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रदुम्न सिंह के साथ समितियों व अन्य यूरिया खाद वितरण केंद्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक व वितरण रजिस्टर का मिलान कराया गया अधिकारियों ने केंद्र संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए।

## मंडलायुक्त ने 120 सहकारी समितियों की जांच के लिए अफसरों को सौंपी जिम्मेदारी

▸ खाद वितरण में पारदर्शिता को लेकर 20 बिंदुओं पर होगी कड़ी जांच

समृद्धि न्यूज

**देवीपाटन/गोण्डा।** गोण्डा में खाद वितरण की पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए मंडलायुक्त ने बड़ी कार्रवाई की है। मंडल के विभिन्न विभागों के मण्डलीय अधिकारियों को 120 सहकारी समितियों की जांच के लिए नामित किया गया है। सभी अधिकारी 19 बिंदुओं पर विस्तृत निरीक्षण करेंगे, जिसमें किसानों को खाद वितरण के दौरान आधार कार्ड, खतौनी, पीओएस मशीन का उपयोग, स्टॉक पंजी, पारदर्शी वितरण प्रणाली और किसानों की शिकायतों का निस्तारण जैसे पहलू शामिल रहेंगे।

निर्धारित व्यवस्था के अनुसार, सभी नामित अधिकारी 23 अगस्त तक अपनी जांच रिपोर्ट उपायुक्त एवं उपनिबंधक सहकारिता को सौंपेंगे। तत्पश्चात, सभी रिपोर्टें देवीपाटन मंडल आयुक्त को प्रस्तुत की जाएंगी। इस जांच अभियान में उपायुक्त खाद्य, उपनिदेशक पंचायत, अपर निदेशक पशुपालन, संयुक्त निदेशक उद्योग, उप श्रमायुक्त, उपनिदेशक समाज कल्याण, उप गन्ना आयुक्त, आबकारी आयुक्त, अधीक्षण अभियंता नलकूप, उपनिदेशक दिव्यांगजन कल्याण, उपनिदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण, क्षेत्रीय दुग्धशाला विकास अधिकारी, उपनिदेशक उद्यान, अधीक्षण अभियंता ड्रेनेज, मुख्य अभियंता सरयू परियोजना, अधीक्षण अभियंता जल निगम ग्रामीण, संभागीय खाद्य नियंत्रक, क्षेत्रीय ग्राम उद्योग अधिकारी, उपनिदेशक मंडी, उप मुख्य परवीक्षा अधिकारी, सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा, संयुक्त निदेशक कृषि एवं अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई जैसे वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष, समयबद्ध और पारदर्शी होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पांच और तोतों को दिलाई आजादी



**बहराइच।** शुक्रवार को फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के मुखिया बी डी लखमानी ने देखा कि एक चिड़ीमार बाजार में तोते बेच रहा है, जिसको उन्होंने पकड़ कर अपनी दुकान पर बैठा लिया और इसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी बहराइच मो शाकिब को दी, थोड़ी देर के बाद बहराइच वन प्रभाग की टीम पहुंच गई और चिड़ीमार को 05 तोतों के साथ पकड़ कर ले गई। इस संबंध में वनक्षेत्रधिकारी मो शाकिब ने कहा कि मिट्ठू को पकड़ना, पिंजड़े मे कैद करना बेचना और पालना अपराध है। ऐसा करने पर डेढ़ से ढ़ाई साल की सजा हो सकती है, इसलिए तोता पालने का मोह छोड़ दें।

## डीएम ने दिखाए कड़े तेवर अनुपस्थित एक्सईएएन पैक्सफेड का रोका वेतन

▸ डीएम ने की 50 लाख से अधिक के भवन व सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद में चल रहे ?50 लाख से अधिक लागत के भवन निर्माण एवं सड़क निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाना चाहिए, ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने लोक निर्माण विभाग, राजकीय निर्माण निगम, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, सेतु निगम समेत अन्य संबंधित विभागों से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर एक-एक परियोजना की समीक्षा की।

उन्होंने अधूरे पड़े कार्यों को चिन्हित कर उनकी अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से कार्य स्थलों का निरीक्षण करें और कार्य की गुणवत्ता की जांच करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। यदि कहीं भी मानकों की अनदेखी या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं समीक्षा बैठक के दौरान बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर एक्सईएएन पैक्सफेड प्रणय कुमार त्रिपाठी का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, डीएसटीओ अरुण कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड प्रमोद कुमार त्रिपाठी, एक्सईएएन सीडी 2 वीके त्रिपाठी, एक्सईएएन सीडी 1 सुरेश राम, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी वंदना पांडेय, परियोजना प्रबंधक, निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## धान के खेत में किशोरी की गला दबाकर हत्या

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पूरे ललक ग्राम में शुक्रवार की देर शाम को एक 17 वर्षीय किशोर ज्योति पासवान पुत्री पुजारी पासवान की धान के खेत में गला दबा कर हत्या कर दी गई । परिजनों ने रेप की आशंका जताई है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल मौके फोरेंसिक टीम, कोतवाल देहात संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए ।शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है ।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पूरे ललक ग्राम के निवासी मीना देवी ने बताया कि शुक्रवार के दिन 11 बजे अपने पुत्री ज्योति पासवान के साथ धान के खेत में फसल की निराई करने के लिए गई थी। दिन में करीब एक बजे मीना अपने पति पुजारी पासवान को मेडिकल कालेज हड्डी के डाक्टर को दिखाने गाई थी। डाक्टर को दिखा कर दवा लेने के बाद तीन बजे के आसपास घर चली आई। इस के बाद मृतका ज्योति पासवान को घर में खोजने लगी। लेकिन घर में नहीं मिली। फिर धान की खेत में गई । काफी आवाज लगाने की बाद जब कोई प्रति क्रिया नहीं आई तो धान के खेत में गई। जहां उस की लाश क्षति विक्षप्त पड़ी हुई थीं। उस के रोने चिलाने की आवाज सुनकर गांव के तमाम लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मृतका ज्योति के शरीर पर चोट का निशान गले पर दबाने का निशान का निशान मिला है। चेहरे पर खून सना हुआ था। घटना से क्षेत्र में हड़कम मच गया। मौके पर पुलिस के तमाम अधिकारी भी पहुंच गए। शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### किशोरी दो बहन तीन भाई थे

मृतका ज्योति पासवान की बड़ी बहन कंचन की शादी हो चुकी है। वह अपने घर पर है। भाइयों में लक्ष्मण उमेश, रमेश है। लक्ष्मण और उमेश बाहर रहकर मजदूरी करते है। घर में सिर्फ रमेश और मां मीना देवी पिता पुजारी रहते है। जिन की तबियत खराब रहती है।

### घर से 800 मीटर दूर है धान का खेत

मृतका ज्योति की लाश जहा धान की खेत में मिला है वहां से खेत की दूरी मात्र 800 मीटर है। वही बगल में बाला जी मंदिर भी है जहां लोगों का आना जाना लगा रहता है। इस के बाद भी उस की हत्या कर दी गई।

### राजगीर मिस्त्री का काम करता था पुजारी पासवान

मृतका ज्योति पासवान के पिता पुजारी पासवान राजगीर मिस्त्री का काम करता था। करीब एक वर्ष पहले काम करते समय गिर गए थे ।तभी से कमर में चोट आ गई थीं जिस से वह चल नहीं पाते थे। इसी का इलाज करा रहे थे।

### घटना के खुलासे के लिए पांच टीके गठित

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पांच टीम गठित की गई है। जिस में एसओजी सर्विलांस टीम शामिल।

मांगें

वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ ने सौंपा जिला अधिकारी को नौ सूत्रीय ज्ञापन

## मान्यता प्राप्त स्कूलों को प्री प्राइमरी कक्षाएं चलाने की दें अनुमति

समृद्धि न्यूज




**गोण्डा।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के द्वारा जिलाधिकारी गोंडा, जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा, व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोंडा, को 9 सूत्रीय विभिन्न मांगों हेतु ज्ञापन सौंपा गया।

उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के जिला अध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा और जिला प्रबंधक संघ कमेटी के 25 सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मुख्य मांगे पूर्व की भांति बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त विद्यालयों को प्री प्राइमरी की कक्षाएं चलाने की अनुमति दी जाए, जिससे बाल शिक्षा अधिनियम निशुल्क बच्चों को निजी विद्यालयों में पढ़ाया जा सके, प्राथमिक व जूनियर व माध्यमिक विद्यालयों को दी जाने वाली मान्यता का मानक पूर्व की भांति स्थिरता प्रदान किया जाए। प्राइवेट विद्यालयों को बिजली का कनेक्शन व्यावसायिक श्रेणी के स्थान पर घरेलू श्रेणी का प्रदान किया जाए, वर्तमान जिले में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय जिन्होंने मान्यता हेतु ऑनलाइन बेसिक शिक्षा कार्यालय में आवेदन कर रखा है।

उन विद्यालयों को संचालित करने से रोक न जाए और विभाग द्वारा उन्हें मान्यता प्रदान किया जाए, क्योंकि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में निजी विद्यालयों का 70त्न योगदान है हम स्कूल के प्रबंधक प्रधानाध्यापक का जनपद के शिक्षा अधिकारियों के द्वारा शोषण न करके उन्हें अपने विभाग के बैठकों में बुलाकर शिक्षा से संबंधित बैठकर आयोजित की जाएं, बेसिक शिक्षा में तैनात झंझरी के खंड शिक्षा अधिकारी समय प्रकाश पाठक और नगर शिक्षा में तैनात कोमल यादव नगर शिक्षा अधिकारी और उनके कार्यालय में तैनात शशांक श्रीवास्तव द्वारा जुलाई माह में जब गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की चेकिंग चल रही थी इसकी आड़ में इन्होंने मान्यता प्राप्त विद्यालयों को मानक के नाम पर जांच किया और और डरा धमका कर जमकर पैसे की वसूली की गई।इनकी अधिकारियों और बाबुओं किसी जांच एजेंसी से करवा कर इनका तत्काल तबादला या निलंबित किया जाए और विभागीय एवं वैधानिक कार्रवाई किया जाए। निशुल्क बाल एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के तहत स्कूलों को 2 गुना रिकवरी की नोटिस भेजी जा रही है, जबकि तत्कालीन जिलाधिकारी का आदेश था, कि सभी प्राइवेट विद्यालय निशुल्क बाल शिक्षा अधिनियम के तहत के बच्चों को पढ़ाएंगे और प्रवेश लेने से मना नहीं करेंगे, फिर भी प्रबंधकों का रिकवरी के नाम पर शोषण किया जा रहा है।

हम वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ द्वारा अधिकारियों की तानाशाही और प्रताड़ना संघ बर्दाश्त नहीं करेगा और एक सप्ताह के उपरांत समाधान न होने की स्थिति में प्रबंधक संघ अपनी अग्रिम कार्य योजना के तहत आंदोलन के लिए बाध्य होगा।जिसका समस्त उत्तरदायित्व जिला प्रशासन का होगा।

इस अवसर पर प्रबंधक संघ के प्रदेश संयोजक, एसपी गुप्ता जिला उपाध्यक्ष खेमचंद, जिला संरक्षक काशी प्रसाद ओझा, जिला सलाहकार डॉ अशोक शुक्ला, कृष्ण मोहन मिश्रा जिला महासचिव, ऐश्वर्य प्रियदर्शी गुप्त जिला महामंत्री, नीलम प्रकाश पाठक, जिला संयोजक, अमित वर्मा जिला कोषाध्यक्ष, छपिया ब्लाक अध्यक्ष बुध प्रकाश मौर्य, पंकज भारती जिला मीडिया प्रभारी, अनुराग अग्निहोत्री ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक,विनय सिंह, राकेश सहाय, अनुपम सिन्हा,गिरीश श्रीवास्तव, हनुमान प्रसाद जोशी, सहित कई विद्यालयों के प्रबंधक गण मौजूद रहे।

# मनी गेमिंग पर रोक

यह एक हकीकत है कि ऑन लाइन मनी गेमिंग यदि लत बन जाए तो यह संपन्न व्यक्ति को भी बदहाल कर सकती है। एक आंकड़े के अनुसार देश में हर साल 45 करोड़ लोग बीस हजार करोड़ गवां देते हैं। सब कुछ गंवा कर आत्महत्या करने के मामले भी प्रकाश में आते हैं। सवाल इन लालच जगाने वाली मनी गेमिंग की पारदर्शिता को लेकर भी उठते रहे हैं। इन्हीं चिंताओं के बाद सरकार ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 लेकर आई है। जिसे अब गंभीर चर्चा के बिना संसद ने पारित भी कर दिया है। यह विधेयक पैसे से खेले जाने वाले किसी भी ऑनलाइन गेम को गैरकानूनी घोषित करता है। दरअसल, सरकार का मानना है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग एक सामाजिक और जन स्वास्थ्य के लिये घातक समस्या है। सरकार के मुताबिक, वह ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने के लिये उत्सुक है, जिसमें कोई वित्तीय जोखिम न हो। निर्विवाद रूप से हाल के वर्षों में ऑनलाइन स्किल गेमिंग उद्योग ने तेजी से विस्तार किया है। जिसमें पूर्व और वर्तमान क्रिकेटरों और फिल्मी सितारों के प्रचार की भी भूमिका रही है। यहां उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन गेमिंग का वार्षिक राजस्व 31,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके साथ ही यह हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के रूप में बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। लेकिन इसके साथ चिंता का विषय यह भी है कि सुनहरे सब्जबाग दिखाने वाले कई ऑनलाइन गेमिंग एप लत, खेलने वाले आम लोगों के आर्थिक नुकसान और मनी लॉन्ड्रिंग को भी बढ़ावा देते हैं। यही वजह है कि ऑनलाइन गेमिंग में अपनी जमा पूंजी लुटाने वाले बदकिस्मत उपयोगकर्ता नाकामी के बाद आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाते हैं। निस्संदेह सरकार ने ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर एक बड़ा जोखिम भी उठाया है। इसमें सरकार को राजस्व की भारी हानि भी हो सकती है। वहीं तसवीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि कई उद्यमी तेजी से उभरते इस गेमिंग व्यवसाय के पराभव की चिंता जता रहे हैं। बताया जाता है कि देश में जो ग्यारह सौ से अधिक गेमिंग कंपनियां तथा करीब चार सौ स्टार्टअप ऑनलाइन गेमिंग उद्योग से जुड़े हैं, जिनके नियमन के बारे में सोचा जा सकता था। उनकी चिंता है कि इससे बड़ी संख्या में नौकरियां जा सकती हैं। लेकिन सरकार का कहना है कि उसने जनकल्याण को ध्यान में रखकर यह फैसला लिया है। लेकिन दूसरी ओर चिंता जतायी जा रही है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग के वैध प्लेटफॉर्म बंद होने से खेलने वाले लोग अनियमित विदेशी ऑपरेटरों के शिकार बन सकते हैं। इंटरनेट का विस्तृत दायरा और विदेशी ऑनलाइन ऑपरेटर विधेयक के प्रमुख उद्देश्यों को विफल करने की कोशिश कर सकते हैं। निस्संदेह, वित्तीय प्रणालियों की अखंडता के साथ-साथ राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा होनी चाहिए। माना जा रहा है कि इस नये कानून को बनाने की जरूरत संभवतरू छह हजार करोड़ रुपये वाले महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले के बाद महसूस की गई। जिसकी जांच सीबीआई और ईडी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों पर सट्टेबाजी एप के यूएई स्थित प्रमोटरों के साथ संबंध होने के आरोप लगे हैं। जो कथित तौर पर हवाला कारोबार और विदेशों में धन-शोधन के कार्यों में लिप्त बताये जाते हैं। निस्संदेह, यह मामला सभी हितधारकों के लिये एक चेतावनी है, लेकिन इस बाबत कोई भी जल्दबाजी वाली प्रतिक्रिया नहीं दी जानी चाहिए। इसके बजाय, ऑनलाइन मनी गेमिंग के सख्त नियमन और इसे भारी कराधान के अधीन लाना एक व्यावहारिक समाधान हो सकता था। साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देकर उपभोक्ताओं के लिये सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने की जरूरत थी। इस अभियान में गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त प्लेटफॉर्मों पर जुर्माना भी लगाया जा सकता था। वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े दावे करने वाली मशहूर हस्तियों पर कार्रवाई भी की जा सकती थी। ऐसे में तेजी से उभरते इस आर्थिक क्षेत्र को डूबने से भी बचाया जा सकता था। कभी-कभी कड़े प्रतिबंध जैसे कठोर कदम उल्टा असर भी डाल सकते हैं।

# ऑनलाइन 'सट्टेबाजी' का गेम ओवर



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी




भारत एक युवा देश है। यहाँ की आधी से अधिकआबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है और इस युवा शक्ति को ही नवभारत का भविष्य कहा जाता है। परंतु यही युवा आज एक ऐसे जाल में फंसते जा रहे हैं जो मनोरंजन के नाम पर धीरे-धीरे उन्हें शारीरिक, मानसिक और आर्थिक अंधकार की ओर धकेल रहा है। यह जाल है ऑनलाइन गेमिंग का अनियंत्रित विस्तार। मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट की सुलभता ने भारत में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को विशाल बना दिया है। आज स्थिति यह है कि लगभग 50 करोड़ भारतीय युवा किसी-न-किसी रूप में ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े हुए हैं। इनमें से लाखों युवा इसकी लत के शिकार हो चुके हैं। इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार ने प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 संसद में प्रस्तुत किया जो पास हो गया। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि पिछले दस वर्षों में भारत में इंटरनेट उपयोग कर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है।

सस्ते स्मार्टफोन और डेटा पैक की वजह से आज गाँव-गाँव तक इंटरनेट पहुंच चुका है। इस इंटरनेट क्रांति का एक सबसे बड़ा प्रभाव ऑनलाइन गेमिंग के रूप में सामने आया। पीयूबीजी, फ्री फायर, बीजीएमआई, कॉल ऑफ़ ड्यूटी और विभिन्न फैंटास्टि स्पोर्ट्स जैसे गेम युवाओं में इस कदर लोकप्रिय हो गए कि वे पढ़ाई, खेल-कूद और सामाजिक जीवन से दूर होकर वर्चुअल दुनियां में खोते चले गए। 20 अगस्त 2025 को देर शाम केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने संसद भवन के बाहर कहा कि यह कानून इसलिए ज़रूरी हो गया क्योंकि ऑनलाइन गेमिंग ने करोड़ों युवाओं को अंधकार में डाल दिया है और समाज से बड़े पैमाने पर फीडबैक प्राप्त हुआ कि अब इसे नियंत्रित करना ही पड़ेगा, आज के युग में डिजिटल टेक्नोलॉजी में ऑनलाइन गेमिंग एक बड़ा सेक्टर बनकर उभरा है। ऑनलाइन गेमिंग के तीन सेगमेंट्स हैं : पहला- ई-स्पोर्ट्स, दूसरा- ऑनलाइन सोशल गेमिंग और तीसरा- ऑनलाइन मनी गेमिंग। इस बिल के माध्यम से ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को प्रमोट किया जाएगा और इसको सपोर्ट भी मिलने की उम्मीद है। हमारे द्वारा एक अथॉरिटी बनाई जाएगी, जिसके माध्यम से ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा दिया जाएगा ऑनलाइन मनी गेमिंग समाज के लिए सही नहीं है। कुछ गेम्स ऐसे हैं, जिनमें परिवार की जिंदगीभर की बचत ऑनलाइन गेम में चली जाती है।

साथियों बात अगर हम डब्लूएचओ द्वारा गेमिंग डिसऑर्डर एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या व भारत सरकार ने इस समस्या को सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा मानते हुए हस्तक्षेप करने की करें तो, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2019 में ही गेमिंग डिसऑर्डर को मानसिक स्वास्थ्य की श्रेणी में शामिल किया था। डब्लूएचओ का कहना है कि अगर कोई व्यक्ति लंबे समय तक ऑनलाइन गेम में इतना डूब जाए कि उसके पढ़ाई-लिखाई, रोजगार नींद, खान-पान, सामाजिक संबंध और पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल असर पड़े, तो यह एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। भारत में भी कई राज्यों में ऐसी घटनाएँ सामने आईं जहाँ बच्चे और किशोर ऑनलाइन गेम हारने के बाद तनाव, डिप्रेशन और यहाँ तक कि आत्महत्या तक कर बैठे। माता-पिता ने शिकायत की कि उनके बच्चे मोबाइल स्क्रीन से अलग नहीं हो पा रहे, नींद पूरी नहीं हो रही, आँखों की रोशनी प्रभावित हो रही है, और पैसे खर्च करने की आदत भी नियंत्रण से बाहर जा रही है। इन्हीं कारणों से भारत सरकार ने इस समस्या को सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा मानते हुए हस्तक्षेप करने का निर्णय लिया।

साथियों बात अगर हम, इस कानून को जरूरी बनाने वह बिल की मुख्य बातों की करें तो, (1) युवा पीढ़ी पर खतरा-लगभग 50 करोड़ युवा ऑनलाइन गेम्स की लत में हैं। यह संख्या भारत की जनसंख्या का बहुत बड़ा हिस्सा है। (2) आर्थिक शोषण-इन-ऐप परचेज और कैश रिवाड्र्स ने युवाओं को आर्थिक रूप से शोषित किया। कई परिवार कर्ज़ में डूबे। (3) अपराध की घटनाएँ- कई राज्यों में देखा गया कि बच्चे चोरी या अपराध की राह पर चल पड़े ताकि वे गेमिंग के लिए पैसे जुटा सकें। (4) स्वास्थ्य संकट- मानसिक तनाव, डिप्रेशन, आँखों और शरीर से संबंधित रोगों का प्रसार। (5)समाजिक असंतुलन- युवाओं का वास्तविक जीवन से कटना और वर्चुअल दुनिया में गुम होना। (6) फीडबैक का दबाव-समाज से व्यापक स्तर पर सुझाव मिले कि सरकार को इस पर नियंत्रण करना ही होगा। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 की मुख्य बातें (1) गेम्स की कैटेगरी तय होगी- कौन सा गेम स्किल-बेस्ड है और कौन सा चांस-बेस्ड, यह सरकारनिर्धारित करेगी। (2)लाइसेंस प्रणाली- बिना सरकारी अनुमति के कोई भी कंपनी ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म नहीं चला सकेगी। (3)आयु सीमा-नाबालिगों (18 साल से कम) के लिए कई तरह की रोक लगाई जाएगी। (4) समय सीमा-गेम खेलने की अधिकतम समय सीमा तय होगी ताकि युवा पूरी रात ऑनलाइन गेम न खेलें। (5) वित्तीय नियंत्रण-ऑनलाइन गेम्स में निवेश और इन-ऐप परचेज़ पर कड़ा नियमन।

साथियों बात अगर हम सरकार के साथ संदेश की करें तोसरकार ऑनलाइन गेमिंग को पूरी तरह प्रतिबंधित नहीं करना चाहती, बल्कि उसे विनियमित (रेगुलेट) करना चाहती है ताकि यह उद्योग भी चले और युवाओं की सेहत भी सुरक्षित रहे। समाज की जिम्मेदारी और नागरिकों की भूमिका, कानून अपनी जगह ज़रूरी है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है कि समाज और परिवार भी जागरूक हों। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण रखें, शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाएँ, और युवाओं को भी समझना चाहिए कि जीवन केवल वर्चुअल गेम्स तक सीमित नहीं है। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 भारत के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह न केवल युवाओं को अंधेरे से बाहर निकालने का प्रयास है बल्कि यह संदेश भी है कि भारत सरकार नागरिकों के मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है। इस कानून से यह स्पष्ट है कि भारत केवल डिजिटल शक्ति बनने की दिशा में ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार डिजिटल समाज बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

साथियों बात अगर हम ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने की करें तो, हमारे देश में कैसीनो पर तो बैन हैं, लेकिन मोबाइल फोन में करोड़ों कैसीनोस चल रहे हैं और अब उसपर एक बिल पास करवाकर पाबंदी लगाई जाएगी। इस बिल से ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित किया जाएगा और कोई भी ऑनलाइन गेम्स, जिसमें लोग पैसा लगाते हैं और जीतने पर पैसे कमाते हैं, उनपर रोक लग जाएगी। ऐसे गेम्स को ऑनलाइन मनी गेम्स कहते हैं। इस बिल में 4 बड़ी बातें हैं। पहली बात, ऑनलाइन मनी गेम्स की सर्विस देना, उसे चलाना और यहां तक कि प्रचार करना भी गैरकानूनी होगा। दूसरा अगर कोई ऑनलाइन मनी गेम्स ऑफर करता है या उसका प्रचार करता है, तो उसे 3 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना या फिर जेल और जुर्माना दोनों हो सकता है।विज्ञापन चलाने पर 2 साल की जेल और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना या फिर दोनों सजाएं मिल सकती हैं। तीसरा, ऐसे गेम्स खेलनेवालों को कोई सजा नहीं दी जाएगी। सजा या जुर्माना ऐसे गेम्स की सर्विस देने वालों,इनका विज्ञापन करने वालों या आर्थिक मदद देने वालों को होगी। और चौथा, गेमिंग इंडस्ट्री को नियंत्रित करने केलिए एक अथॉरिटी बनाई जाएगी। जो ये तय करेगी कि ऑनलाइन मनी गेम्स कौन से हैं। और बिना पैसे वाले गेम्स यानें इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स को बढ़ावा दिया जाएगा। जिसमें खिलाड़ी अकेले या फिर टीम के रूप में एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं। इस बिल के दायरे में स्किल बेस्ड गेम्स और चांस बेस्ड गेम्स दोनों हैं। स्किल बेस्ड गेम्स जैसे शतरंज और रम्मी में लोगों के स्किल्स यानी कौशल और रणनीति पर उस गेम का नतीजा निर्भर करता है। और चांस बेस्ड गेम्स जैसे लॉटरी में नतीजा किस्मत या संयोग पर निर्भर करता है। इसमें खेलने वालों के कौशल का असर बहुत कम या नहीं के बराबर होता है। और कई देशों में इसे गंभीलिंग यानी जुआ माना जाता है। आईटी मंत्री ने कहा है कि सरकार गेमिंग इंडस्ट्री की मदद करना चाहती है। लेकिन जब उद्योग के मुनाफे और समाज के हितों में टकराव हो, तो मोदी सरकार हमेशा समाज का पक्ष लेगी। आपने बड़े-बड़े फिल्मस्टार्स और खिलाड़ियों को ऑनलाइन गेम्स का विज्ञापन करते देखा होगा। क्रिकेट और बाकी खेलों के कई ऐसे मोबाइल अप्प्स हैं, जिसमें पैसे लगाकर टीम बनानी होती है। और विज्ञापनों में ऐसा दिखाया जाता है कि सिर्फ 50 या 60 रुपए लगाकर आपकरोड़ों रुपए जीत सकते हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 : युवाओं की सुरक्षा और समाज की ज़िम्मेदारी की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम ऑनलाइन मनी गेम की सर्विस देना, संचालन करना, प्रचार करना गैरकानूनी होगा-सरकार का चलेगा चाबुक-3 साल की सजा, एक करोड़ जुर्माना कानून अपनी जगह ज़रूरी है, लेकिन समाज, परिवार माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण रखें, शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाएँ।

## विचार

# हमारा स्वास्थ्य ढांचा और डॉ. भागवत का बयान

*डॉ. अजय खेमरिया*

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने पिछले दिनों इंदौर में महंगी स्वास्थ्य एवं शिक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाले भारत में महंगी चिकित्सा सुविधाएं नि:सन्देह चिंता का विषय है। हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि निजी अस्पताल मरीजों को एटीएम समझते हैं।

असल में भारत का स्वास्थ्य क्षेत्र गंभीर विसंगतियों से भरा हुआ है। एक तरफ तो हम सस्ती दवाओं और वैक्सीन के उत्पादन में विश्व भर में शीर्ष पर है लेकिन हमारे ही नागरिक दुनिया में अपने स्वास्थ्य पर अपनी जेब से सर्वाधिक पैसा भी खर्च करते हैं।देश में आर्थिक भेदभाव कम हो रहा है इसे दुनिया के तमाम संगठन मान रहे हैं लेकिन यह भी तथ्य है कि देश में करीब 7 फीसदी लोग महंगे इलाज के कारण गरीबी के गर्त में हर साल पहुँच जाते हैं। पिछले साल दिल्ली के एक निजी अस्पताल का किडनी उपचार सम्बंधित बिल 2473894 रुपये का बनाया गया था। यह बानगी भर है कि निजी क्षेत्र का स्वास्थ्य तन्त्र किस तरह काम कर रहा है।

एसीकेओ इंडिया हेल्थ इंडेक्स की हालिया रिपोर्ट कहती है कि देश में हर साल इलाज महंगा होने की दर 14 फीसदी है। एक सरकारी आंकड़े के मुताबिक आयुष्मान भारत जैसी बेहतरीन योजना के बाबजूद देश में अभी भी 40 फीसदी लोग अपने स्वास्थ्य पर अपनी जेब से खर्च कर रहे हैं जिसे ओओपीई (आउट ऑफ पॉकेट एक्सपेंडिचर) कहा जाता है। यह आंकड़ा वैश्विक औसत 18 फीसदी से काफी अधिक है। हालांकि आयुष्मान भारत के बाद स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च 29 से बढ़कर 48 प्रतिशत हुआ है, यह एक अच्छा संकेतक है। डॉ. मोहन भागवत ने जिस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया है वह आम आदमी के दर्द को अधोरेखित करने वाला है क्योंकि 23 फीसदी लोग अभी भी अस्पताल के खर्चों के लिए उधार लेने पर मजबूर हैं।

महंगी स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे अहम पहलू दवाओं से जुड़ा है क्योंकि दवाएं अभी भी बहुत महंगी है। निजी क्षेत्र में उपचार के दौरान 70 से लेकर 90 फीसदी तक एलोपैथी दवाएं ब्रांडेड ही उपयोग में आ रही हैं ,जबकि सरकार ने सस्ती जेनरिक दवाओं के लिए प्रधानमंत्री जन औषिधि केंद्र आरम्भ किये है। इन केंद्रों पर 90 फीसदी तक दवाओं के दाम ब्रांडेड दवाओं की तुलना में कम होते हैं। जेनेरिक दवाओं के लिए सरकारी प्रयास फार्मा लॉबी के दबाव में फलीभूत नहीं हो पा रहे हैं।अभी तक देश भर में 15057 जेनेरिक स्टोर खुल पाए हैं और विसंगति यह है कि इन स्टोरों में ब्रांडेड दवाओं की बिक्री भी जेनेरिक के साथ में की जा रही है।

भारत में एलोपैथी दवाओं का सालाना कारोबार 4.2 लाख करोड़ का है। करीब 3 लाख करोड़ की खपत भारतीय बाजार में है और 1.2 लाख करोड़ की दवाएं निर्यात की जाती हैं। सरकार को सर्वोपरि प्राथमिकता पर इसी क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है। अभी जेनेरिक दवाओं की तुलना में ब्रांडेड दवाओं की कीमतें 30 से 2000 फ़ीसदी तक महंगी बिक रही हैं। ब्रांडेड दवाओं के इस संगठित कारोबार को रोक कर महंगे इलाज को झटके में जमीन पर लाया जा सकता है।

असल में देश को हरित क्रांति की तरह दवा क्रांति की आवश्यकता भी है क्योंकि अभी इस क्षेत्र में कोई खास विनियमन नहीं है। आजादी के समय यूरोपीय पेटेंट वाली दवाएं इसलिए महंगी थी क्योंकि हमारे यहां उत्पादन ही नहीं था। 1970 में पेटेन्ट एक्ट के बाद भारत ने दवाओं के निर्माण में अभूतपूर्व काम किया। आज हम विश्व के अग्रणी उत्पादक हैं। कोरोना वैक्सीन में भारत का यह दम दुनिया ने देखा ही है।

महंगे इलाज का दूसरा कारक स्वास्थ्य क्षेत्र के कॉर्पोरेटाइजेशन (निगमीकरण) का है क्योंकि देश में 1980 तक स्वास्थ्य प्रदाता के रूप में धर्मार्थ न्यास या फाउंडेशन ही सक्रिय थे और सबका उद्देश्य मुनाफा नहीं सेवा मुख्य था। इसके बदले में सरकार ने गरीबों को सस्ते इलाज और स्थानीय रोजगार के नाम पर मुफ्त जमीनें दी और टैक्स रियायतें उपलब्ध कराई। आज इस क्षेत्र में नए खिलाड़ी आ गए हैं जिनका उद्देश्य कारपोरेट घरानों की तरह कारोबार करना है। यही कारण है कि देश के दो तिहाई अस्पताल शहरी क्षेत्रों में हैं और इन अस्पतालों से महज एक तिहाई आबादी को ही सेवाओं का कवरेज मिल रहा है।

निजी अस्पतालों की सघनता शहरी क्षेत्रों में घनीभूत है क्योंकि निवेशकों की नजर ज्यादा पैसे वाले क्षेत्रों में ही होती हैं। ध्यान देने वाला तथ्य यह है कि इन शहरी क्षेत्रों में आने वाले अधिसंख्य मरीज उन बीमारियों के होते हैं जिनको आरम्भिक शिकायत पर ही ठीक किया जा सकता है लेकिन सार्वजनिक सेवाओं का ढांचा ग्रामीण कस्बाई स्तर पर मृत प्राय: है। नतीजतन शहरी स्वास्थ्य सेवाओं पर आम आदमी की निर्भरता मजबूरी बन जाती है।

यह तथ्य है कि आजादी के बाद पहली मर्तबा स्वास्थ्य और संबद्ध सेवाओं पर सुव्यवस्थित ढंग से काम आरम्भ हुआ है। पेयजल, स्वच्छता और आवास के तीन प्रमुख स्वास्थ्य से सम्बद्ध क्षेत्रो में मोदी सरकार ने पिछले दस साल में बुनियादी काम संस्थित किये हैं। इन तीनों विषयों पर मिशन मोड में काम भी प्रगति पर है। इसी तरह आयुष्मान भारत योजना ने भी स्वास्थ्य पर निजी खर्च (ओओपीई)को 63 से 40 प्रतिशत पर लाने का काम किया है। जनवरी 2025 तक 36.9 करोड़ आयुष्मान कार्ड देश में क्रियाशील है। योजना के तहत 8.5 करोड़ लोगों के इलाज पर सरकार ने 1.40 लाख करोड़ की राशि अब तक खर्च की है।

इस तस्वीर के पीछे दो धब्बे भी हैं जिन पर चर्चा नहीं हो रही है। पहला यह कि 4.3 करोड़ मरीजों के इलाज आयुष्मान के तहत निजी अस्पतालों में हुए है और सरकारी अस्पतालों में यह आंकड़ा 4.2 है। देश का एक भी राज्य ऐसा नहीं है जहां आयुष्मान योजना में निजी अस्पतालों ने फर्जीवाडा नही किया हो। यानी मरीज को बिना भर्ती किये ही उसे भर्ती दिखाकर अरबों रुपये का गोलमाल हुआ है।

डॉ. भागवत देशभर में सतत प्रवास करते हैं और उनके कहने का सार इन्ही विसंगतियों की ओर ही है। दूसरा तथ्य यह कि इस योजना का 50 प्रतिशत लाभ दक्षिण के पांच राज्य केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना के नागरिकों द्वारा उठाया गया है। यहां एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह कि इन पांच राज्यों में लोग सरकारी अस्पतालों में इस योजना का सर्वाधिक लाभ ले रहे हैं। यानी इलाज के लिए निजी अस्पतालों पर निर्भरता नहीं है।

इसका मतलब यह भी है कि सरकारी अस्पतालों में इलाज का जो आंकड़ा निजी के बराबर दिख रहा है उसमें पांच दक्षिणी राज्यों का निर्णायक योगदान है। तस्वीर का दूसरा पहलू उत्तर प्रदेश है जहां 5.1 करोड़ आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद महज 43 लाख लोगों ने ही योजना का लाभ लिया। समझा जा सकता है कि उत्तर और पश्चिम के राज्यों में निजी अस्पतालों ने आयुष्मान का भरपूर फायदा उठाया है। यह भी जानना आवश्यक है कि इन पांच राज्यों में देश की कुल 20 प्रतिशत आबादी ही आती है। यानी 80 फीसदी आबादी को महज 50 फीसदी हिस्सेदारी में संतोष करना पड़ रहा है। पांच राज्यों को छोड़कर देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की हालत कितनी गंभीर है यह इन आंकड़ों से हम समझ सकते हैं। इसलिए डॉ. मोहन भागवत के बयान को व्यापक सन्दर्भ में देखने की आवश्यकता है। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत किडनी, कैंसर, लिवर और हार्ट के मरीजों की राजधानी बनता जा रहा है। समय रहते हमें चैतन्य होने की आवश्यकता है।

*(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

## साहित्य

# पत्नी का मन्दिर



**कुमार कृष्ण**

दो कमरों के घर में
ढूँढ़ ली है पत्नी ने अपने लिए
थोड़ी-सी पूजा की जगह
जहाँ कभी नहीं भूलती वह दीप जलाना
उसने बचाकर रखे हैं अपने पास
पिता के बेशुमार मन्त्र
छोटी-छोटी यादों के साथ
वह उनको भी छुपाकर ले आई थी
अपने साथ
उसने गुजारे हैं इन्हीं मन्त्रों की उम्मीद
पर
बेशुमार तकलीफ भरे क्षण
किया है मुकाबला बच्चों की बीमारी में
पाला है इन्हीं मन्त्रों के विश्वास पर पूरा
परिवार
उसका छोटा-सा मन्दिर
बड़े-बड़े मन्दिरों से भी बहुत बड़ा है!





# राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। जरूरी कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# लालबागचा राजा : सांस्कृतिक धरोहर और भक्तिभाव की मिसाल



मुंबई में गणेशोत्सव का पर्याय होता है, यहां के लालबाग का गणेश पंडाल। लालबागचा के राजा नाम से मशहूर मुंबई के इस गणेश पंडाल की चर्चा गणेशोत्सव के दौरान पूरी दुनिया में होती है। सनङ् 1934 में मुंबई का यह इलाका कोली समुदाय के मछुआरों और छोटे व्यापारियों का इलाका था। आज भी बड़ी संख्या में ये लोग यहां पर हैं, तब समुदाय के कुछ लोगों ने गणेशोत्सव के दौरान व्रत लेने का निर्णय लिया और इलाके में गणेश प्रतिमा स्थापित करने के लिए पंडाल बनाया।

कहते हैं इन व्रत लेने वाले भक्तों ने अपने मन में मन्नत मानी थी कि यदि उन्हें इस इलाके में स्थायी बाजार मिल गया तो वे हर साल भगवान गणेश का यहां पंडाल लगाया करेंगे। यह उस समय की बात है जब पेरू चौक का बाजार बंद हो गया था। इस तरह भक्तों की मन्नत पूरी हुई, उन्हें लालबाग बाजार के लिए स्थान मिला।

आभार स्वरूप 12 सितंबर, 1934 को यहां पहले सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल की स्थापना हुई और तब से लेकर आज तक मुंबई में लालबाग के राजा का पंडाल इसी जगह पर लगता है। चूंकि वह समय भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का समय था और सार्वजनिक गणेशोत्सव भी एक किस्म से अंग्रेजों के विरुद्ध जंग ही थी। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने सभी समुदाय के लोगों को इस सांस्कृतिक गोलबंदी के जरिये अंग्रेजों के विरुद्ध एकत्र किया था। पहला आधुनिक गणेशोत्सव 1893 में पुणे में स्थापित हुआ था। हालांकि इसकी शुरुआत 1890 से ही हो गई थी। वास्तव में लालबाग के राजा का गणेश पंडाल पुणे के गणेश पंडाल की तर्ज पर ही शुरू हुआ था।

लालबागचा राजा के नाम से मशहूर यह पंडाल तब से आज तक उस परंपरा को पूरी धज के साथ संभाले हुए है। लालबागचा राजा की मुंबई और देश के लोगों में इतनी श्रद्धा इसलिए है, क्योंकि माना जाता है जो भी सच्चे मन से लालबाग के राजा का दर्शन करके मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। इसीलिए भक्त लोग श्रद्धा से इसे नवसाचा गणपति कहते हैं यानी वांछित इच्छा पूरी करने वाले भगवान गणेश। लालबाग के भगवान गणेश की इतनी मान्यता है कि एक से एक वीआईपी भक्त गणपति के दर्शन करने के लिए चार-चार घंटे चुपचाप लाइन में लगे रहते हैं। इस गणेश मंडल की व्यवस्था का औपचारिक रुप से दायित्व कांबली परिवार पर है। वर्ष 1935 से ही रतनाकर कांबली से शुरू होकर उनके पुत्र, उनके पुत्रों के पुत्र इस पारिवारिक परंपरा को संभाले हुए हैं। यहां स्थापित होने वाली मूर्ति के निर्माण और रक्षा की जिम्मेदारी इसी परिवार की पीढ़ी दर पीढ़ी संभालती है।

लालबागचा के राजा का पंडाल इतना बड़ा होता है कि यहां हर साल जून महीने से इसकी व्यापक तैयारियां शुरू हो जाती है। विभिन्न पौराणिक ग्रंथों के अनुरूप कई आकृतियां निर्मित की जाती हैं, जिसमें सबसे यूनिक आकृति वाले भगवान गणेश का चयन किया जाता है, अंतिम रूप से स्थापना के लिए।

गणेश बाल के राजा के नाम से मशहूर पंडाल की प्रतिमा विशेष तौर पर हल्के झुकाव के साथ आत्मीय मुस्कान से परिपूर्ण होती है। यहां पर भक्तों के दर्शनों के लिए दो लाइनें लगती हैं। एक नवसाची लाइन जिसमें भक्त मंच पर जाकर गणेश की पूजा करते हैं और क्रम से दर्शन पाते हैं। दूसरी लाइन को मुख दर्शनाची लाइन कहते हैं, इस लाइन में सिर्फ दर्शन होते हैं। नवसाची लाइन में दर्शन करने के लिए कभी कभी तो 25 से 40 घंटे तक लग जाते हैं। लालबागचा के राजा भगवान गणेश की जो आकृति यहां प्रतिस्थापित की जाती है, वह एक विशिष्ट आकृति होती है। इस प्रतिमा की सारी रचना परंपरागत गोल मटोल होती है।

गौरतलब है कि लालबागचा के राजा की यह विशिष्ट डिजाइन का कॉपी राइट है, ऐसी प्रतिमा शहर ही नहीं, देश का कोई दूसरा पंडाल नहीं बनवा सकता और न ही अपने यहां स्थापित कर सकता है। मुंबई में चूंकि गणेशोत्सव मानसून के दौरान आता है, इसलिए मानसून की बारिश से इस मूर्ति की रक्षा करना चुनौती होती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण की छठी, भक्तों ने की पूजा-अर्चना, झांकियों और नृत्य से सजा कार्यक्रम



**बांदा।** शहर के बनोयटा स्थित प्रसिद्ध अयोध्यावासी में जन्माष्टमी पर्व एवं छठी में जागरण कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। श्री कृष्ण की छठी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री कृष्ण की पूजा के बाद कढ़ी, पूड़ी और चावल का भोग लगाया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कानपुर से पधारें कलाकारों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश की आरती और हनुमान चालीसा के पाठ से हुई। भक्तिमय माहौल में विभिन्न कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। गणेश जी, भोलेनाथ और अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नृत्य प्रस्तुतियों को दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। रात्रि जागरण का कार्यक्रम हुआ और समाज की महिलाओं व बच्चों ने बढ़ा-चढ़कर भाग लिया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मालती बसु मन्दिर समिति के अध्यक्ष मेवालाल गुप्ता, विजय गुप्ता, रामचंद्र चन्द्री, रामचंद्र बाउआ, वैश्य अमित गुप्ता मनीष, किशोर कुमार गुप्ता, अशीष गुप्ता, विष्णु गुप्ता, दिनेश गुप्ता, संरक्षक सन्त कुमार गुप्ता, राजकुमार, राज, आशुतोष गुप्ता, हरिओम गुप्ता सहित महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में दिनेश, समीर और शिवराम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय माहौल और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, असलहा बरामद



**बबेरू/बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों का संग्रहण व बिक्री करने वालों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह के निकट पर्यवेक्षण में बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा गस्त व चेकिंग की जा रही थी तभी सूचना प्राप्त हुई की, बबेरू कोतवाली क्षेत्र के गडरा नाला सहीदन डेरा के जंगल में एक व्यक्ति अवैध असलहा की फैक्ट्री चला रहा है। जिसमें अवैध असलहों का निर्माण कर बिक्री करता है। सूचना मिलते ही बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा मय फोर्स के साथ 21 अगस्त को शाम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर एक अभियुक्त राम भजन पुत्र देवलाल निषाद निवासी तरसियन डेरा मजरा निभौर थाना बबेरू को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से भारी संख्या में निर्मित अवैध तमंचा व अर्ध निर्मित तमंचा देशी कारतूस, अवैध असलहा बनाने की भारी संख्या में उपकरण बरामद किया गया। जमा तलाशी लेने पर 315 बोर अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ पर बताया कि आसपास के जनपदों में क्षेत्र में 5 से 6 हजार रुपए में तमंचों की बिक्री करता था। जिसके खिलाफ बबेरू कोतवाली पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह ने मीडिया सेल के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया की अभियुक्त को पूर्व में भी अवैध शास्त्रों के निर्माण में जेल भेजा जा चुका है, जिसके खिलाफ बबेरू थाना में तीन मुकदमा व मरका थाना में एक मुकदमा असला बनाने से संबंधित पहले से दर्ज हैं, गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत, उप निरीक्षक कल्बे अब्बास खान,सैफ अहमद, महिला उप निरीक्षक निक्की पटेल, हेड कांस्टेबल रजनीश पांडेय,कांस्टेबल नकुल राय, निर्मल सिंह मौजूद रहे।

### विधायक ओम मणि वर्मा के अथक प्रयास से सिंहपुर में राजकीय हाईस्कूल विद्यालय स्वीकृति



**बबेरू/बांदा।** बच्चों के भविष्य का सपना नरैनी विधायक ओममणी वर्मा के अथक प्रयास से साकार होने जा रहा है है, क्षेत्र वासियों ने खुशी जाहिर किया है। बिसंडा ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिंहपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत राजकीय हाईस्कूल विद्यालय स्वीकृति हुआ जो पानी टंकी के पास शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम के द्वारा मौके पर ग्राम सभा की जमीन की नाप सम्पन्न हुई, जो बहुत जल्द ही एक सुन्दर शिक्षा का मन्दिर बनकर तैयार होगा, विद्यालय की मांग विगत कई वर्षों से हो रही थी जिसमें ग्राम प्रधान राममिलन शिवहरे, राजाबाबू चतुर्वेदी, नीरज कबीर ने लगातार पत्राचार एवं व्यक्तिगत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि से मिलकर मांग करते रहे है। क्योंकि सिंहपुर क्षेत्र के आसपास के गांव के छात्र छात्राओं को ओरन कस्बे में साइकिल व बस के माध्यम से पढ़ाई करने के लिए जाते थे ,जिससे रास्तों में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। और दूर होने से क्षेत्र के लोगों की बेटियां पढ़ने से वंचित रह जाती थी। जिसमें सफलता मिलती दिख रही है,इस महान कार्य में सम्मानित ग्राम पंचायत सिंहपुर के निवासियों ने भी सहयोग किया, और नरैनी विधायक ओममणी वर्मा के प्रयास से एक राजकीय हाईस्कूल विद्यालय की नींव पड़ जा रही है। लोगों का मानना है कि जब हाई स्कूल विद्यालय की नींव पड़ जाएगी तो जल्द ही भूमि पूजन होगा इस विद्यालय पर आने वाले समय में इण्टर तक की शिक्षा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं व बच्चों को मिलेगी लोगों की यही उम्मीद है। इस मौके में राजस्व टीम के साथ साथ काफी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहें।

### डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के कर्मचारी के घर का चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को दिया अंजाम



**हमीरपुर।** डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के कर्मचारी के घर में शुक्रवार को दिनदहाड़े चोरों ने मकान का ताला तोड़कर नकदी और आभूषण समेत हजारों रुपये की चोरी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस मौका मुआयना कर सीसी टीवी खंगालने में जुट गई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मझूपुर निवासी सौरभ गुप्ता के मकान में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के कर्मचारी राहुल रावत पुत्र केदारनाथ रावत पिछले दाई सालों से किराए पर रह रहें है। एक सप्ताह पहले राहुल अपनी पत्नी और बच्चों को कानपुर छोड़ आए थे। राहुल शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे घर का ताला लगाकर न्यायालय चले गए, तभी अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ कर नगदी सहित सोने चांदी के आभूषण और गृहस्ती का सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना पड़ोसी द्वारा मिलने पर पहुंचे राहुल रावत घर पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा था अन्दर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था वहीं अलमारी खुली पड़ी थी। राहुल तत्काल सदर कोतवाली पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है।

### निरीक्षण में मुंडेरा के चारों आंगनवाड़ी केंद्र मिले बंद

**सुमेरपुर।** बाल विकास परियोजना के सुपरवाइजर को निरीक्षण में शुक्रवार को ग्राम पंचायत मुंडेरा के चारों आंगनवाड़ी केंद्र बंद मिले। सुपरवाइजर ने निरीक्षण की रिपोर्ट सीडीपीओ को सौंपी है। बाल विकास परियोजना के सुपरवाइजर शशिकांति ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का समय सुबह 8 :00 बजे से दोपहर 2 :00 बजे तक निर्धारित है। ग्राम पंचायत मुंडेरा में ज्ञानश्री, संगीता, सरोज सिंह व शशि के केंद्र संचालित है। शुक्रवार को सुबह 8 :30 से 9 :30 बजे तक यह चारों केंद्र बंद थे। संगीता के केंद्र के बाहर एक नौनिहाल केंद्र खोलने के इंतजार में बैठा मिला। इसी तरह शशि ने उनके पहुंचने के बाद केंद्र खोला। सुपरवाइजर ने चारों केंद्र बंद होने की रिपोर्ट बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति भीलवारे को सौंपी है।

### कांग्रेसियों ने की प्रोफेसर के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग



**राठ, हमीरपुर।** तहसील परिसर में आज जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा अंधविश्वास व पाखंडवाद फैलाने के विरोध को लेकर व बागेश्वर धाम जन समिति के द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रविकांत चंदन के विरुद्ध दर्ज कराए गए मुकदमे को रद्द कराए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन और नारेबाकरते हुए उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी के हमीरपुर जिला अध्यक्ष गोविंद अहिरवार ने बताया कि आज अपने कांग्रेसी साथियों के साथ मिलकर उन्होंने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख मांग है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रविकांत चंदन के विरुद्ध दर्ज फर्जी झूठे मुकदमा को तत्काल वापस लिया जाए तथा देशव्यापी ड्रग्स एंड मैजिक रेमडीज एक्ट 1954 लागू किया जाए। तथा इसके अलावा लोकसभा में डायन शिकार निवारण विधेयक पारित किया जाए। साथ ही उत्तर प्रदेश विधानसभा में अंधविश्वास विरोधी कानून भी माफ किया जाए। इस दौरान गोविंद अहिरवार, प्रताप, डॉक्टर श्रीष राजपूत, शकील अहमद, दुष्यंत, हरिशरण व सुरेश चंद्र के अलावा कांग्रेसी मौजूद रहे।

# खाद की समस्या को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन

- जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में हो रही इन दिनों खाद की समस्या को लेकर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा के निर्देशन में समाजवादी पार्टी के लोगों द्वारा खाद की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया है। जहां विरोध प्रदर्शन के दौरान किसानों की उर्वरक खाद के समस्या के विषय में जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल का ध्यान आकर्षित करते हुए अन्नदाताओं की समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। किसानों की खाद की समस्या को लेकर समाजवादी पार्टी के बांदा चित्रकूट सांसद कृष्ण सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सांसद विशंभर निषाद, जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा, ओम नारायण त्रिपाठी, महेंद्र वर्मा तथा समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेताओं ने मिलकर किसानों की समस्या को लेकर उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरने का काम किया है।

समाजवादी पार्टी के लोगों द्वारा बताया गया है कि भाजपा सरकार कहती कुछ है और करती कुछ है किसानों के हित की सिर्फ बात करके किसानों का शोषण कर रही है, खाद की समस्या को लेकर समाजवादी पार्टी के लोगों ने कहा, लोग सुबह से डीएपी खाद के लिए लाइन लगाकर खड़े हो जाते हैं और कई घंटे बीतने के बाद भी खाद नहीं मिलती, और ऊपर से इस भयंकर भीड़ में लोग लाइन लगाकर खाद के लिए अपनी-अपनी बारी की प्रतीक्षा में खड़े नजर आते हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार, किसानों के संबंध में सिर्फ बयान बाजी करते हुए दिखाई दे रही है बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल ने कहा अगर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो हम लोग किसानो की आवाज लगातार उठाते रहेंगे और भाजपा सरकार का विरोध भी करेंगे, जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता। समाजवादी पार्टी के लोगों का कहना है कि भाजपा की सरकर ओ चाहे केंद्र की हो या राज्य की, जनता के हित का ध्यान नहीं रख पा रही है।

### खाद वितरण में किसानों से भेदभाव का आरोप, सपा नेता ने क्षेत्रीय विधायक को दिया शिकायती पत्र

**बबेरू/बांदा।** खाद वितरण में किसानों के साथ किया जाता है भेदभाव और प्रभाव शाली किसानों को जरूरत से ज्यादा खाद बिना लाइन लगाए मिल जाती है। सुबह से लाइनों में लगे असहाय किसानों को शाम तक भी खाद नसीब नहीं होती है। यह आरोप सपा व्यापार सभा के विधान सभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार शिवहरे द्वारा विधायक को दिए शिकायती पत्र में कहा है। समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार शिवहरे ने क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव को शिकायती पत्र देकर बताया कि वर्तमान में खाद की किल्लत व सभी किसानों को खाद न मिलने से क्षेत्र के किसान परेशान हैं और खाद के लिए सुबह से ही भूखे प्यासे किसान लाइनों में खड़ा रहता है। पुरुष के साथ महिला किसान भी लाइन में खाद के लिए खड़ी रहती हैं और प्रभाव शाली किसानों को बिना लाइन लगाए जरूरत से ज्यादा खाद दिया जाता है और आम किसानों दिन भर लाइन में भूखे प्यासे भी खाद नसीब नहीं होती है और निराश हो गांव चला जाता है। शिकायती पत्र को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव ने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि छोटे बड़े सभी किसानों को बिना भेदभाव खाद दिया जाए। किसी को भी जरूरत से ज्यादा खाद न दी जाए।

## गणेश महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**




केन्द्रीय गणेश महोत्सव समिति की प्रथम बैठक महेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी अशोक ओमर ने की, जिसमें गणेश उत्सव की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। इस बार शहर में 80 पंडालों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। समिति के प्रमुख संरक्षक एवं विहिप के प्रांतीय पदाधिकारी चन्द्रमोहन बेदी ने बताया कि समिति की द्वितीय बैठक 25 अगस्त को रामलीला मैदान प्रांगण में आयोजित होगी। वहीं 26 अगस्त को समिति द्वारा गणेश उत्सव की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक अमित सेठ 'भोलू' ने बताया कि 27 अगस्त से गणेश चतुर्थी का पावन उत्सव प्रारंभ होगा। नगर में इस अवसर पर लगभग 80 गणेश पंडाल स्थापित किए जाएंगे, जिनका विसर्जन 11वें दिन यानी 6 सितम्बर को धूमधाम से किया जाएगा। बैठक का संचालन महेन्द्र धुरिया 'शंभु' ने किया। उन्होंने सभी समिति अध्यक्षों से आग्रह किया कि उत्सव की भव्यता और अनुशासन बनाए रखने में सक्रिय सहयोग दें। समिति के अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने आए हुए सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बैठक में भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह, लव सिन्हा, रजत रावत, दीपक गुप्ता, सुलभ सहगल, बदलेश सिंह, विमल निगम, बाबूराम निषाद, सूरज सोनी, शैलेन्द्र वर्मा, जीतू तिवारी, सचिन सोनकर, छोटू धुरिया, मणि शंकर रूपालिया और अर्जित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### बाइक से गिरकर शिक्षक घायल

**बबेरू/बांदा।** बबेरू से विद्यालय पढ़ने जाते समय सुनहुला मोड के पास कुत्ता आ जाने से शिक्षक बाइक से गिरकर गम्भीर रूप से घायल शिक्षको ने इलाज हेतु सामु स्वा केन्द्र मे भती कराया प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पातल रेफर कर दिया। कस्वा निवासी नवनीत सिंह पुत्र धनराज उम्र 46 वर्ष सुबह की तरह मऊ प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य विद्यालय जाते समय सुनहुला मोड के पास अचानक कुत्ते से टक्कर हो जाने से गिर गये और गम्भीर रूप से घायल हो गये और अन्य शिक्षकों ने देखा तो आनन फानन इलाज हेतु सामु. स्वा केन्द्र में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया घायल शिक्षक हेलमेट लगाये हुये थे।

## गौवंश के गोबर एवं मूत्र का खेती में उपयोग करने से बेहतर पैदावार प्राप्त होगी: श्याम बिहारी

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



- जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता की अध्यक्षता एवं सदस्य गौ सेवा आयोग राजेश सिंह सेंगर, विधायक ओममणि वर्मा एवं एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर की उपस्थिति में जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री गौवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत प्रत्येक किसान व लोगों को एक गौवंश का संरक्षण करने पर प्रतिमाह 1500 रूपये की धनराशि दी जायेगी। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड के जनपद बॉदा को गौवंश संरक्षण हेतु एक मॉडल के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने गौशालाओं में सीसीटीवी लगाकर कन्ट्रोल रूम बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि गौवंश के गोबर एवं मूत्र का खेती में उपयोग करने से बेहतर पैदावार प्राप्त होगी। उन्होंने गौवंशों हेतु गोचर भूमि में हरे चारे की व्यवस्था कराये जाने तथा मनरेगा से कैटेल यूनिट सेड बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गौशाला संचालकों से कहा कि वह गौवंशों हेतु एक एकड भूमि में हरे चारे का उत्पादन करें। उन्होंने गौ संरक्षण को मिशनरी के रूप में कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर एक किसान एक गाय अवश्य पालें।

उन्होंने गाय के गोबर से बायोगैस बनाये जाने एवं गौशालाओं में केयर टेकर के साथ पाराबिट रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिये कि कोई भी गौवंश सड़क पर न विचरण करने पायें, उन्हें गौशालाओं में संरक्षित रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थायें की जायें। उन्होंने नश्ल संवर्धन पर एक कार्यशाला का आयोजन भी किये जाने के निर्देश दिये। सदस्य गौ सेवा आयोग राजेश सिंह सेंगर ने कहा कि जनपद में संचालित 310 गौशालाओं में गौवंशों को संरक्षित किया जाए तथा गौवंश नर व मादा तथा बच्चों को अलग-अलग रखा जाए एवं उनकी चिकित्सीय व्यवस्था तथा हरा चारा, पानी, भूसा सहित सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें। उन्होंने गौवंश नश्ल सुधार पर जोर देते हुए कहा कि अधिक दूध उत्पादन वाली गायों की संख्या बढ़ायी जाए, जिससे लोग गौवंशों को निराश्रित न छोड़ें और उन्हें आय का साधन हो सके। उन्होंने ब्लाक स्तरीय अनुश्रवण समिति में ब्लाक प्रमुखों को भी सम्मिलित किये जाने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि जनपद के मटौंध में संवेदनशीलता के गौवंशों का बेहतर संरक्षण किया जा रहा है, इसी तरह अन्य गौशालाओं में गौ संरक्षण कर जनपद को मॉडल जनपद बनाया जाए। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष बबेरू विवेकानंद, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वन्दना गुप्ता सहित मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं गौपालक तथा सम्बन्धित पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

### एडी ने किया सीएचसी का औचक निरक्षण

**राठ, हमीरपुर।** स्वास्थ विभाग के अपर निदेशक व मंडल कोआडिनेटर ने नगर के सीएचसी का औचक निरक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को समुचित स्वास्थ सेवायें उपलब्ध कराने को आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। डॉ. बीकेवर्मा व मंडल कोआडिनेटर डॉ. बीपी सिंह ने नगर सामुदायिक स्वास्थ्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, दवा वितरण, दंत चिकित्सा कक्ष में आने वाले प्रतिदिन मरीजों की संख्या का लेखा–जोखा लिया। उन्होंने दवाओं का स्टॉक रजिस्टर चेक किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र आने वाले मरीजों को समुचित इलाज उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य केंद्र परिसर के अंदर भरे पानी की निकासी कराने की बात कही। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षक डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, डॉ. नेहा यादव, डॉ. चंद्रशेखर राजपूत, डॉ. नवनीत पाल, फार्मासिस्ट विवेक गुप्ता, आशुतोष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालत में कमरे में अचेत मिली विवाहिता, चिकित्सकों ने घोषित किया मृत

- पिता ने लगाया हत्या का आरोप, ससुरालीजन हिरासत में

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के भौनिया गांव में एक विवाहिता कमरे में अचेत अवस्था में पड़ी मिली। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सको ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सास, ससुर व देवर को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जबकि पति छत्तीसगढ़ के रायपुर में रहकर मजदूरी करता है। घटना से उसे अवगत कराकर गांव बुलाया गया है। महोबा जनपद के कबरई थानाक्षेत्र के रिवई गांव निवासी प्रियंका कुशवाहा (28) की शादी जून 2018 में भौनिया गांव निवासी प्रदीप कुमार कुशवाहा के साथ हुई थी। दोनों से एक पुत्री दीपा (6), एक पुत्र सागर (4) है। जबकि पति प्रदीप छत्तीसगढ़ के रायपुर में रहकर मजदूरी करता है। गुरुवार को रात करीब 10:00 बजे प्रियंका अचेत अवस्था में कमरे के अंदर पड़ी थी। उसके सिर से खून बह रहा था। परिजन उसे उठाकर कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। यहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी प्रभारी मनीष पटेल मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल के उपरांत मृतका के पिता को अवगत कराया। उसके पिता ने पुत्री की हत्या का आरोप लगाया है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि महिला के सिर पर चोट लगी है। पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## दिनभर उमस और तेज धूप से बेहाल, शाम होते ही बारिश ने दी राहत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शुक्रवार दिनभर भीषण उमस के बाद शाम को अचानक मौसम का मिजाज को बदल गया। बीते कई दिनों से गर्मी व उमस से बहाल लोगों को शाम को हुई मूसलाधार बारिश ने राहत दे दी। बारिश भले ही कुछ देर के लिए हुई, लेकिन इससे मौसम सुहावना हो गया। पूरे दिन तो तेज धूप और बादलों की आवाजाही से उमस बनी रही। धूप और गर्मी से बचाव करने के लिए लोग तमाम जतन करते नजर आए। भादौ माह में जन्माष्टमी अवसर पर हुई बारिश के बाद से मानसून रूठ ही चुका था, करीब छह दिनों से बारिश ही नहीं हुई, ऐसे में गर्मी के मारे लोगों का हाल बेहाल हो गया। सुबह से तेज धूप निकल रही और पूरे दिन बनी रहती है।बृहस्पतिवार की सुबह हुई हल्की बारिश के बाद उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया था। सूरज की तेज रोशनी के साथ शुक्रवार की सुबह हुई हालांकि कुछ देर के बाद बादल छा गए, लेकिन बारिश नहीं हुई। बादलों की वजह से कुछ धूप तो कम हुई, वहीं घंटे भर में ही धूप फिर निकल आई। इससे उमस हो गई। धूप से बचने के लिए लोग तमाम जतन करते दिखे। शाम करीब चार बजे आसमान में बादल छाए और कुछ ही देर हल्की बारिश होकर धम गई लगभग दो घंटे बाद तेज हवाओं और गरज के साथ फिर मूसलाधार बारिश होने लगी। करीब आधा घंटे तक तेज रफ्तार में पानी बरसा। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष ज्यादा भव्य होगा तीजा मेला

- सभी कमेटियों ने किये भव्यता के प्रयास

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



इस वर्ष कस्बे का ऐतिहासिक तीजा मेला अन्य वर्षो की तुलना में कुछ अलग नजर आएगा। शोभायात्रा से लेकर पशु बाजार मेला मैदान, रामलीला मैदान के कार्यक्रमों में इस बार बड़ा बदलाव करके भव्यता देने की कोशिश की जा रही है।

कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला में महज चार दिन बचे हैं। श्रीकृष्ण तीजा मेला कमेटी के अध्यक्ष जयप्रकाश दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा में राम सेना की कई झांकियां शामिल की जा रही है। इसके लिए 50 रामभक्तों का चयन किया गया है। इसी तरह पशु बाजार मेला मैदान में इस वर्ष बड़ा बदलाव किया गया है। इस वर्ष मेले की ठेके के बजाय पशु बाजार मालिकानों ने खुद ही जिम्मेदारी संभाली है। पशु बाजार मालिक सौमित्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष मेले को भव्यता प्रदान की गई है। मेले में इस वर्ष कई तरह के झूले बढ़ाए गए हैं। साथ ही सर्कस की संख्या में इजाफा किया गया है। इसी तरह दंगल में इस वर्ष राष्ट्रीय केसरी, उत्तर प्रदेश केसरी, बुंदेलखंड केसरी, हरियाणा केसरी को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। इनके अलावा जिले के 10 मशहूर पहलवानों के साथ महिला पहलवानों की कुश्ती कराई जाएगी। रामलीला मैदान के कार्यक्रमों में भी इस वर्ष बड़ा बदलाव किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 26 अगस्त को खन्ना म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार प्रस्तुत देंगे। इसी तरह 27 अगस्त को बुंदेलखंड के मशहूर बुंदेली गीत गायक बाबूलाल मस्ताना ग्रुप के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस वर्ष नागनाथ लीला में हरचंदन तालाब की छटा निराली होगी। नगर पंचायत ने एक करोड़ से ज्यादा की धनराशि व्यय करके इस ऐतिहासिक तालाब का जीर्णोद्धार कराकर चारों तरफ से लोहे की रेलिंग लगाकर आरसीसी मार्ग तैयार किया है। साथ ही तिरंगे का लुक देकर इसको आकर्षक बनाया है। लाइटिंग की चारों तरफ बेहतरीन व्यवस्था की गई है।

### बहू के आरोपों से आहत जेठ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर।** छोटे भाई की पत्नी द्वारा झूठे आरोप लगाकर की गई शिकायत की निष्पक्ष जाँच कर दोस मुक्त कराने की मांग को लेकर पीड़ित जेठ ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा है। सरीला तहसील के बंडवा गांव निवासी कालीदीन पुत्र रघुनाथ ने ज्ञापन में बताया कि उसके छोटे भाई स्व. ओमप्रकाश की पत्नी शांति ने सरीला तहसील और मुस्करा थाने में उसके द्वारा घर में कब्जा करने, खेत ना देने सहित घर का ताला तोड़कर सामान निकाल लेने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। जबकि उसने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उसने बहू द्वारा फर्जी मुकदमे फसने से आहत होकर शुक्रवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंप प्रकरण की निष्पक्ष जाँच करने और लगाए गए आरोपों से दोस मुक्त करने की मांग की है।

## 18 लाख की लागत से बना चेक डैम धराशाई

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



लघु सिंचाई विभाग से सिजनौडा के पास चंद्रावल नदी में बनाया गया चेकडैम एक बरसात भी नहीं झेल पाया पहली ही बरसात डस्स मिट्टी से बनाया गया डैम धराशाई हो गया। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है लोगों का कहना है ठेकेदार और जेई गड़बड़ी का अनुमान इसी डैम से लगाया जा सकता है।

18 लाख की लागत से लघु सिंचाई विभाग द्वारा सिजनौडा के समीप बहने वाली चंद्रावल नदी में 6 माह पूर्व चेक डैम का निर्माण कराया गया था जो पहली ही बरसात में बह गया। वही पानी के तेज बहाव के कारण नदी के किनारे राजेंद्र सिंह, लक्ष्मी सिंह, मीना सिंह व दीपू सिंह समेत कई किसानों के खेतों की मिट्टी बहने से खेत खराब हो गए हैं। ग्राम प्रधान प्रहलाद निषाद ने बताया कि चेक डैम निर्माण के समय प्रशासन व ठेकेदारों ने जो लापरवाही बरती है, यह उसी का नतीजा है। उसका कहना है कि यदि नदी की चौड़ाई के हिसाब से चेक डैम का निर्माण कराया जाता तो शायद यह स्थिति उत्पन्न ना होती। जब इस मामले में जेई सदानंद से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया चेक डैम के ठेकेदार की सिक्योरिटी अभी भी जमा है 3 वर्ष तक के मेंटेनेंस का ठेका होता है बरसात बाद पानी कम होने पर चेक डैम की मरम्मत कराई जाएगी। इस मामले को लेकर गांव के किसानों में अच्छा खासा आक्रोश व्याप्त है।

## गाजे-बाजे संग अबीर-गुलाल उड़ाते लाई गई गणेश प्रतिमा



**सुमेरपुर।** कस्बे के रामलीला मैदान में स्थापित होने वाली गणेश प्रतिमा शुक्रवार को धूमधाम के साथ गाजे बाजे के साथ देवगांव चौराहा से रामलीला मैदान प्रांगण में लाई गई।

कस्बे के रामलीला मैदान में स्थापित होने वाली गणेश प्रतिमा को गणेश भक्त शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ अबीर गुलाल उड़ाते हुए रामलीला मैदान में लेकर आए। आगामी 27 अगस्त को विधि विधान के संग भव्यता के साथ मूर्ति की स्थापना होगी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे, छोटू सिंह, अखिलेश साहू, कमेटी अध्यक्ष हर्ष उर्फ लालू गुप्ता, प्रवीण निगम, आयुष ओमर, नवनीत ओमर, महेंद्र लखेरा, शुभम दीक्षित, शिवम, सुनील कुमार, नैतिक गुप्ता, यश, अच्चू शिवहरे, नरेंद्र, पवन, अभिषेक, अजय प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# शीतगृहों से आलू निकासी की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शीतगृहों से आलू निकासी की समीक्षा हेतु मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन,उप निदेशक उद्यान, शीतगृह स्वामियों, मंडी सचिव एवं किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2025 की आलू भण्डारण स्थिति, वर्तमान निकासी दर, मंडी भाव तथा किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

▸ किसानों को आलू विक्रय के लिए यथा आवश्यक मार्केट उपलब्ध कराने व खाद आपूर्ति पर भी हुई चर्चा

बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान वर्ष 2025 में जनपद के 77 निजी शीतगृहों में कुल 7,69,226 मीट्रिक टन आलू भण्डारित हुआ था।जिले के 90 प्रतिशत से अधिक किसान आलू की खेती करते हैं और अधिकांश उत्पादन बिहार, पश्चिम बंगाल एवं असम राज्यों में भेजा जाता है। गत वर्ष अगस्त माह में आलू की निकासी दर 33 प्रतिशत रही थी, जबकि इस वर्ष अगस्त 2025 में निकासी घटकर लगभग 25.40 प्रतिशत पर आ गई है। जिलाधिकारी ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने मंडी सचिव व जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए, कि किसानों को यथासंभव मार्केट उपलब्ध कराया जाए, और शीतगृह स्वामियों को भी किसानों के हित में सहयोग हेतु आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने किसान यूनियन पदाधिकारियों व किसानों से संवाद कर जनपद में खाद की उपलब्धता पर भी जानकारी ली। किसानों ने बताया कि अब समितियों के माध्यम से खाद पहले की अपेक्षा अब सुगमता से किसानों को प्राप्त हो रही है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, उप निदेशक उद्यान गीता त्रिवेदी, जिला उद्यान अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत 78 प्रकरणों पर हुई चर्चा

▸ महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर डीएम की अध्यक्षता में हुई संचालन समिति की बैठक

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत जिला संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में समिति के समक्ष कुल 78 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिन पर सदस्यगणों द्वारा विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराई जाए तथा जिन प्रकरणों में शासकीय रिपोर्ट या जांच लंबित है, उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, जिससे पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को त्वरित राहत मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन,अपर पुलिस अधीक्षक विकास त्रिपाठी जिला प्रोबेशन अधिकारी, ए0सी0एम0ओ0, ए0डी0 अभियोजन,महिला कल्याण विभाग के अधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष हिंसा व उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं-बालिकाओं के लिए है त्वरित संबल

उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना राज्य सरकार द्वारा ऐसी महिलाओं और बालिकाओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जा रही है जो हिंसा, उत्पीड़न या गंभीर अपराधों की शिकार होती हैं। इस योजना का उद्देश्य पीड़िताओं को न केवल आर्थिक सहयोग देना है, बल्कि उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के दौरान संबल प्रदान करना और समाज में पुनः सम्मानजनक जीवन जीने के लिए सक्षम बनाना भी है। इस कोष के माध्यम से बलात्कार, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी तथा अन्य अपराधों से प्रभावित महिलाओं और बालिकाओं को समयबद्ध राहत दिलाई जाती है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और न्याय की राह में किसी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े।

# मंगलपुर गांव में हुई लगभग 15 लाख रुपये की चोरी, प्राथमिकी दर्ज



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

थाना लोनी कटरा अंतर्गत मंगलपुर गांव निवासी गोकरन प्रसाद वर्मा के घर में बीती रात हुई चोरी में चोर तीन महिलाओं के लगभग 15 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। गृह स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

पीड़ित ने बताया कि बीती रात घर पर ही बाहरी कमरे के बाहर वह, जबकि उसकी पत्नी व बेटी घर के अन्दर कमरे में रोजाना की तरह खाना खा कर लगभग 11 बजे सोने चले गए। आज सुबह उठने पर घर के अन्दर स्थित आर्मी में नौकरी करने वाले बड़े बेटे सूरज कुमार वर्मा के कमरे में अलमारी व बक्शो में रखे बड़ी बहू दिव्या वर्मा को शादी में मिले जेवरो के अलावा पत्नी मिथिलेश कुमारी व बेटी की शादी के लिए बनवाये गये जेवर गायब थे। एवं कमरे में सामान बिखरा हुआ पड़ा था। गोकरन ने बताया कि चोरो ने उसके घर की छत पर चढ़ने के बाद बेलचक से जीने के बगल की दीवार से ईंटे हटायी व सिटकनी खोलकर जीने से नीचे उतर आए। जिसके बाद चोर फौजी के कमरे में अलमारी व बक्शो में रखे जेवर लेकर रफू चक्कर हो गए पीड़ित गोकरन वर्मा ने बताया कि उनका फौजी पुत्र अपने परिवार के साथ नौकरी के सिलसिले में बाहर ही रहता है।

## खबरें एक नजर में

### कृष्ण जन्माष्टमी पर भजन के साथ आयोजित हुआ भंडारा, सैकड़ों लोगों ने लिया प्रसाद




मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी के छठी पर झांकी के साथ भजन के आयोजन के साथ भव्य भण्डारे देर शाम तक चला। जिसके महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने पुड़ी सब्जी और खीर का प्रसाद ग्रहण किया। कस्बा मसौली के मोहल्ला भूलीगज में शिव मन्दिर पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। गुरुवार के दिन छठी के मौके पर भगवान श्रीकृष्ण और राधा, भोलेनाथ, हनुमान सहित कई भव्य झांकियां प्रस्तुत करने के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया और भण्डारा में पुड़ी, सब्जी और खीर की व्यवस्था की गई। जिसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया।जो देर शाम तक चलता रहा। इस मौके पर अखिलेश यादव, जगजीवन, रिंकू यादव, आजाद यादव, कमालुद्दीन, शादाब खान, हिमांशु, हर्ष यादव,चन्द्रर यादव, लवकुश मौर्या, सुनील यादव सहित काफी लोग मौजूद थे।

### करंट की चपेट में आई मासूम बच्ची की मौत



बेलहरा-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। घर में खेलते समय करंट की चपेट में आकर एक बच्ची की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की छेदा चौकी के बाजार पुरवा निवासी नसीर आलम की बेटी अमायरा (6) शुक्रवार करीब 11 बजे घर में खेल रही थी। खेलते खेलते बच्ची ने ज़मीन पर रखे बिजली के बोर्ड को कपड़ लिया जिससे वह करंट की चपेट में आ गई। घर वाले जब तक बच्ची को इलाज के लिए कहीं ले जाते तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची की मौत से घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष मिश्र ने बताया कि उन्हें ऐसी किसी भी घटना की जानकारी नहीं है।

### एसडीएम का अर्दली सड़क दुर्घटना में घायल



रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। गुरुवार की रात एक हादसे में एसडीएम कार्यालय के अर्दली महेश (44) गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक महेश मोटरसाइकिल से एक निमंत्रण में जा रहे थे, तभी अचानक सड़क पर कुत्ता आ गया। बचाव के प्रयास में उनकी बाइक असंतुलित होकर पलट गई, जिससे वे चोटिल हो गए। घटना की सूचना पाकर एसडीएम अनुराग सिंह तत्काल सीएचसी पहुंचे और अर्दली के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमरेश वर्मा ने बताया कि महेश के सिर में हल्की चोट आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य है और उन्हें घर भेज दिया गया है।अचानक हुए इस हादसे से प्रशासनिक अमले में हलचल मच गई थी। एसडीएम का खुद अस्पताल पहुंचना और उपचार की व्यवस्था देखना कर्मचारियों के प्रति उनकी संवेदनशीलता का परिचायक माना जा रहा है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत



इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर मानिकपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। थाना चौबिया के गांव नगला सिंघ के रहने वाले उमेश यादव (37) पुत्र राम नाथ गुरुवार देर रात साढे आठ बजे पैदल नेशनल हाईवे पार कर रहा था। तभी मानिकपुर मोड़ के पास कानपुर की तरफ से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार घायल कर दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चचेरे भाई राहुल ने बताया मृतक युवक दो भाईयों में घर का बड़ा बेटा था वह तीन साल से इटावा में ही किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। । अपने पीछे पत्नी रूबी, तीन पुत्र एक बेटी के साथ माता प्रयागश्री देवी को रोते बिलखते छोड़ गया है। थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया पंचनामा की कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम कराया गया।

### सर्पदंश से बालिका की मौत

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। पुरवा कोतवाली क्षेत्र में भोरपहर सोते समय 10 वर्षीय बच्ची की उंगली में जहरीले सांप ने काट लिया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अड़गांव पासाखेड़ा निवासी दीपक साहू की 10 वर्षीय बेटी गौरी शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे अपने माता-पिता और बडे भाई आनंद के साथ कमरे में सो रही थी। रात में करवट लेते समय उसका हाथ बेड से नीचे लटक गया। इसी दौरान किसी जहरीले कीड़े ने उसकी अंगुली में काट लिया। खून बहने और दर्द होने पर गौरी ने अपनी मां को जगाया। जिसके बाद परिजनों ने आसपास देखा तो जहरीला करेट सर्प दिखाई दिया। परिवारवाले तुरंत उसे पहाड़पुर ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद भी आराम नहीं मिला। इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौरी उच्च प्राथमिक विद्यालय अड़गांव पासाखेडा कम्पोजिट में कक्षा 5 की छात्रा थी। बच्ची की मौत से पिता दीपक साहू मां आरती भाई आनंद बाबा रूपम साहू रो-रोकर बेहाल है।

# युवती ने पड़ोसी जनपद के युवक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

सुबेहा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली19 वर्षीय युवती ने पड़ोसी जनपद अमेठी के रहने वाले एक युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने कपड़े फाड़ने वाला शादी से इंकार करने का आरोप लगाया हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

युवती ने बताया कि पड़ोसी जनपद अमेठी के थाना शुक्ल बाजार अंतर्गत इक्का ताजपुर निवासी गुलशन पुत्र सुरेश गौतम जो कि शटरिंग का काम करता है। पीड़िता ने बताया कि शटरिंग लगाने उसके गांव आया आरोपी उसे देखने के बाद डरा धमकाकर फोन नंबर दिया और कहा कि बात नहीं करोगी तो मैं तुम्हें जान से मार दूंगा। डर के चलते वह बातचीत करने लगी। आरोपी उससे बातचीत के दौरान शादी का वादा करने लगा।

पीड़िता ने बताया की गत 16 अगस्त की रात 12 बजे आरोपी मेरे घर पर दीवार फांदकर मेरे कमरे में आया। मै सो रही थी उसने बुरी नियत से मेरा हाथ पकडकर खीचा और मेरे साथ छेड़-छाड करने लगा और मेरे कपड़े फाड़ डाले मैने शोर किया तो मेरे माता पिता जाग गये। आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया और मुझे तथा मेरे माता पिता को गालिया व जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चला गया।

# रिक्शा चालक व उसके चाचा को दबंगों ने पीटा

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।रिक्शा चलाकर वापस घर जा रहे रिक्शा चालक और उसको बचाने आए चाचा की दबंगों ने बिना वजह पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है।

कोतवाली हैदरगढ़ के मिश्रन का पुरवा मजरे रौनी गांव निवासी संदीप पुत्र ओमप्रकाश यादव ने बताया कि वह गुरुवार की दोपहर 3 बजे रिक्शा लेकर घर जा रहा था जब वह घर के नजदीक पहुंचा उसी समय भानु यादव एवं राजेश पुत्र बाबूलाल ने लाठी डंडो एवं पत्थरो से हमला कर दिया। आवाज सुनकर बचाने दौड़े सुखदेव पुत्र बाबूलाल ने पिटाई कर दी।

# भिटरिया-दरियाबाद मार्ग पर रेलवे का ब्रिज बनना शुरू

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

भिटरिया-दरियाबाद मार्ग स्थित रेलवे लाइन पर बहुप्रतीक्षित ओवरब्रिज निर्माण कार्य 44 करोड़ से अधिक लागत से बनाये जाने को लेकर सेतु निर्माण निगम द्वारा कार्य शुरू कर दिया है करीब 900 मीटर लंबे इस ओवरब्रिज के बनने से क्षेत्रवासियों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी ।

. भिटरिया-टिकैत नगर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती थी। दो दर्जन से अधिक ट्रेनों के गुजरने के कारण घंटों तक क्रॉसिंग बंद रहती थी, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। तराई क्षेत्र तक पहुंचने वालों के लिए यह मार्ग सबसे अहम है। अब ओवरब्रिज बनने से आवागमन सुगम होगा और यात्रियों को राहत मिलेगी।



▸ 44 करोड़ से बन रहा ओवरब्रिज

ओवरब्रिज निर्माण में मथुरा नगर व जेठौती कुर्मियान गांव के दो दर्जन से अधिक किसानों की भूमि अधिग्रहित की जाएगी। किसानों को सर्किल रेट से चार गुना अधिक मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। सड़क किनारे खाली पड़ी जमीन के अधिग्रहण से किसानों को भारी मुआवजा मिलेगा, जिससे वे आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे। एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर राजस्व टीम ने अधिकतर किसानों से सहमति पत्र ले लिया है।इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा कराया जा रहा है। प्रोजेक्ट इंचार्ज मनीष सिंह के नेतृत्व में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रशासन का दावा है कि यह ओवरब्रिज नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देने वाली एक बड़ी सौगात साबित होगा। इसके पूरा होने पर न केवल जाम से मुक्ति मिलेगी बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी आएगी।

# बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

बीतीरात अचलगंज-पुरवा मार्ग पर मौसी के घर से लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हेलमेट न लगा होने से सिर पर आई गंभीर चोटों से उसकी मौत हो गई। वहीं हादसे की खबर मिलते नई दिल्ली से लौट रहे मौसेरे भाई की भी मैनपुरी जिले में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं उसकी बाइक में पीछे बैठा मौसी का बेटा गंभीर घायल हो गया। एक साथ हुई दो मौतों से परिजनों में कोहराम मचा है।

अचलगंज थाना क्षेत्र के बेथर गांव निवासी पंकज रावत (26) पुत्र हरिकिशोर मुंबई में शटरिंग का मिस्त्री था। स्वास्थ्य खराब होने से वह बीते एक माह से गांव में ही था। गुरुवार को वह मां रामा के साथ शिवपुर गांव निवासी मौसेरे भाई विजय की बेटी की छठी उत्सव में शामिल होने गया था। जहां से वह अकेले घर लौट रहा था तभी अचलगंज-पुरवा मार्ग पर शिवपुर कुर्मियान गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह उछलकर वाहन से टकरा गया और सड़क पर गिरने से उसके सिर में गंभीर चोटें आई। पुलिस उसे घायल हालात में जिला अस्पताल लाई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पंकज की अभी शादी नहीं हुई थी, वह तीन भाइयों दिलीप, ओमप्रकाश से बड़ा था। मां रामा और

▸ दिल्ली से लौट रहे मौसेरे भाई की सड़क हादसे में गई जान, छोटा भाई गंभीर

बहन मीरा उसकी मौत की खबर मिलते अस्पताल पहुंची और शव देख कर बेहाल हो गई। पिता हरिकिशोर ने बताया कि पंकज का भाई दिलीप व थाना क्षेत्र के रेठनई गांव निवासी उसकी मौसी शिवप्यारी का बेटा अवधेश उर्फ नीरज (22) पुत्र सुरेश नई दिल्ली में नौकरी करते थे। दोनों रक्षाबंधन पर अपने घर आए थे। गुरुवार को दोनों बाइक से नई दिल्ली जा रहे थे तभी उन्हें पंकज की मौत की सूचना मिली।

इसपर वह रस्ते से वापस घर लौट रहे थे तभी मैनपुरी जिला के बेवर कस्बा के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां अवधेश को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया वही दिलीप को कानपुर रेफर किया गया है। इसकी सूचना पर अवधेश के परिजन रात में मैनपुरी के लिए निकल गए। उसका वहीं पर पोस्टमार्टम हो रहा है। सड़क हादसों में दो युवको की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मची है। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि पोस्टमार्टम करा पंकज का शव परिजनों को सुपुर्द किया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण



उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुलिस लाइन का बल, विभिन्न कार्यालयों व थानों में नियुक्त पुलिसकर्मी एवं रिक्रूट आरक्षी सम्मिलित हुए। परेड निरीक्षण के पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन परिसर, पीआरवी वाहन, गार्द रजिस्टर आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन अब्दुल रशीद एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दबंगों ने महिला को सरेआम बेल्टो से पीटा वीडियो वायरल



उन्नाव, समृद्धि न्यूज। सदर कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला आदर्श नगर में एक महिला से दो युवकों द्वारा मारपीट करने का वीडियो वायरल हुआ। पीडिता ने कार्यवाही के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। वायरल वीडियो में दो युवक एक महिला को बेल्ट से पीट रहे हैं। हमलावरो ने बचाव कर रही एक युवती को भी पीटा। मारपीट करने वाले आदर्श नगर नहर निवासी मंटू यादव व उसके साथी बताये जाते हैं जिनपर आरोप है कि ठेला लगाकर जीवन यापन करने वालों की लड़कियों से छेड़खानी का विरोध करने पर आदर्श नगर निवासी महिला और बेटियों को बेल्ट से पीटा। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी युवकों की तलाश कर रही है।

# पति की हत्या में आरोपित पत्नी-पुत्री गिरफ्तार

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना अजगैन पुलिस ने पति की हत्या की आरोपित पत्नी व पुत्री को मय आला कत्ल के साथ गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायलय के बाद जेल भेज दिया गया।

अजगैन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंघनापुर निवासी राजेश उर्फ कल्लू पासी पुत्र स्व0 भवानी की हत्या कर दी गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था जिसमें मृत्यु का कारण गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई थी। मृतक के ममेरे भाई सन्तोष बाबू पुत्र स्व0 रामस्वरूप निवासी ग्राम घोला दुलारमऊ थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना अजगैन पर मु0अ0सं0-341/2025 धारा 103(1) बीएनएस बनाम कामिनी पत्नी कल्लू पासी व पुत्री काजल पंजीकृत कर




घटना का सफल अनावरण करते हुए उनि मोरमुकुट पाण्डेय मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा मृतक की पत्नी कामिनी पत्नी राजेश उर्फ कल्लू बेटी काजल पुत्री राजेश उर्फ कल्लू को हिरासत में लेकर पूँछताछ की गयी तो आरोपियो द्वारा बताया गया कि हमारा कई सालों से आपस में मनमुटाव चल रहा था जिस कारण हमने राजेश की हत्या साडी से गला दबाकर कर दी। पुलिस ने दोनो अभियुक्ताओ को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।

बार एसोसियेशन भरथना द्वारा उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं को 25 हजार रूपया मासिक पेंशन व अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम सहित छः सूत्रीय माँगों का प्रदेश के कानून मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

शुक्रवार को उपजिलाधिकारी काव्या सी (आई0ए0एस0) को सौंपे गये ज्ञापन पत्र में बार एसोसियेशन भरथना के अध्यक्ष रमेश चन्द्र यादव व महामंत्री राजीव श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बताया कि अधिवक्ता हमेशा समाज के सभी वर्गों के न्याय की लडाई लडते हैं।

वकीलों ने सदैव गुण्डा, माफियाओं के विरूद्ध निडर होकर पैरवी की है। ऐसी स्थिति में उक्त न्यायिक कार्य करते-करते अधिवक्ता भी 60 वर्ष की उम्र पर पहुँच जाते हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य भी खराब रहता है। इन्हीं समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के



माध्यम से शीघ्र अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने, सभी अधिवक्ताओं को 60 वर्ष की उम्र के बाद 25 हजार रूपया मासिक पेंशन देने, देश के बडे चिकित्सालयों में 10 लाख रूपया तक कैशलेस इलाज की सुविधा देने, नये अधिवक्ताओं को पंजीकरण के बाद से 5 वर्ष तक 10 हजार रूपये दिये जायें, अधिवक्ता न्याय अधिकारी होता है, इसलिए उसका सडक टोल टैक्स फ्री किया जाये।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सुभाष चन्द्र यादव, आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, रामकुमार यादव, अशोक श्रीवास्तव, सुबोध यादव, रविन्द्र सिंह चौहान, सत्यप्रकाश यादव, उपेन्द्र सिंह चौहान, महावीर सिंह यादव, राजकुमार तिवारी, सुदामा लाल दोहरे, भूपेन्द्र यादव, नरेन्द्र दिवाकर, सुधीर यादव, पंकज यादव, देवेन्द्र यादव, कृष्णहरि दुबे, गोविन्द मिश्रा सहित समस्त अधिवक्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# आदर्श स्कूल इकदिल में अभिभावक गोष्ठी संपन्न

▸ बच्चों को संस्कारवान बनाएं : डॉ. सुशील

इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज।



आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मुहल्ला कायस्थान इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन प्रबन्धक राम अवतार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावक बंधुओं ने उपस्थित होकर शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। गोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने विचार विमर्श कर अपने अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने कहा कि वर्तमान में बच्चों को संस्कार देना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वह शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारवान बनाने में सहयोग करें और घर पर भी बच्चों को समय दें द्य इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, सुशीला देवी, अंजली शाक्य, प्रियांशी, अलफ़िशा, प्रियंका भदौरिया, दीप्ति, आँचल गुप्ता, प्रियंका यादव, छाया राजपूत, शिखा भारती, नीतू, स्रष्टि तिवारी आदि स्टाफ सहित बड़ी संख्या में अभिभावक बंधु भी उपस्थित थे।

# डीएम की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

इटावा, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की, जिस पर जिला एवं अर्थ संख्या अधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल परियोजना 502 पूर्ण परियोजना 115 बची हुई परियोजना 44 जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने सभी परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। जनपद में जिला कारागार में 102 मी. पुरानी मैन बाल का पुनः निर्माण कार्य जल्द से जल्द कराया जाए। उन्होंने जल




निगम के कार्य को लेकर 31 अगस्त तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि अर्बन डेवलपमेंट कार्य सैफई का समय से पूरा कराया जाए। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाए। विकासखंड महेवा के ग्राम बहेड़ा में अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के कार्य को लेकर समीक्षा की, इस पर उन्होंने कहा कि सी एम आई एस पोर्टल पर कार्य की प्रगति फीड कराए जाने हेतु निर्देश दिए। जिला संयुक्त चिकित्सालय अग्निशमर व्यवस्था के कार्य की समीक्षा में उन्होंने कहा कि कार्य समय से पूरा कराया जाए। पर्यटन विभाग द्वारा नगला तोर बलरई स्थित प्राचीन मां ब्रह्माणी मंदिर का कार्य जल्द से जल्द कराए जाने हेतु निर्देश दिए साथ ही पक्का तालाब के निकट ऐतिहासिक भवन विक्टोरिया मेमोरियल हॉल का सौंदरीकरण का कार्य जल्द से जल्द कराया जाए। शिव मंदिर ग्राम विक्रमपुर के कार्य को लेकर उन्होंने कहा कि कार्य को ठीक कराया जाए एवं कार्य सही तरीके से होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत अमिताभ बच्चन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सैफई में स्वच्छ पेयजल की सुविधा आदि कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के अंतर्गत पैरामेडिकल कैंपस में एमएलडीआर एमबीआर का उच्चीकरण का कार्य पूर्ण कराया जाए साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के अंतर्गत अस्पताल के गेट का कार्य 2026 तक अवश्य पूर्ण करा दिया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सभी कार्यों को लेकर जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रमेश चंद्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गणेश उत्सव पर घर-घर में विराजेंगे भगवान गजानन, भक्तों में उत्साह

**गणेश चतुर्थी से अनन्त चतुर्थी तक गणपति बप्पा मोरया के गूंजेंगे उद्घोष**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय सनातन परम्परा के प्रथम पूज्य देव गणेश पूजा का प्रचलन महाराष्ट्र के बाद अब और आसपास के क्षेत्र में भी पूरी तरह से हो गया है। ऐसे में दूर-दूर से भगवान गजानन की मूर्तियां बेंचने वाले एक फिर शहर में डेरा डाल चुके है। गैर जनपदों, महाराष्ट्र व राजस्थान से आकर यहां मूर्तियां बनाते व बेंचते हैं। बनाने वाले इन लोगों ने फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ मार्ग पर पड़ने वाले मिशन कम्पाउंड के निकट मूर्तियों का बाजार सजा रखा है। जहां 100 से लेकर 10 हजार कीमत के भगवान गजानन मौजूद है, हालांकि अभी तक यह लोग खरीददारों का इंतजार करते ही देखे जा रहे है, लेकिन इन्हे उम्मीद है कि आने वाले समय में इनका प्रयास सार्थक होगा और सभी मूर्तियां अच्छे दामों में बिक जायेंगी।

गणेश चतुर्थी उत्सव शुरू होने में अब बस कुछ ही दिन बाकी हैं। 10 दिन के इस उत्सव के लिए, गणेश उत्सव 26 अगस्त से शुरू हो रहा है। साथ ही गणपति का आगमन बेहद शुभ योग में हो रहा है, यानी कि शुभ योग में गणपति घर-घर में विराजेंगे, भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश स्थापना की जाती है। 10 दिन अपने भक्तों के साथ रहने के बाद गजानन वापस अपने लोक को चले जाते हैं और गणेश विसर्जन के साथ गणेशोत्सव पर्व संपन्न होता है। हिंदू धर्म में बुधवार का दिन गणपति को समर्पित है। इस साल गणेश चतुर्थी 26 अगस्त मंगलवार को है, यानी कि 10 दिवसीय गणेशोत्सव पर्व मंगलवार से शुरू होगा। मंगलवार के दिन अपने भक्तों के बीच गणेश जी का आगमन बेहद शुभ है, जो लोग पंडाल में या अपने घर में गणपति की स्थापना करना चाहते हैं। उन्हें गणेश जी की स्थापना शुभ मुहूर्त में करना चाहिए। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 26 अगस्त को दोपहर से शुरू होगी और 27 अगस्त को दोपहर 03:44 बजे समाप्त होगी। लिहाजा 27 अगस्त की दोपहर करीब साढ़े 3:44 बजे तक गणेश जी की मूर्ति की स्थापना का शुभ समय रहेगा। 27 अगस्त को गणपति स्थापना के 10 दिन बाद 6 सितंबर को भगवान गणेश अपने धाम को लौट जाते हैं। इसी दिन लोग गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ गणेश विसर्जन करते है। इस दिन अनंत चतुर्दशी तिथि रहती है। इसके बाद 15 दिन के पितृ पक्ष शुरू होते हैं, पितृ पक्ष के दौरान लोग पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान, तर्पण, श्राद्ध आदि करते हैं। गणेश चतुर्थी पूजा सामग्री भगवान गणेश की प्रतिमा, लाल कपड़ा, जनेऊ, दूर्वा, कलश, नारियल, रोली, पंचामृत, मौली लाल, पंचमेवा, गंगाजल विशेष रहता है।



मिशन कम्पाउंड के पास बिक रहीं भगवान गजानन की मूर्तियां

**कई जनपदों व प्रांतों से आये मूर्तिकारों ने जमाया डेरा**

फर्रुखाबाद। भगवान गजानन की स्वनिर्मित मूर्तियों को बेंचने के लिए मैनपुरी प्रजापति कालोनी से आये जयचन्द्र व रामसिंह सपरिवार यहीं रह रहे है। मिशन कम्पाउंड के बाहर फुटपाथ पर दुकान सजाये हुए है। जयचन्द्र ने बताया कि यह उनका पुश्तैनी काम है और वह पूरे वर्ष तक परिवार के साथ गजानन की मूर्तियां बनाने में लगे रहते है। उन्होंने बताया कि 100 रुपये लेकर 7 हजार तक की मूर्तियां उनके पास है, लेकिन अधिकांश बिक्री 2 हजार से लेकर 4 हजार रुपये तक की मूर्तियों की होती है। उनके भाई रामसिंह ने बताया कि पूर्वजों के समय से वह मूर्तियां बनाने का कार्य करते है, इस वह 100 मूर्तियां लेकर आये है। उनके साथ उनके पुत्र अमित भी दुकान सजा रहे है। मूर्तियों को बरसात से बचाने के लिए पॉलीथिन का इंतजाम किया गया है। यहीं पर नगर के ही विक्रेता सोनू मूर्तियों की दुकान लगाये है। जिनके पास 151 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक मूर्तियां है। मूर्ति बिक्री के लिए राजस्थान से आये रमाराम ने बताया कि वह चार महीने पहले यहां आ गये थे और पास के ही संजय कटियार के भट्टे पर मूर्तियां निर्मित कर रहे है और बिक्री के लिए लगाये है। 151 रुपये से लेकर 9 हजार रुपये तक की मूर्ति उनके पास है। उनका कहना है कि बिक्री की बात ग्राहक के ऊपर है। दिन के दिन तक उन्हें सभी मूर्तियां बिक जाने का पूरा भरोसा है।

## साइकिल से अमरुद तोड़ने गया किशोर बाढ़ में डूबा



गोताखोरों से किशोर की खोज करवाती पुलिस व मौजूद ग्रामीण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

साइकिल से अमरुद तोड़ने गया किशोर बाढ़ के पानी में डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शाम 5 बजे मृतक शव को शव को निकाल लिया। परिजन उसे सीएचसी लेकर गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव आखूनपुर निवासी संदीप यादव उम्र 14 वर्षीय पुत्र संन्तराम यादव जो की रामसिंह इण्टर कालेज में कक्षा 9 का छात्र था। शुक्रवार को उसे बुखार आने पर बहन शिवानी, भाई प्रियांशू स्कूल पढ़ने गये थे। संदीप घर पर था। दोपहर 12 बजे सदीप घर से साईकिल लेकर अमरुद तोड़ने जा रहा था। घर से लगभग 400 मीटर कि दूरी पर स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के पास आये बाढ़ के पानी में डूबने लगा और पास में उसकी साईकिल व चप्पले पड़ी थीं। वहाँ पर मौजूद लोगों ने सूचना मन्डी चौकी इन्चार्ज अवधेश यादव को दी। उन्होंने मौके पर पहुँचकर जाँच पड़ताल कर गोताखोरों को बुलाया। कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 5 बजे संदीप का शव पुलिया के पास गहरे गड्डे में मिला। जिसे गोताखोरों ने पानी से बाहर निकाल कर परिजनों को सौंप दिया। परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ डाक्टर जितेन्द्र बहादुर ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मृतक की माँ सुनीता सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## शातिर अपराधी छत्रपाल के खिलाफ 129जी के तहत कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र निवासी शातिर आरोपित के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। आरोपित आए दिन घटनाएं घटित करता है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा बन रहा था। इसलिए पुलिस ने 129 जी के कार्रवाई की है। जिससे शातिर के कृत्यों पर लगाम लगना तय माना जा रहा है। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम धुस्स निवासी छत्रपाल पुत्र गोपाल एक शातिर किस्म का आरोपी है। कोतवाली मोहम्मदाबाद में भी उसके एक खिलाफ आगजनी का मुकदमा दर्ज है। कादरीगेट थाना क्षेत्र में भी एक अभियोग पंजीकृत दर्ज है। दर्जनों लोगों को मारने पीटने की शिकायतें उसके खिलाफ थाना कोतवाली से लेकर मुख्यालय तक दी गई हैं। ऐसे में क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा बन रहा आरोपित छत्रपाल पुलिस के रडार पर आ गया है। पुलिस में आरोपित के खिलाफभारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-129 जी के तहत कार्यवाही की है। की गई कार्रवाई में पुलिस ने कहा है कि छत्रपाल एक शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है। कोई भी घटना घटित कर शांति व्यवस्था भंग कर सकता है। जनता में भय व्याप्त है। जनहित में आरोपित का स्वतंत्र भ्रमण करना न्यायोचित नहीं है।



शातिर अपराधी छत्रपाल

## विकास खंड कार्यालय में शराब पीकर पहुंचा सफाई कर्मचारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड कार्यालय में अनुशासन उस समय तार-तार होता नजर आया, जब शराब पीकर सफाई कर्मचारी डियूटी को लेकर भिड़ गये।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय परिसर में धूम्रपान निषेध है, के बड़े-बड़े बोर्ड लगे हैं, लेकिन शुक्रवार को विकास खंड अधिकारी की अनुशासनहीनता उजागर हो गयी। विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान कार्यालय पर मौजूद थे। वहीं एडियो पंचायत भी कार्यालय पर मौजूद रहे, तभी विकास खंड कार्यालय परिसर में सफाई कर्मचारी मुकेश कुमार शराब पीकर हंगामा काट रहे थे। जिससे साफ जाहिर है की सफाई कर्मचारी ड्यूटी के दौरान जब हंगामा काट रहे हैं तो फिर ड्यूटी किस समय की जा रही है। ऐसी कई ग्राम पंचायत का नजारा देखने को मिलता है जब सफाई कर्मचारी विकास खंड कार्यालय परिसर में हंगामा काटते हैं और विकास खंड कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों पर कोई भी कार्रवाई नहीं करते हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण विकास खंड कार्यालय परिसर में क्षेत्र में ही ड्यूटी के समय सफाई कर्मचारियों में देखने को मिला।



विकास खंड कार्यालय पर मौजूद शराबी सफाई कर्मचारी

## बूढ़ी गंगा के पुल पर बाढ़ के पानी में फंसी डीसीएम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र तराई के गांव अहमदगंज की बूढ़ी गंगा के पुल पर देर रात एक डीसीएम को चालक ने निकालने का प्रयास किया। डीसीएम का पहिया बाढ़ के गहरे पानी में फंस गया। डीसीएम के फंसने पर उसमें सवार महिला और पुरुष ने बचाने के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर पास के गांव सूखानगला के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने रेस्क्यू कर डीसीएम में सवार एक युवक, उसकी पत्नी और बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया। पानी से बाहर आने पर युवक ने अपना नाम हुनर पुत्र इबरार निवासी धरौली थाना अलीगंज बताया। उसने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ कुआंखेड़ा स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शुक्रवार को सड़क पर फंसी डीसीएम को हाइड्रा से निकालने की कवायद की गई, लेकिन शाम तक उसे निकाला नहीं जा सका।



पानी में फंसी डीसीएम को निकालते ग्रामीण

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ दीवानी न्यायालय का शपथ ग्रहण सम्पन्न

**नवीन कार्यकारिणी को जिला जज ने दिलायी शपथ**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

उप्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ दीवानी न्यायालय (अ0हि0च0) शाखा की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायालय प्रथम अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष के समाने स्थित बरामदे में सम्पन्न हुआ। जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार द्वारा निर्वाचित पदाधिकारीगण शाखा अध्यक्ष कश्मीर सिंह, सचिव अभिषेक कुमार, संरक्षक सुरेन्द्र सिंह, संदीप शर्मा, हिमांशु शुक्ला, उपाध्यक्ष दीपा सिहं, संजीव कुशवाहा, श्यामकिशोर यादव, राम इकबाल, कोषाध्यक्ष सूरज कमल, संयुक्त सचिव तेज प्रताप यादव, अभिषेक कुशवाहा, अभिनय दुबे, अनूप सिंह, संगठन सचिव बलवान सिंह, दिनेश कश्यप, वैभव दीक्षित, अवनीश मिश्रा, प्रचार सचिव नीलकमल, अतुल तिवारी, निशान्त राजपूत, जितेन्द्र राज, सांस्कृतिक सचिव सुरभि धर्मरत्न, शंकर दयाल, आजांद कुमार, अश्वनी कुमार, आय व्यय निरीक्षक ईश्वर, आनन्द शर्मा, अखिललेश वर्मा, रंजीत सिंह एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी तथा जनपद न्यायाधीश द्वारा उक्त कार्यकारिणी को भविष्य के लिये शुभकामनायें दी गयीं।

उक्त समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी अधिकारी नजारत शैलेन्द्र सचान के अलावा न्यायिक अधिकारीगण, उ.प्र. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ दीवानी न्यायालय (अ0हि0च0) प्रांतीय संघ के वर्तमान अध्यक्ष रामकेश राजपूत, प्रांतीय सचिव सुरेन्द्र राय, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा व अन्य प्रान्तीय सदस्यगण एवं दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष ऋषि यादव, आरिफ मोहम्मद खान कोर्ट मैनेजर, एजाज खलील प्रशासनिक अधिकारी, मो0 हफीज अहमद सैफी, केन्द्रीय नाजिर एवं अन्य न्यायिक कर्मचारीगण मौजूद रहे।





शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद जिला जज व कर्मचारीगण आदि

## चोरों ने युवक को नशीला पदार्थ सुंघाकर नकदी, जेवर किये पार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

युवक को नशीला पदार्थ सुंघाकर चोरों ने नकदी व जेवरात चोरी कर लिये। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। फिलहाल पुलिस चोरी की घटना को संदिग्ध मान रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र से सटे घसिया चिलौली निवासी इदरीश के घर में देर रात चोर दीवार फांदकर घुसे। उस समय इदरीश व अन्य परिवारजनी छत पर सोए थे। नीचे कमरे में इदरीश का पुत्र रवि सोया हुआ था। सुबह जब लोग नीचे आए, तो रवि बेसुध सोया हुआ था और कमरे में रखी अलमारी व बक्सा खुला पड़ा था और सामान बिखरा हुआ था। जबकि इस कमरे के साथ ही दो अन्य कमरों का सामान सुरक्षित था। इदरीश ने बताया कि चोर उसके पुत्र को बेहोश कर अलमारी में रखे 36 हजार रूपये और सोने चांदी के कीमती जेवर चुरा ले गए हैं। घटना की सूचना पाकर मंडी चौकी प्रभारी अवधेश अवधेश और प्रभारी निरीक्षक अनुराग मिश्रा मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी की। इदरीश के अलावा उसके दो अन्य भाइयों के कमरों के सुरक्षित होने के कारण पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।



चोरों द्वारा बिखेरे गये सामान को देखती महिला

## खबरें एक नजर में

### गंगा का पानी खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर ऊपर



गंगापार में जलमग्न दुकान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन गंगा में पानी कुछ कम हुआ था, लेकिन अब पुनः खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गयी हैं। जिससे ग्रामीणों की दुश्वारियां और बढ़ गयी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि घर चारों तरफ पानी से घिर गये हैं। जाये तो जाये कहां। बताते चलें कि गंगवार में लगभग लगभग 57 से अधिक सड़के बाढ़ की भेंट चढ़ गयी हैं, लेकिन बाढ़ है जो कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को शाम 4 बजे पांचाल घाट पुल पर जल स्तर 137.35 दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर ऊपर है, जबकि सुबह 8 बजे गंगा का जलस्तर 137.30 सेंटीमीटर दर्ज किया गया। वहीं रामगंगा का जल स्तर 136.60 दर्ज किया गया। सुबह 8 बजे रामगंगा 136.65 पर प्रवाहित हो रही थी।

### पीएम आवास योजना के 35 आवेदक निकले अपात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के प्रथम चरण में जांच के दौरान 35 आवेदक अपात्र पाए गए। इन आवेदकों के आवेदन निरस्त कर दिए हैं। इनमें से कई लाभार्थियों ने प्रथम किस्त वापस भी कर दी है। नगर पंचायत शमशाबाद में 6, फर्रुखाबाद में 24, कायमगंज में 2, कम्पिल में 1 और कमालगंज में 2 आवेदक अपात्र पाए गए हैं। प्रभारी परियोजना अधिकारी गजराज सिंह ने बताया कि जांच के दौरान 35 लाभार्थी आपात्र पाए गए थे। जिन्होंने प्रथम किस्त वापस कर दी है। वे लोग चाहे तो नगर पालिका कार्यालय फर्रुखाबाद जाकर आपत्ति भी दर्ज करा सकते हैं।

### गलत बात करने का विरोध करने पर युवक ने किशोरी के फाड़े कपड़े, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** किशोरी व उसके पिता के कथनानुसार थाना नवाबगंज के एक गांव निवासी एक ग्रामीण की लगभग 11 वर्षीय पुत्री अपनी सहेलियों के साथ शुक्रवार शाम लगभग 4 बजे खेतों की तरफ बकरियां चराने गई थी। वहीं पर गांव का ही निवासी युवक आकर बच्चियों से बदतमीजी से करने लगा। किशोरी ने युवक द्वारा गलत बात करने का विरोध किया और अपने पिता से शिकायत करने की बात कहकर घर की तरफजा रही थी, तभी युवक ने पीछे से आकर किशोरी के कपड़े फाड़ दिए। किशोरी के पिता ने अपनी पुत्री के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को युवक के खिलाफ तहरीर दी है।

### जनपद में धारा 163 लागू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जनपद में धारा 163 जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष कुमार द्विवेदी के आदेश पर लागू कर दी गई है। गणेश चतुर्थी, बरावफात, विश्वकर्मा पूजा, महाराजा अग्रसेन जयंती, अनन्त चतुर्थदशी, नवरात्रि पर्व, विजय दशमी आदि पर्वों को ध्यान में रखते हुए व अन्य शिक्षा संस्थानों की परीक्षाओं के आयोजन को दृष्टिगत साम्प्रदायिक सौहार्द प्रत्येक स्थिति में बनाये रखे जाने, जन शक्ति एवं लोकहित में तथा उक्त त्यौहारों तथा परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत जनपद में निषेधज्ञायें लागू कर दी गई है।

## मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा, मत्स्यपालक कल्याण कोष, निषाद राज बोट योजना की डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा, मत्स्यपालक कल्याण कोष, निषाद राज बोट योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

उत्तर प्रदेश में ग्राम सभा के तालाबों में मत्स्य पालन का कार्य स्थानीय मछुआरों व पटटाधारकों द्वारा परंपरागत तरीके से किया जा रहा है। इन तालाबों की वार्षिक उत्पादकता 25 से 30 कुंतल प्रति हेक्टेयर है, इन तालाबों का मनरेगा कन्वर्जेंस के माध्यम से सुधार कराकर सुधारे गए ग्राम सभा एवं पट्टे के तालाबों में मत्स्य पालन हेतु अनुदान उपलब्ध कराते हुए मत्स्य उत्पादकता को 50 कुंतल प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। जिससे पटटाधारकों की आय में वृद्धि व उनका आर्थिक व सामाजिक उत्थान किया जाना संभव हो सकेगा। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में ग्राम सभा पर आवंटित पट्टे के तालाबों पर कोई परियोजना अनुमान्य नहीं है। इसी रिकतता को भरने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मत्स्य योजना लागू की गई है, जिस हेतु 24 जुलाई से 14 अगस्त तक पोर्टल पर आवेदन लिए गए इस परियोजना के अंतर्गत मनरेगा कन्वर्जेंस अथवां पट्टा धारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभाग के माध्यम से सुधारे गए ग्राम सभा व अन्य पट्टे के तालाबों में मत्स्य पालन हेतु प्रथम वर्ष निवेश तथा तालाबों में मत्स्य बीज बैंक की स्थापना हेतु परियोजना लागत 4 लाख प्रति हेक्टेयर पर 40 प्रतिशत का अनुदान दोनों परियोजना पर सभी श्रेणी के लाभार्थियों को अनुमन्य कराया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत अधिकतम 2 हेक्टेयर तक की सीमा तक योजना के पात्र होंगे। मत्स्य पालक कल्याण कोष का उद्देश्य मत्स्य पालको के कल्याण एवं विकास संबंधित कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के संचालन के संबंध में इच्छुक मत्स्य पालक या मछुआरा या मछुआरा समुदाय से संबंधित ऐसा व्यक्ति अथवा कोई अन्य व्यक्ति जो 1 वर्ष अथवा उससे अधिक अवधि से मत्स्य पालन या मत्स्य की क्रिया कलापों से सक्रिय रूप से जुड़ा हो तथा उससे अपना जीविकोपार्जन करता हो, प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम संपादित कराने एवं मत्स्य विक्री हेतु मोपेड विद आइस बॉक्स की व्यवस्था की गई है। जिसकी इकाई लागत 60 लाख है जिसका 40 प्रतिशत अनुदान देय होगा तथा अवशेष धनराशि की व्यवस्था लाभार्थी द्वारा स्वयं के संसाधनों द्वारा करना होगा। उत्तर प्रदेश में मत्स्य पालन एवं मत्स्य आखेट पर निर्भर मत्स्यपालको व मछुआरों का जल स्रोतों में शिकार माही तथा मत्स्य प्रबंधन हेतु आर्थिक रूप से मजबूत व स्वावलंबी बनाए जाने के उद्देश्य से निषाद राज सब्सिडी योजना प्रदेश सरकार द्वारा 31 मार्च 2023 से लागू की गई है मत्स्य पालन, मत्स्य आखेट, नौकायन व पर्यटन स्थलों में नाव की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इस योजना से गरीब मछुआरों को अनुदानित बोट मिलने से उनको अपनी आजीविका चलाने में सहायता प्राप्त होगी। इस योजना की इकाई लागत .67 लाख है। जिसके अंतर्गत लाभार्थी को वुडन फिशिंग बोट रुपए .50 लाख का एवं लाइफ जैकेट, जालए आइस बॉक्स रुपए ण17 लाख कुल रुपए 0.67 लाख का क्रय करना होगा। इकाई लागत का 40 प्रतिशत अनुदान देय होगा व शेष धनराशि की व्यवस्था लाभार्थी द्वारा स्वयं के संसाधनों से करना होगा। लाभार्थी चयन में राजस्व संहिता 2016 में लिखित केवट, मल्लाह, निषाद, बिंद, धीमर, कश्यप, बाथम, रैकवार, माझी, गोडिया, कहांर, तुरैहा, तुराहा समुदाय से संबंधित .4 हे0 या उससे अधिक क्षेत्रफल के निजी व पट्टे के तालाबों के स्वामित्व धाराक व मत्स्य आखेट के साथ नौकायन में लगे हुए मछुआ समुदाय के व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में सीडीओ व संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### चोरों ने चांदी के 125 सिक्के व सोने के जेवरात किये पार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र में गुरुवार रात चोरों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया। चोर चांदी के जेवरात व कीमती सामान चुरा ले गये। जानकारी के अनुसार बीती रात थाना क्षेत्र के ग्राम मिलकिया दलेलगंज निवासी अनूप कुमार पुत्र राजाराम के घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। राजाराम ने बताया कि वह अपने बड़े बेटे अनूप के साथ रहते हैं। उन्होंने चांदी के जेवरात को मकान के एक कमरे में मटकों में छिपाकर रखा था। इस बारे में सिर्फ उनकी बेटी को जानकारी थी। चोरों ने चांदी के 125 सिक्के, पत्नी के खड्डुआ और कुछ सोने के जेवरात चुरा लिए। शुक्रवार सुबह उनकी नातिन ने देखा कि कमरे का दरवाजा खुला है और मटके उलटे पड़े हैं। जांच करने पर पता चला कि सारा सामान गायब है। ब्रजरानी ने बताया कि एक किलो के खड्डुआ और चांदी के लच्छे भी चोरी हो गए हैं। सूचना मिलते ही फैजाबाद चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिल गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।



घटना के बाद गुमशुम बैठे परिजन

## सांड के हमले में वृद्ध की मौत



मौके पर रोते बिलखते परिजन व मौजूद ग्रामीण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

सांड के हमले में वृद्ध की मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव मलुक नगला मजरा बेहटा बल्लू निवासी हरिशचन्द उम्र 58 वर्ष बीती रात्रि अपने घर के बाहर बंधे मवेशी के पास लेटे थे। उसी दौरान वहाँ पर सॉड आ गया। उसे भगाने के लिए हरिशचन्द्र ने उठकर जैसे ही उसे भगाया, तो सॉड ने उन पर हमला कर पेट में सींग मार दिए। जिससे हरिशचन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह होने पर परिजनों ने जब हरिशचन्द ने मृत अवस्था में पड़ा देखा, तो कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँचे एसआई शमशुद्दीन ने जाँच पड़ताल कर मृतक हरिशचन्द के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मृतक की पत्नी कमलेशा देवी ने बताया की उसकी दो बेटे, तीन बेटी हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी पर दोष सिद्ध

**सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 अगस्त की तिथि नियत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-8 दीपेंद्र कुमार सिंह ने देर रात घर में घुसकर छेड़छाड़ के मामले में अकीम खां पुत्र मुजीब खां को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 जुलाई की तिथि नियत की गयी है।

बीते वर्ष थाना मऊदरवाजा की हथियापुर चौकी क्षेत्र की निवासी एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 23 अप्रैल 2024 को मेरा पुत्र व पुत्रवधू छत पर सो रहे थे, तभी दो लड़के शिव सिंह उर्फ टइयां पुत्र रामवीर व अकीम खां पुत्र मुजीज खां निवासीगण हथियापुर समय करीब लगभग 10.30 बजे रात में घर का दरवाजा तोड़कर मेरे घर में घुस आए तथा मेरी बहू के साथ छेड़छाड़ करने लगे। जिसका विरोध मेरे पुत्र ने किया, तो उसको छत से नीचे फेंक दिया। जिससे मेरे पुत्र के गंभीर चोटें आईं। घायल का उपचार कराने के लिए सीएचसी बरौन में भर्ती कराया गया। जिसके बाद हालत बिगड़ने पर डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया हालत। यहां से कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अभिषेक सक्सेना की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने अकीम खां को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 अगस्त की तिथि नियत की गयी है और शिव सिंह उर्फ टइयां की पत्रावली पृथक कर किशोर न्यायालय में विचाराधीन है।





जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

# क्रॉप सर्वे न करने को लेकर पंचायत सहायकों ने दिया धरना

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक परिसर में ग्राम पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य गेट की घेराबंदी कर धरना दिया और चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। धरने पर बैठे पंचायत सहायकों ने कहा कि वे अब क्रॉप सर्वे नहीं करेंगे और जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होतीं धरना जारी रहेगा।

पंचायत सहायकों का कहना है कि सरकार द्वारा उन्हें बिना पर्याप्त संसाधन और उचित मानदेय दिए लगातार अतिरिक्त कार्य कराया जा रहा है। हम लोगों को मोबाइल/टैबलेट जैसी सुविधा न मिलने से सर्वे का काम मुश्किल होता है, मानदेय समय पर न मिलने की वजह से आर्थिक संकट झेलना पड़ रहा है। सम्मान और अवकाश जैसी बुनियादी मांगें भी

**▸ बीडीओ के समझाने के बाद धरना हुआ समाप्त**

हमारी पूरी नहीं की जा रही हैं। धरने की सूचना पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद शर्मा ने पंचायत सहायकों को फटकार लगाते हुए कहा क्रॉप सर्वे पंचायत सहायक करेंगे जिसे काम नहीं करना है, वह सीधा घर जाए। यहां धरने पर बैठने की किसने अनुमति दी, बिना परमिशन के धरना देना गलत बात है, फिर यह आदेश खंड विकास अधिकारी का तो है नहीं यह तो सरकार का आदेश है वह आप लोगों को मनाना ही पड़ेगा।

बीडीओ ने समझाते हुए कहा देखिए पंचायत सहायक पारुल के पास 3600 डाटा है, दीक्षा ने तो शेरपुर सराय में तो पानी की भी समस्या है



पंचायत सहायकों को समझाते खण्ड विकास अधिकारी

इसके बावजूद नाव पर बैठकर भी सर्वे किया था। वहीं एडीओ पंचायत (सहायक विकास अधिकारी) ने महिला पंचायत सहायकों पर टिप्पणी करते हुए कहा आपको 8-9 महीने का मानदेय बिना काम किए दिया गया था, तब आप पंचायत सहायकों में से कोई भी धरने पर नहीं बैठा था, फिर भी आप आज धरने पर बैठी हैं। धरने पर बैठे सहायकों ने साफ चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होंगी, वे क्रॉप सर्वे का बहिष्कार करेंगे। पंचायत सहायकों ने मांग की है कि क्रॉप सर्वे जैसे कार्यों के लिए मोबाइल/टैबलेट की सुविधा दी जाये। समय पर मानदेय भुगतान किया जाये। पंचायत सहायकों को सम्मान और सुरक्षा दी जाये। अवकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, आदि शामिल है। पंचायत सहायकों ने कहा कि धरना और आंदोलन को आगे भी जारी रखेंगे, यदि जरूरत पड़ी तो आंदोलन को जिले और प्रदेश स्तर तक ले जाएंगे। बीडीओ ने सभी पंचायत सहायकों समझा बुझाकर धरने को खत्म करवाया। इस मौके पर एडियो पंचायत विनय चौहान, वरिष्ठ लिपिक विजय राठौड़, सचिव अभय सिंह, सचिन, आलोक दुबे, एपीओ गौरव कुमार आदि मौजूद रहा।

# बाढ़ की विभीषिका से लोग बेहाल: खुले में अंतिम संस्कार पर भावुक हुए विकास राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले में आई बाढ़ की विभीषिका ने गंगापार क्षेत्र के लोगों को गहरी कठिनाई में डाल दिया है। भाजपा नेता विकास राजपूत ने शुक्रवार को पांचाल घाट का दौरा किया। जहां उन्होंने देखा कि बाढ़ के कारण लोग मजबूर होकर सड़कों पर खुले में शवों का अंतिम संस्कार कर रहे हैं।

इस दृश्य को देखकर वे भावुक हो उठे। विकास राजपूत ने हमारे संवाददाता से बातचीत में कहा कि आज़ादी के 78 वर्ष बाद भी गंगापार की बड़ी आबादी के लिए स्थायी अन्त्योष्टि स्थल उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक और पीड़ादायक है। उन्होंने प्रशासन और



खुले में होता अंतिम संस्कार

जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने गंगा के एक किनारे पर अन्त्योष्टि स्थलों के शेड बनाए हैं, लेकिन दूसरी ओर की बड़ी आबादी आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। बाढ़ के दिनों में लोगों को खुले में शव जलाने की विवशता कलयुग की पराकाष्ठा है। भाजपा नेता ने सरकार और जिला प्रशासन से मांग की है कि गंगा के दूसरी ओर भी पक्के अन्त्योष्टि स्थल और शेड का निर्माण तत्काल कराया जाए, ताकि गंगापार के लोग बरसात और बाढ़ के समय खुले में अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करने को मजबूर न हों।

# लोगों की जरूरत के समय काम आना ही सबसे बड़ा धर्म: मारिया आलम



बाढ़ पीड़ित क्षेत्र का दौरा करते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सपा के पूर्व विधायक मरहूम इजहार आलम खां की बेटी जिला उपाध्यक्ष मारिया आलम व सपा नेता रामशरन कठेरिया ने बाढ़-ग्रस्त इलाकों का दौरा किया।

बाढ़ ग्रस्त गांव बहबलपुर, मिस्तिनी, इकलहरा, सिवारा, कुमुद्दीपुर और नागासैय्यद आदि बाढ़ पीड़ित गांवों में पहुंचकर पीड़ित परिवारों की मदद हेतु उन्हें खाद्य सामग्री/लंच पैकेट एंव अन्य जरूरत की अन्य वस्तुएं उपलब्ध करवाई।

मारिया आलम ने बताया कि इस क्षेत्र के लोग उनके अपने हैं, और ये अपनापन हमें विरासत में मिला है, अपने मरहूम पिता की विरासत को संभालकर रखना ही औलाद की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है, इसलिए इस क्षेत्र के लोगों की पीड़ा मेरी अपनी पीड़ा है और उस पीड़ा में अपनों के साथ खड़े होना मेरी अपनी जिम्मेदारी भी। रामशरन कठेरिया ने कहा कि कोई भी पीड़ित अपने को अकेला न समझे, हम सब इस विपरीत समय में उनके साथ खड़े हैं। इस दौरान राकेश यादव एंव पदाधिकारी/कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रकृति का संदेश देकर पुष्पा सिंह ने बांटे तुलसी के पौधे



विद्यालय में तुलसी का पौधा वितरित करती पुष्पा सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद विकास खण्ड गैसिंहपुर के पी.एम. श्री विद्यालय की शिक्षिका प्रकृति प्रेमी पुष्पा सिंह ने तुलसी के पौधे वितरित किये। विद्यालय परिसर में अभिभावकों एवं बच्चों को तुलसी के पौधे वितरित कर उनकी गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी कि तुलसी एक औषधि है। विभिन्न प्रकार की दवाइयों में काम आती है, साथ ही तुलसी का पौध शुभ है और हर घर में पूजन किया जाता है। उन्होंने बच्चों को हरियाली अपनाने की प्रेरणा दी, साथ ही समय-समय पर बच्चों को पौधा भेंट करना, आसपास के लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना उनका परम उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि जितनी हरियाली होगी और प्रकृति जितनी सुंदर होगा उतना ही हम शुद्ध जलवायु ले सकेंगे। पेड़ों के कटान के चलते हम शुद्ध जल वायु खोते जा रहे है, इसलिए सभी लोग ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाये और अपने घरों में कमलों में, छतों पर, बगीचे में पौधे लगाये। जिससे हम शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि पौधों व हरियाली से हमें प्रेम है और इसीलिए हमने अपने घर में भी बहुत सुंदर पौधों का बगीचा बना रखा है और उन्हें संरक्षित करती रहती हूं। हम सबका कर्तव्य है कि पौधों की देखभाल करें और सभी को पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। स्काउट गाइड के जिला आयुक्त बुलबुल पुष्पा सिंह स्काउट की मुहीम में भी लोगों को तुलसी का पौधा वितरित करती चली आ रही है। उनका यह प्रेरणादायक कार्य सभी को अच्छा लगता है। तुलसी का पौधा सुख समृद्धि लाता है और हर व्यक्ति आसानी से अपने घरों के गमलों में लगा सकता है। प्रकृति का संदेश देकर उन्होंने तुलसी के पौधे वितरित किये और सभी को पौधों को संरक्षित करने का संकल्प दिलाया।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के उपाध्यक्ष का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत



अधिवक्ता हनुमान प्रसाद का स्वागत करते वकील

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज ।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद उपाध्यक्ष व अधिवक्ता इंटरव्यू समिति के चेयरमैन अधिवक्ता हनुमान प्रसाद मिश्रा का जनपद न्यायालय में जोरदार स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद उनका जिला एवं सत्र न्यायालय फर्रुखाबाद में प्रथम आगमन था। सभी अधिवक्ताओं ने अयोध्या धाम का पटुका पहनाकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। हनुमान प्रसाद मिश्रा की इस उपलब्धि से न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है, बल्कि इससे फर्रूखाबाद के अधिवक्ता समुदाय का भी गौरव बढ़ा है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में अधिवक्ताओं को और भी मजबूती से अपने अधिकारों और हितों की रक्षा करने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर अधिवक्ता शिवेंद्र मोहन मिश्रा, प्रशांत चौहान उर्फ बंटी चौहान, आशीष प्रताप सिंह सोमवंशी, कौशलेंद्र द्विवेदी, शिवम त्रिपाठी के अलावा अन्य अधिवक्ताओं के चेम्बर में भी अधिवक्ता हनुमान प्रसाद का स्वागत किया गया।

# बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र चाचूपुर में शिविर लगाकर रोगियों का किया गया उपचार



मरीजों को दवा वितरण करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़हर द्वारा बाढ़ ग्रस्त ब्लॉक राजेपुर की ग्रामसभा चाचूपुर जटपुरा में बाढ़ पीड़ितों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने कुल 114 रोगियों ( 73 पुरुष-41 महिला) को रोगानुसार होम्योपैथिक

**▸ 114 रोगियों को वितरित की गई दवाइयां**

उपचार उपलब्ध करवाया। शिविर में आने वाले रोगी ज्यादातर विभिन्न प्रकार के चर्म रोग, जुकाम, खांसी, बुखार, फोड़ा फुंसी, पेट दर्द, जोड़ दर्द एवं स्वांस रोग से पीड़ित पाए गए। सभी रोगियों को उपचार के साथ-साथ, रोगों से बचाव हेतु रोगानुसार विभिन्न प्रकार के बचाव के तौर तरीके समझाए। चिकित्साधिकारी ने शिविर में आए हुए रोगियों एवं अन्य सम्मानित ग्रामवासियों को बाढ़ के समय पानी हमेशा उबालकर पीने की सलाह दी, क्योंकि बाढ़ के दौरान दूषित पानी के शरीर में जाने से विभिन्न प्रकार के गंभीर रोगों जैसे, पीलिया, टाइफाइड, अतिसार, पेचिश, उल्टी दस्त, चर्म रोग इत्यादि से पीड़ित होने की संभावना बढ़ जाती है। शिविर में दाद खाज के अत्यधिक रोगी होने के कारण चिकित्साधिकारी ने उन सभी रोगियों को नहाने के बाद अच्छे से शरीर सूखने पर ही वस्त्र पहनने की सलाह दी एवं सभी ग्रामजनों को व्यक्तिगत एवं अपने परिवेश की स्वच्छता रखने की सलाह दी। इस मौके पर चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह के साथ कक्ष सेवक आकाश मसीह, नन्हेलाल, हरवीर इत्यादि उपस्थित रहे।



पुण्यतिथि मनाते शिक्षक

## ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मनायी गयी कल्याण सिंह की पुण्यतिथि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कायमगंज पर हिन्दू गौरव दिवस के अवसर पर पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह बाबूजी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल व अध्यापकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबूजी द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया। उन्होंने बताया गया कि कल्याण सिंह ने अपने प्रदेश के विकास में अनगिनत कार्य किए तथा जीवन पर्यन्त उन्नतशील भारत निर्माण में अपना विशेष योगदान दिया। इस मौके पर कई शिक्षक मौजूद रहे।

# बैनामे में 20 हजार से अधिक शुल्क ऑनलाइन जमा करने वाले आदेश वापस हो: नन्दकिशोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के जिला सचिव नन्दकिशोर दूबे वन्देमातरम ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से जो अचल संपत्तियों के बैनामे का पंजीकरण शुल्क 20 हजार रुपए से अधिक होने पर उसे अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया जो जनपद सहित सभी जिलों में लागू की गई हैं वो आम जनता के लिए हानिकारक हैं। मुख्यमंत्री से मांग है कि इसको तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश प्रदेश में जारी करें। जिससे आम जनता को राहत मिल सकें।

उन्होंने कहा कि जब यूपी की भाजपा सरकार 20 हजार रुपए तक पंजीकरण शुल्क को नगद ले सकती हैं तो 20 हजार रुपए से अधिक राशि का भी पंजीकरण



नंदकिशोर दुबे

शुल्क ले सकती हैं, लेकिन यूपी की भाजपा सरकार को यूपी की जनता जनार्दन को कष्ट देने का शौक हैं इसी लिए यह अचल संपत्तियों के बैनामे का 20 हजार से अधिक पंजीकरण शुल्क को ऑनलाइन जमा करने का फैसला लिया गया हैं। जिसका मैं विरोध करता हूं। आने वाले समय में सपा की सरकार आयी तो इस फैसले को हटवाऊंगा। उन्होंने कहा कि अचल संपत्तियों के बैनामे का पंजीकरण शुल्क ऑनलाइन लेना सरकार के लिए तो लाभकारी साबित होता दिखाई दे रहा हैं, लेकिन यूपी के फर्रुखाबाद जिले सहित सभी जिलों की जनता को काफी नुकसान हो रहा हैं, इसका कारण यह हैं कि जिस दिन अचल संपत्तियों के बैनामे को तैयार किया जाता हैं तो कभी रजिस्ट्री ना हो पाने के कारण अचल संपत्तियों के बैनामे का पंजीकरण शुल्क जो ऑनलाइन जमा करा दिया जाता हैं तो वह बेकार हो जाता हैं और बेकार हुआ अचल संपत्तियों के बैनामे का पंजीकरण शुल्क लगभग 4 माह बाद वापस आता हैं। यदि जनता जनार्दन अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक से अनुरोध करती हैं की किसी भी तरह से रजिस्ट्रार से 20 हजार से अधिक पंजीकरण शुल्क की रजिस्ट्री करवा देते थे, अब यह समस्या गंभीर है और दोबारा चल अचल सम्पत्ति के बैनामा ऑन लाइन करवाने पड़ते है। वहीं सब रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा बताया गया कि 20 हजार से अधिक धनराशि की रजिस्ट्ररी हेतु ऑन लाइन पंजीकरण शुरु कर दिया गया है।

# समस्याओं को लेकर भाकियू स्वराज ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने प्रदेश सचिव मुन्नालाल सक्सेना के नेतृत्व में जनसमस्याओं को लेकर तहसील कायमगंज में उपजिलाधिकारी को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि जनपद की सीमा पर बसे गांव धीमर नगला, केरई, रायपुर और बहबलपुर मिस्तनी से 8 किलोमीटर पश्चिम में गंगा नदी का बंधा अराजकतत्वों द्वारा काट दिया था। जिससे गंगा नदी का बहाव 60 प्रतिशत किसानों के खेतों में आ जाने से तहसील कायमगंज क्षेत्र के नदी किनारे बसे गांवों और फसलें पूरी तरह डूब चुकी हैं। घरों में पानी भर गया है। लोग पलायन कर रहे हैं। पशुओं के चारे का अभाव हो चुका है। किसाने की फसले पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। बाढ़ समाप्त होने के बाद इनका आकलन कर मुआवजा दिया जाए और जिन किसानों घर बाढ़ से गिर गए हैं। उनको घर गिरी का मुआवजा दिया जाए। गंगा नदी की बाढ़ रोकने के लिए बहबलपुर मिस्तनी से लेकर ढाईघाट शमसाबाद तक गंगा नदी के दक्षिणी किनारे पर बंधा बनवाया जाए। बदायूं के उत्तरी क्षेत्र गंगा नदी रामगंगा के दोआब क्षेत्र में अटैना घाट गंगा नदी पर बंधा बना है, इसी तरह गंगा नदी व यमुना नदी का दोआब क्षेत्र गंगा नदी के दक्षिणी क्षेत्र में बंधा बनवाया जाए। जिससे प्रति वर्ष किसानों की धान, मक्का, बाजार, सब्जी आदि फसलों को डूबने से बचाया जा सके। बाढ़ के पानी से बचाव के लिए गंगा नदी की ओर जाने वाली समस्त पुलियो को



ज्ञापन सौंपते किसान नेता

ऊंचा किया जाए। जिससे बाढ़ और बरसात के कारण आवागमन में परेशानी ना हो साथ ही स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चों की परेशानी दूर हो सके। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की अनदेखी से कस्बा कायमगंज सहित पूरे जनपद में मिलावटी व एक्सपायरी वस्तुएं बिक रही हैं। चाय, बिस्कुट, नमकीन, ब्रेड, दाल खाद्य तेल, वनस्पति घी, रिफाइंड, दूध, देसी घी, मक्खन, दही सब एक्सपायरी बिक रहे हैं। काली दाल काले रंग से रंगी मिल रही है। बोतल बंद सरसों तेल में क्रूड पंप ऑइल को सरसों का तेल बनाकर बेचा जाता है। वहीं आटा में सरकारी चावल पीसकर बेचा जा रहा है। लोगों की सेहत खराब हो रही है तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है। जनपद में यूरिया खाद की कालाबाजारी हो रही है। 266 की बोरी 300 रुपए में, साथ में 100 रूपए की जिंक अलग से देते हैं। जो सरासर गलत है।

किसानों ने 13 जून को एक मांगपत्र मुख्यमंत्री को भेजा गया था। जिसमें अधिशासी अभियंता ने झूठी रिपोर्ट लगाकर समस्या का निस्तारण कर दिया। जिसमें कहा गया कि क्षेत्र है इसलिए दक्षिणी क्षेत्र में बंधा नहीं बन सकता, जब गंगा नदी और रामगंगा के दोआब क्षेत्र के बदायूं अटैना घाट में उत्तरी क्षेत्र में बंधा बना है। यहां क्यों नहीं बन सकता, अधिशासी अभियंता के कृत्य की जांच कराकर दंडात्मक कार्यवाही की जाए और बंधा बनवाया जाए। राजकीय यूनानी चिकित्सालय झब्बूपुर में तैनात डाक्टर मरीजों को मर्ज के अनुसार दवाइयां नहीं देता मरीजों को दवा के लिए मना कर देता है की दवाई आएगी तब मिलेगी। वहीं डाक्टर तारिख की दवा की दुकान पृथ्वी दरवाजा कायमगंज में है, अधिकांश दवाइयां अपनी दुकान पर बेच लेता है और अन्य जनपदों के हकीमी को दबा बेच देता है। इसके कृत्य की भी जांच कराई जाए और आय से अधिक संपत्ति की जांच कराकर कार्रवाई की जाए और राजकीय यूनानी चिकित्सालय झब्बूपुर से तत्काल हटाया जाए। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सिकंदरपुर की महिला डॉक्टर मर्ज के अनुसार दवा नहीं देती। कस्बा कायमगंज में विद्युत आने जाने का कोई समय नहीं है, लाइनमैन नावेद 200 रुपए तार जोड़ने के लालच में विद्युत हर 10 मिनट में आती जाती है। एक्सईएएन जेई को कई बार शिकायत अंकित कराई। कार्रवाई कर लाइनमैन नावेद को हटाया जाए। गांव कुरार फीडर के अंतर्गत गांव गिलौंदा, गणेशपुर, कुरार, पिपराभोजी, महमदपुर आदि गांवो में बिजली नहीं आ रही है। एसडीओ, जेई, एसएसओ, समस्या के लिए कतई नहीं सुन रहे हैं, जबकि 15 अगस्त और जन्माष्टमी को रोस्टर के अनुसार पूरे समय बिजली मिलती रही। समस्या का निवारण किया जाए और संबंधित पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इस मौके पर मुन्नालाल सक्सेना, रामलाल गुप्ता, मंजेश यादव, प्रताप सिंह गंगवार, विपिन ठाकुर, विनीत कुमार, रामवीर जाटव, राजाराम शर्मा, बिंदु गंगवार, मानेंद्र कुमार सिंह, अर्जित सिंह, रक्षपाल, नन्हे सिंह, अनुज सक्सेना, सुखराम, चरन सिंह आदि मौजूद रहे।

## 15 साल से नेत्रहीन रामलखन को डॉ. महेन्द्र गुप्ता ने दी रोशनी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** 15 साल अंधेपन गुजारने वाले रामलखन को डॉ. महेंद्र गुप्ता ने रोशनी दी है। समाजसेवी कस्बा कायमगंज निवासी महिंद्रा आई हॉस्पिटल जटवारा रोड कायमगंज के डॉ. महेन्द्र गुप्ता ने थाना क्षेत्र शमशाबाद निवासी राम लखन पुत्र मुन्नालाल राजपूत की आंखों में 15 साल से खोई रोशनी को दुबारा वापस ला दिया है। जिससे रामलखन के परिजनों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परिजनों ने डॉ. महेन्द्र को दुआयें दी। अपनी चिकित्सा विशेषज्ञता निःस्वार्थ सच्ची समाज सेवा को समाज के वंचित असहाय एवं जरूरतमंद वर्ग की सेवा में समर्पित करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हो चुके है।



जानकारी देते रामलखन

# हाईटेंशन लाइन का तार स्कूल की छत पर गिरा, बड़ा हादसा होने से टला

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के क्रॉसिंग के पास गौसपुर रोड के पास बने इंटर कॉलेज में हाई टेंशन लाइन गिरने से बड़ा हादसा होने से बच गया। यह हादसा तब हुआ जब अध्यापक फील्ड में बैठ कर लगभग 37 बच्चों को पढ़ाई करवा रहे थे।

उसी समय अचानक 33000 केवीए का तार अचानक टूटकर इंटर कॉलेज की छत तथा मैदान जहां पर बच्चों की साइकिल तथा बच्चे पढ़ रहे थे उसे जगह पर गिरा। थोड़ी दूरी तार गिरने से बड़ा हादसा होने से टल गया। नहीं तो बहुत बड़ी अनहोनी हो सकती थी। हाई टेंशन लाइन गिरने से विद्यालय में अफरा तफरी का माहौल बन गया। हाई टेंशन लाइन का तार



विद्यालय पड़ी हाईटेंशन लाइन

गिरने से विद्यालय के कमरे में लगे रखे हुए सभी उपकरण धुआं देने लगे। विद्यालय की दीवाल जलकर काली पड़ गई।

धुंआ देखकर विद्यालय के प्रबंधक बाहर आए तो देखा कि हाई टेंशन लाइन का तार फील्ड तथा कमरे की दीवाल से टकरा गया है। जिसकी शिकायत विद्यालय प्रबंधक ने विद्युत विभाग के एसडीओ तथा जेई से की। जिसके बाद विद्युत कर्मचारियों को लाइन सही करने के लिए तुरंत वहां भेजा गया। वहीं विद्यालय के प्रबंधक मानसिंह ने बताया स्कूल से लाइन गुजरने पर मैंने कई बार आपत्ति लगाई, लेकिन मेरी कोई भी सुनवाई नहीं की गई। ऐसे में कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। उन्होंने विद्युत लाइन स्कूल के बाहर से निकालने की मांग की है।

# जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जलभराव से आजिज मोहल्ले के लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान कराये जाने की मांग की है।

दिये गये ज्ञापन में मोहल्ला हाजीगंज ग्राम पंचायत याकूतगंज, विकास खण्ड बढ़पुर, परगना भोजपुर, तहसील सदर, थाना कोतवाली फतेहगढ़ में सेन्ट्रल जेल याकूतगंज मार्ग के दक्षिण ओर स्थित मोहल्ला हाजीगंज जो बरगद बौराह याकूतगंज-दरियाबगंज मार्ग पर आवन्तीबाई चौराहे से कुन्दन नगला जाने वाली सड़क तक बसा हुआ है और इस मोहल्ले का सारा पानी असगर अली के मकान से लेकर मौहल्ला पपीतों तक



जलभराव से होकर गुजर रहे लोग

ट्रान्सफार्मर तक सड़क के दोनों ओर बने नाले नालियों से होकर जाता है तथा आगे याकूतगंज-कुन्दन नगला मार्ग से अवन्तीबाई चौराहे से याकूतगंज-दरियाबगंज मार्ग से होकर आगे चला जाता है। किन्तु इस समय उक्त नाले नालियों में भीषण गंदगी और जलभराव है। जिससे सड़क पर पानी भर गया है तथा कब्रिस्तान में भी पानी भरा हुआ है और जल भराव के कारण नालियों में बिजली का करेन्ट उतर जाता है तथा इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों में विद्यार्थी व किसान तथा मजदूरों के अलावा तमाम और लोगों का भी आना जाना बना रहता है किन्तु जलभराव और गंदगी के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संक्रामक रोग फैलने की आशंका है। विगत्त वर्ष गंदगी के कारण काफी लोगों के बीमार हो जाने के कारण महामारी फैल गयी थी। जिसमें काफी लोगों को अपनी जान गवाना पड़ी थी। कब्रिस्तान में व्यक्ति दफन नहीं हो पा रहे है जिन्हें अनयन्त्र दफन करना पड़ रहा है और कब्रिस्तान में कबरों में पानी भर जाने के कारण वह धंस गई हैं। उक्त मार्ग के दोनों ओर कुछ दबंग व्यक्तियों ने अनाधिकृत कब्जा करके नाले बन्द कर दिये है जिससे पानी आगे नहीं जा पा रहा है तथा ग्राम प्रधान द्वारा नालों की विधिवत सफाई नहीं करवाई जा रही है। उक्त सम्बन्ध में गत वर्ष से लगातार प्रार्थना पत्र दिये जा रहे है, किन्तु उक्त प्रार्थना पत्रों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है और न ही प्रधान द्वारा उचित कार्यवाही की जा रही है। ऐसी स्थिति में प्रभावित व्यक्तियों में असंतोष व्याप्त है और यह असंतोष किसी भी समय बड़ा रुप ले सकता है। उक्त परिस्थितियों को देखते हुए उक्त नालों और नालियों की सफाई के साथ-साथ दबंग लोगों द्वारा याकूतगंज कुंदन नगला मार्ग के दोनों ओर के नाले जो अबंतीबाई चौराहे तक जाकर दरियाबगंज-याकूतगंज मार्ग से मिल जाते हैं। जिसे जनहित में खुलवाया जाना आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में मो0 आरिफ, शमशाद हुसैन, मोहसिन, शाहिद अली, मुजीबुल, अशरफ, अबरार, नादिर हुसैन आदि के नाम शामिल हैं।

